3 राजधानी
नांगलोई फ्लाईओवर एक मई से रहेगा बंद

6 अभिमत
उल्लेखनीय सुधार जीएसटी में

10 विदेश
नेपाल के राष्ट्रपति को एम्स से छुट्टी मिली

12 स्पोर्ट्स
सात्विक-चिराग पुरुष युगल में एशियाई चैम्पियन बने

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 174
नई दिल्ली, सोमवार, 1 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मालदीव को गश्ती पोत सौंपेंगे राजनाथ सिंह

राष्ट्रीय-11

# आध्यात्मिक यात्रा बन गई मन की बात: मोदी

## 100वीं कड़ी के दौरान स्मृतियों में खो गए प्रधानमंत्री, कई मौकों पर भावुक भी हुए, कहा- आम लोगों से जुड़ने का सबसे बड़ा माध्यम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मन** की बात भारतीयों के मन की बात का कार्यक्रम बन गया है। यह देशवासियों की अच्छाइयों और उनकी सकारात्मकता का अनोखा पर्व बन गया है। यह बात आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी के प्रसारण के दौरान रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कही। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अब भारतीयों की भावनाओं की अभिव्यक्ति और आध्यात्मिक यात्रा बन गया है।

मोदी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम ने वर्ष 2014 में उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद महसूस किए गए खालीपन को भर दिया है और यह सुनिश्चित किया कि वह कभी भी लोगों से कटे नहीं रहें। मोदी ने कहा कि यह एक ऐसा पर्व है, जो हर महीने आता है और जिसका सभी इंतजार करते हैं। उन्हें यकीन नहीं होता कि वे इस कार्यक्रम के 100वें पड़ाव पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि हम इसमें सकारात्मकता और लोगों की भागीदारी का जश्न मनाते हैं। मन की बात जिस विषय से जुड़ा, लोगों ने उसे जन आंदोलन बना दिया। इस क्रम में प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान, आजादी का अमृत महोत्सव, खादी को लोकप्रिय बनाने और प्रकृति से जुड़े कार्यक्रमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की हर कड़ी अपने आप में खास रही और हर बार इसमें नए उदाहरणों की नवीनता देखने को मिली और हर बार देशवासियों की नई सफलताओं का इसमें विस्तार हुआ। मन की बात की 100वीं कड़ी प्रधानमंत्री के लिए पुरानी स्मृतियों में खो जाने के अवसर के रूप में आया और उन्हें याद करते हुए वह भावुक भी हुए। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके लिए यह महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विश्वास और आध्यात्मिक ( शेष पेज 9 )



अहमदाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 100वीं कड़ी को सुनते लोग

### उप्र के 300 से ज्यादा मदरसों में छात्रों ने सुना कार्यक्रम

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी को रविवार को उत्तर प्रदेश के 300 से अधिक मदरसों में सुना गया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने बताया कि हमने 100 मदरसों में मन की बात कार्यक्रम प्रसारित करने की योजना बनाई थी, लेकिन पूरे राज्य में 300 से अधिक मदरसों में इस कार्यक्रम को सुना गया। लखनऊ में ( शेष पेज 9 )

### मन की बात कार्यक्रम को यूनेस्को ने सराहा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की महानिदेशक औद्रे ऑजुले ने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के भारतीय तरीके के बारे में जानना चाहा। ऑजुले ने कहा कि 50 से अधिक भाषाओं और बोलियों के करोड़ों श्रोताओं के साथ यह निश्चित ( शेष पेज 9 )

### संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया भर में लाइव प्रसारण

**एजेंसी।** नई दिल्ली/न्यूयॉर्क

**संयुक्त** राष्ट्र मुख्यालय के साथ-साथ चीन, रूस, ब्रिटेन, अमेरिका समेत दुनियाभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी का सजीव प्रसारण किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि व राजदूत रुचिरा कम्बोज ने ट्वीट कर कहा कि मन की बात कार्यक्रम न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के ट्रस्टशिप काउंसिल में प्रसारित हो रहा है।

मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम की 100वीं कड़ी का प्रसारण न्यूयॉर्क के स्थानीय समयानुसार शनिवार रात डेढ़ बजे शुरू हुआ। भारत के स्थाई मिशन ने कहा कि यह कार्यक्रम मासिक राष्ट्रीय परंपरा बन गया है, जो लाखों लोगों को भारत की विकास यात्रा में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है। ब्रिटेन, चीन, दक्षिण अफ्रीका, चिली, मोरक्को, ( शेष पेज 9 )

### कांग्रेस का तंज, आमजन से जुड़े मुद्दों पर मौन की बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मासिक** रेडियो कार्यक्रम मन की बात को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस ने कहा कि इसकी 100वीं कड़ी को लेकर काफी हो-हल्ला है, लेकिन चीन, अडाणी, बढ़ती आर्थिक असमानता और पहलवानों के प्रदर्शन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर यह मौन की बात है। प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी का रविवार को प्रसारण हुआ। कार्यक्रम का प्रसारण शुरू होने से ठीक पहले कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया कि आज फेंकूमास्टर स्पेशल है। मन ( शेष पेज 9 )

## प्रभावशाली नेतृत्व का शानदार उदाहरण मन की बातः भाजपा



मुंबई में मन की बात की 100वीं कड़ी सुनते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- अमित शाह, जेपी नड्डा, जयशंकर, राजनाथ, अनुराग ठाकुर, योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के शीर्ष नेताओं ने कार्यक्रम को प्रेरक बताया
- दुनियाभर में चार लाख स्थानों पर की गई थी कार्यक्रम की 100वीं कड़ी के प्रसारण की व्यवस्था

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें ऐपिसोड को केंद्रीय मंत्रियों सहित भाजपा नेताओं ने रविवार को देश और विदेश के विभिन्न स्थानों पर सुना। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम को भाजपा ने जनता से जुड़ने की प्रधानमंत्री की एक प्रेरणादायक पहल बताया।

पार्टी ने कार्यक्रम सुनने के लिए देश व दुनिया भर में करीब चार लाख स्थानों पर प्रसारण की व्यवस्था की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंबई में भाजपा सदस्यों और अन्य लोगों के साथ कार्यक्रम को सुना। शाह ने कहा कि मन की बात के माध्यम से मोदी ऐसे संदेश देते हैं जो देश के कोने-कोने में जाते हैं और इससे लोगों और सरकार के बीच सेतु का निर्माण होता है। इस कार्यक्रम ने प्रभावशाली नेतृत्व के कई शानदार उदाहरण पेश किए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका में न्यू जर्सी के समरसेट में भारतीय समुदाय के सदस्यों के ( शेष पेज 9 )

## कांग्रेस का नाता 85 प्रतिशत कमीशन से रहा है: प्रधानमंत्री

**भाषा।** कोलार/चन्नापटना/बेलूरु

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए रविवार को कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी का नाता 85 प्रतिशत कमीशन से रहा है और हजारों करोड़ों रुपए के घोटाले के सिलसिले में शाही परिवार जमानत पर है। दक्षिण कर्नाटक के ओल्ड मैसुरु में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए मोदी ने विपक्षी दल जनता दल (सेक्युलर) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्हें अस्थिरता का प्रतीक करार दिया।

इस क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पकड़ कमजोर मानी जाती है और पार्टी बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखने के लक्ष्य को लेकर वोक्कालिगा बहुल क्षेत्र में और अधिक सीट जीतना चाहती है। मोदी ने आरोप लगाया, इस पार्टी (कांग्रेस) का मुख्य लक्ष्य दिल्ली में बैठे एक परिवार की सेवा करना है, और जद(एस) एक परिवार की पूरी तरह से एक प्राइवेट लिमिटेड पार्टी है। कोलार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा उन्हें जहरीला सांप कहे जाने को लेकर उन पर कड़ा ( शेष पेज 9 )



### कर्नाटक में राजनीतिक अस्थिरता के लिए परिवारवादी कांग्रेस और जद(एस) जिम्मेदार

**चन्नापटना (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) के प्रति रविवार को लोगों को आगाह करते हुए आरोप लगाया कि दोनों परिवारवादी दल कर्नाटक में राजनीतिक अस्थिरता के लिए जिम्मेदार हैं और वे भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि दोनों दलों ने कर्नाटक को एटीएम समझा और अस्थिरता में अवसर देखा। उन्होंने जद(एस) के गढ़ रामनगर ( शेष पेज 9 )

## खिलाड़ियों को मिली सुरक्षा बृजभूषण ने जड़े कई आरोप

- कुश्ती महासंघ अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा व पहलवान बजरंग पूनिया पर साजिश रचने की कही बात



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जंतर-मंतर** पर पिछले कई दिनों से चल रहे पहलवानों के धरने को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि इसके पीछे केवल एक परिवार है।

एफआईआर दर्ज होने के बाद महासंघ के प्रमुख ने कांग्रेस नेता दीपेंदर हुड्डा और पहलवान बजरंग पूनिया पर साजिश रचने का भी आरोप लगाया। दूसरी ओर, पहलवानों ने इन आरोपों को खारिज किया कि वे भारतीय कुश्ती महासंघ पर कब्जा करना चाहते हैं। वहीं दिल्ली पुलिस पहलवानों और शिकायतकर्ताओं को सुरक्षा मुहैया करा दी है। शीघ्र ही इनके बयान दर्ज किए जाएंगे।

महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल पहलवानों को पट्टी पढ़ा रहा है। उन्होंने यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की प्रदर्शन से खुद को अलग रखने के लिए तारीफ करते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष सच के साथ हैं। दिल्ली पुलिस ने भाजपा सांसद सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की है जिनमें से एक पोस्को कानून के ( शेष पेज 9 )

## पंजाब के लुधियाना में जहरीली गैस के रिसाव से 11 लोगों की मौत: पुलिस

**भाषा।** लुधियाना (पंजाब)

**पंजाब** में लुधियाना जिले के घनी आबादी वाले ग्यासपुरा इलाके में रविवार को कथित तौर पर जहरीली गैस के रिसाव के कारण तीन बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य बीमार पड़ गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। हवा में उच्च स्तर के हाइड्रोजन सल्फाइड का पता चला है और अधिकारियों को संदेह है कि यह एक सीवर से निकल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि चार बीमार लोगों को अस्पताल ले जाया गया है।

उन्होंने बताया कि घटना के बाद इलाके को सील कर दिया गया, निवासियों को बाहर निकाल लिया गया और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंच गई। उन्होंने बताया कि घटना की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दे दिए गए हैं, जबकि लुधियाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जिला प्रशासन द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, एनडीआरएफ टीम द्वारा उपयोग किए गए वायु गुणवत्ता सेंसर में हाइड्रोजन सल्फाइड गैस के उच्च स्तर का पता चला है और इस गैस के कारण यह घटना हो सकती है।

अधिकारियों ने कहा कि उन्हें ऐसी आशंका है कि क्षेत्र में सीवरेज में कुछ रसायन डाले जाने के बाद जहरीली गैस का रिसाव हुआ।ग्यासपुरा घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां प्रवासी अच्छी खासी संख्या में रहते हैं। कई औद्योगिक और आवासीय भवन यहां स्थित हैं। सभी पीड़ित उत्तर प्रदेश और बिहार के रहने वाले हैं और लुधियाना में रह रहे थे।अधिकारियों ने बताया कि घटना का पता रविवार सुबह तब चला, जब एक स्थानीय किराना दुकान पर दूध लेने आए कुछ लोग बेहोश होने लगे।

उन्होंने बताया कि मरने वालों में दुकान के मालिक के परिवार के तीन सदस्य और एक अन्य परिवार के पांच सदस्य हैं। पुलिस ने कहा कि मृतकों में पांच महिलाएं और छह पुरुष शामिल हैं। जिला प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को ( शेष पेज 9 )



गैस रिसाव के पीड़ितों को एम्बुलेंस से लेकर जाते बचावकर्मी

## क्विक न्यूज

### अवैध हथियार निर्माण कारखानों का भंडाफोड़

**हापुड़, बुलंदशहर।** पुलिस ने उप्र के हापुड़ और बुलंदशहर जिलों में अवैध हथियार निर्माण कारखानो का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, रविवार को हापुड़ में दो जबकि शनिवार को बुलंदशहर में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। हापुड़ जिले में पुलिस ने शाकिब और इकबाल नामक व्यक्तियों को अवैध रूप से हथियार बनाने की एक फैक्ट्री से गिरफ्तार किया। यह फैक्ट्री परतापुर और अतरौली गांवों के बीच जंगल में बनाई गई थी। शाकिब के खिलाफ हापुड़ और गाजियाबाद में पहले से ही चोरी, शस्त्र अधिनियम और गैंगस्टर अधिनियम से जुड़े करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ पिलखुवा थाने में मामला दर्ज किया है। शाकिब गाजियाबाद का जबकि इकबाल उर्फ भट्टी बागपत का निवासी है। इस बीच, बुलंदशहर में पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए सुनील नामक व्यक्ति को अलीपुर गांव से गिरफ्तार किया। सुनील के खिलाफ बुलंदशहर के अलग-अलग थानों में 17 मामले दर्ज हैं।

## दिल्ली-उप्र में बारिश से मौसम सुहाना, 5 दिन लू नहीं चलेंगी

- अगले दो दिन उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में हल्की बारिश व ओले पड़ने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अगले दो दिन बारिश का दौर चलेगा। कहीं-कहीं तेज हवा के साथ ओले भी पड़ सकते हैं। मौसम विभाग ने देश के ज्यादातर हिस्सों में पांच मई तक आंधी, बारिश और ओले पड़ने का पूर्वानुमान जताया है।

इससे पूरे उत्तर भारत में अगले चार-पांच दिन लू नहीं चलेंगी। राजधानी दिल्ली में शनिवार और रविवार को हल्की बारिश हुई, जिसके परिणामस्वरूप अधिकतम तापमान सामान्य से 10 डिग्री कम 28.7 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। आईएमडी की सफदरजंग वेधशाला में 0.3 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि पालम और लोधी रोड में सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 ( शेष पेज 9 )



गुरुग्राम में बरसात के बीच यातायात नियंत्रित करता पुलिसकर्मी

### अप्रैल में 2017 के बाद से सबसे अधिक वर्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पिछले साल के मुकाबले इस साल अप्रैल में गर्मी का प्रकोप बहुत कम रहा। एक के बाद एक लगातार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण अधिक बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल में राजधानी का औसत अधिकतम तापमान 35-32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले ( शेष पेज 9 )

## उत्तर प्रदेश के किलों-महलों में भी रचा सकेंगे शादी

- राजस्थान की बात पुरानी देसी-विदेशी पर्यटक अब देखेंगे उत्तर प्रदेश के रंग

**भाषा।** लखनऊ

**राजस्थान** के महलों में देशी-विदेशी जोड़ों की शादियों (डेस्टिनेशन वेडिंग) से होने वाली भारी आय को देखते हुए अब उत्तर प्रदेश सरकार भी राज्य के प्रसिद्ध किलों, महलों और ऐतिहासिक स्थलों को वैवाहिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर कमाई करने की तैयारियों में जुट गई है। उत्तर प्रदेश को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के तहत नई पर्यटन नीति-2022 में इस तरह की पहल की गई है और बहुत जल्द मंत्रिमंडल की बैठक में भी इस संबंध में प्रस्ताव लाए जाने की उम्मीद है।

उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव (पर्यटन एवं संस्कृति) मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा, उत्तर प्रदेश में राजसी ठाठ-बाट और सांस्कृतिक विरासत के जरिए शादी को यादगार बनाने वाले बहुत ही आकर्षक स्थल मौजूद हैं।

आगरा का ताजमहल जहां प्यार का प्रतीक है, वहीं मथुरा-वृंदावन को आध्यात्मिक प्रेम की नगरी माना जाता है। उन्होंने कहा, चुनार किले से लेकर बाजीराव-मस्तानी के अगाध प्रेम से जुड़ा महोबा का मस्तानी महल और बुंदेलखंड के विभिन्न किले भी लोकप्रिय डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में उभर सकते हैं। हम इन महलों और किलों को वैवाहिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने जा रहे हैं, ताकि लोग प्रेम की अटूट गाथा के गवाह स्थलों पर वैवाहिक बंधन में बंध सकें। एक अधिकारी ने बताया, राजस्थान में नवंबर 2022 से मार्च 2023 के बीच लगभग 40 हजार डेस्टिनेशन वेडिंग हुईं। प्रदेश में एक सत्र में इस तरह की शादियों से औसतन 2,500 करोड़ रुपए का कारोबार होता था, जो कोविड-19 महामारी के कारण प्रभावित हुआ था। हालांकि, अब यह धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। पर्यटन विभाग का आकलन है कि बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए आगरा और वाराणसी आते रहे हैं, लेकिन कोविड-19 की दस्तक के बाद से प्रदेश में विदेशी पर्यटकों की आमद कम हो गई है और डेस्टिनेशन वेडिंग का आकर्षण भी घटा है।

प्रमुख सचिव ने बताया, अब स्थिति सामान्य हो रही है। ऐसे में विभाग ने राज्य में 100 स्थानों को वैवाहिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित किया है। हालांकि, अगले साल तक मुख्य रूप से मिर्जापुर के चुनार किला, लखनऊकी छत्तर मंजिल, बरसाना के जल महल और झांसी के बरुआ सागर समेत 10 ऐतिहासिक-पौराणिक स्थलों पर डेस्टिनेशन वेडिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मेश्राम ने कहा, हम मंत्रिमंडल के समक्ष यह प्रस्ताव पेश करने के लिए तैयार हैं। पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) आधारित इस प्रस्ताव के तहत, उपेक्षा के कारण खंडहर में तब्दील हो रहे किलों, महलों और धरोहरों की ( शेष पेज 9 )



लखनऊ की छत्तर मंजिल का फाइल चित्र। इसका अब विवाह समारोह के लिए भी उपयोग होगा

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 1 मई, 2023



# नोएडा में लगेंगे 3.50 लाख स्मार्ट मीटर

## जीपीएस सिस्टम की तरह काम करेगा काम, हर मीटर पर होगा कोड

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



बदलते दौर में एक ओर जहां फोन से लेकर कंप्यूटर और टीवी स्मार्ट हो गए हैं वहीं अब बिजली के इस्तेमाल का ब्योरा रखने वाले मीटर को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है, जिससे बिजली कि चोरी और गलत बिल की समस्या को रोका जा सके।

इसी के तहत अब नोएडा में बिजली उपभोक्ताओं के मई से स्मार्ट प्री-पेड और पोस्ट पेड मीटर लगने शुरू होंगे। इसके लिए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने कंपनी का चयन करके टेंडर भी जारी कर दिया है।

पहले चरण में उपभोक्ताओं के मीटर लगाए जाएंगे। विद्युत निगम ने जिले में साढ़े तीन लाख उपभोक्ताओं के स्मार्ट प्री-पेड और पोस्ट पेड मीटर लगाने का निर्णय लिया है। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, मई के पहले सप्ताह से शहर के अनेकों सेक्टरों में स्मार्ट मीटर लगना शुरू हो जाएगा।

उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार स्मार्ट प्री-पेड और पोस्ट पेड मीटर लगा सकेंगे। स्मार्ट बिजली मीटर लग जाने के बाद रिचार्ज करवाना होगा। रिचार्ज खत्म होने के बाद बिजली का कनेक्शन अपने आप कट जाएगा। दोबारा रिचार्ज करवाने के बाद कनेक्शन फिर से चालू कर दिया जाएगा। इस तरह यह प्रिपेड और पोस्टपेड दोनों तरह का होगा। जो ग्राहक जैसा चाहेगा उसे वैसा मीटर लगाकर दिया जाएगा। स्मार्ट मीटर ट्रैकिंग डिवाइस युक्त होगा। यह जीपीएस ग्लोबल नेविगेशन सिस्टम की तरह काम करेगा। हर मीटर का एक कोड होगा। इससे अधिकारी जब चाहें अपने कंप्यूटर या मोबाइल पर उपभोक्ता के मीटर की रीडिंग देख सकेंगे। जिससे बिजली चोरी या मीटर में छेड़छाड़ करके बिल छिपाने जैसी परेशानियां खत्म हो जाएगी।

साथ ही इसका फायदा बिजली नियम को होगा। साथ ही उपभोक्ताओं को भी होगा क्योंकि उन्हे गलत रीडिंग करके बिल नहीं भेजा जाएगा। ट्रैकिंग डिवाइस के कोड के साथ उपभोक्ता के मोबाइल और ई-मेल को निगम पंजीकृत कर देगा। स्मार्ट पोस्ट पेड मीटर से उपभोक्ताओं को सही बिल और समय पर बिल मिल सकेगा। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं के बिल की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।



आगामी नगर निगम चुनाव में सुरक्षा को लेकर फ्लैग मार्च निकालती गाजियाबाद पुलिस और साथ में अर्धसैनिक बल।

# निर्माणाधीन मकान की खुदाई के दौरान मिट्टी के नीचे दबे पिता-पुत्र, पांच वर्षीय मासूम की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



थोड़ी देर पहले नोएडा में एक बड़ा हादसा हुआ है। नोएडा के फेस-3 थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निर्माणाधीन मकान में खुदाई के दौरान पिता और पुत्र दब गए। इस घटना में 5 साल के मासूम की मौत हो गई है।

पिता की हालत सामान्य है। इस घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय पुलिस टीम भी मौके पर है। एक महिला और उसका पुत्र निर्माणाधीन मकान में मजदूरी का काम कर रहे थे। उनका 5 साल का बेटा भी मौके पर था। सब कुछ सामान्य चल रहा था, लेकिन अचानक हंसी-खुशी मातम में बदल गई। पुलिस ने बताया कि रविवार को थाना फेस-3 क्षेत्रांतर्गत एफएनजी विहार सेक्टर-121 में एक निर्माणाधीन मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। तभी निर्माणाधीन मकान की नींव खोदते समय नीचे की मिट्टी धंस गई। जिसमें 5 वर्षीय शहजाद और उसका पिता शाहरूख दब गया।

दोनों को किसी तरीके से बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने 5 वर्षीय शहजाद को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक बच्चे के माता-पिता निर्माणाधीन मकान में मजदूरी का कार्य कर रहे थे। एक अन्य व्यक्ति (मजदूर) सनी उम्र 25 वर्ष भी मामूली रूप से घायल हुआ है। जिसको प्राथमिक उपचार दिलाया जा रहा है। शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जिला बदर आप पार्षद प्रत्याशी पकड़ा गया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में जिला बदर अपराधी मुस्तकीम चौधरी आम आदमी पार्टी से वार्ड-63 से पार्षद का चुनाव लड़ रहा था।

इस बात का खुलासा तब हुआ, जब उसके कुछ वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुए। हरकत में आई पुलिस ने शनिवार रात में प्रत्याशी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एक हफ्ते पहले ही जिला बदर घोषित हुआ था, जिसके तहत उसको 6 महीने तक जिले की सीमा में नहीं दिखना चाहिए था। इस कानून को तोड़ने के आरोप में उसकी गिरफ्तारी हुई है।

भास्कर वर्मा ने बतायाप्रत्याशी द्वारा आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन करने के संबंध में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ।

# जी-20 से पहले बदलेगा ब्रह्मपुत्र मार्केट का लुक, प्लान तैयार

● नोएडा प्राधिकरण बाजार के फुटपाथ पर नए सिरे से पत्थर लगवाएगा, साथ ही नई बेंच और फव्वारे भी लगेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सेक्टर.29 स्थित ब्रह्मपुत्र मार्केट अब बदला हुआ नजर आएगा। नोएडा अथॉरिटी इस बाजार को शहर के अन्य मार्केट के लिए मॉडल बनाने जा रही है। दुकानों के बाहर की खुली जगह और फुटपाथ को नए सिरे से पत्थर से बनवाया जाएगा।

साथ ही नई बेंच लगाई जाएंगी और फव्वारे भी लगेंगे। अथॉरिटी ने इसकी डिटेल प्रॉजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर तैयार करा ली है। जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। जी-20 सम्मेलन से पहले इस बाजार को संवारने की तैयारी है।

अब इस आयोजन को लेकर नोएडा में भी करोड़ों रुपए खर्च कर सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण की तरफ से पूरे प्लान को तैयार कर लिया गया है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि बताया कि जी.20 से पहले कई काम कराए जाने हैं। इसमें ब्रह्मपुत्र मार्केट का भी चयन हुआ है।

यह मार्केट एक ही रंग में नजर आएगा। साथ ही एक ही रंग और आकार के बोर्ड हर एक दुकान के बाहर होंगे। हर दुकानदार को एक ही बोर्ड लगाने की अनुमति होगी। इसके अलावा पूरा मार्केट प्लास्टिक फ्री बनाया जाएगा।

वर्क सर्कल ने बाजार में होने वाले काम की डीपीआर तैयार कर ली है। गौरतलब है कि यह शहर का पहला मार्केट है, जो अतिक्रमण मुक्त है। सीईओ के निर्देश पर वर्क सर्कल-2 ने लगातार अभियान चलाकर यहां ओपन एरिया में लगने वाली दुकानों का जमावड़ा खत्म किया है। एसीईओ ने बताया कि डीएनडी पर एंट्री गेट भी बनवाया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर-14ए नोएडा एंट्री गेट का भी रेनोवेशन जल्द ही शुरू होगा।

## संक्षिप्त समाचार



सोसाइटी के बाहर प्रदर्शन करते फ्लैट मालिक।

### रजिस्ट्री और कब्जे की मांग को लेकर प्रदर्शन

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में घर खरीदारों का रविवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। 22 हफ्ते से हर रविवार घर ख़रीदार लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। बारिश, कड़ाके की ठंड, चिलचिलाती धूप में भी बड़ी संख्या में घर ख़रीदार जुटकर सरकार से पूछ रहे हैं क्या हुआ तेरा वादा, जनप्रतिनिधियों के अब तक इन मुद्दों पर सामने नहीं आने से घर ख़रीदार बेहद नाराज़ दिखे। आधा दर्जन से ज्यादा सोसाइटी में बायर्स ने प्रदर्शन किया। रविवार को सुपरटेक इको विलेज 1,2,3, अजनारा होम्स, कासा ग्रीन्स वन, आर सिटी रेजेंसी पार्क, अपैक्स गोल्फ एवेन्यू, एलिगेंट विले, श्री राधा एक्वा गार्डेन, देविका गोल्ड होम्स, रक्षा अडेला, ला रेजड़ेंशिया, संस्कृति, सुपरटेक केपटाउन, मैस्कॉट मनोरथ सहित कई सोसायटियों के निवासियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

### दर्जा बना अफीम तस्कर, क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

**गाजियाबाद।** नेपाल बॉर्डर से अफीम लाकर दिल्ली, एनसीआर और आसपास के जिलों में सप्लाई करने वाले गिरोह के अंतर्राज्यीय शातिर तस्कर को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से क्राइम ब्रांच की टीम ने 20 लाख रुपए कीमत का 1 किलो अफीम और 3 हजार रुपए नेपाली नोट बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी नेपाल बॉर्डर से अफीम लाकर दिल्ली, गाजियाबाद, हरियाणा और सहारनपुर समेत पूरे वेस्ट यूपी में सप्लाई करता था। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी की टीम ने नंदग्राम कट के पास से नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही 1 किलोग्राम अफीम और 3 हजार रुपए विदेशी मुद्रा सहित अंतर्राज्यीय तस्कर आशिक उर्फरामरहीम पुत्र शेख मुताब निवासी कस्बा सुगौली जिला ईस्ट चम्पारण बिहार को गिरफ्तार किया है।

### कंपनी के ऑफिस में घुसकर युवक को पीटा

**नोएडा।** नोएडा में एक कम्पनी में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। जहां एक युवक ने कम्पनी के अंदर घुसकर एक कर्मचारी को जमकर पीटा। इस दौरान उस कर्मचारी पर जमकर लात और घूंसे बरसाए गए। आरोपी के द्वारा की गई मारपीट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक कम्पनी में जमकर मारपीट हुई। कंपनी में नौकरी कर चुके एक कर्मचारी के द्वारा ही यह मारपीट की घटना की गई। कंपनी में काम कर चुका सोनू शर्मा अचानक ऑफिस आ गया। ऑफिस में सभी लोग अपना अपना काम कर रहे थे और इस दौरान ऑफिस में मौजूद कार्तिक दास भी अपनी सीट पर बैठकर अपने कार्य में लगा हुआ था। तभी अचानक सोनू पहुंचता है और बिना कुछ कहे वह कार्तिक दास के ऊपर हमला कर देता है।

### ग्रेनो प्राधिकरण के अधिकारियों ने किया सेक्टर का दौरा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा सेक्टर बीटा वन का दौरा किया गया। इस दौरान सेक्टर के पदाधिकारी और सेक्टर वासियों ने सेक्टर की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। जिन पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों ने जल्द कार्रवाई की बात की। इस दौरान एक ठेकेदार पर एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया। दरसअल सेक्टर बीटा वन में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के रजनीकांत पांडे, स्वास्थ्य विभाग के मैनेजर बिजेंद्र कुशवाहा, उधान विभाग के सीनियर मैनेजर कपिल सिंह, सहायक प्रबंधक मनोज चौधरी के द्वारा सेक्टर बीटा वन के सभी ब्लॉकों का निरीक्षण किया गया।

# ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी पर किसानों का प्रदर्शन

● किसान सभा के नेतृत्व में सैकड़ों स्कूली बच्चों ने लिया हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा के किसान अपनी मांगो को लेकर धरने पर बैठे हुए है। किसान सभा के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने रविवार को प्रदर्शन में हिस्सा लिया है। किसानों के समर्थन में सैकड़ों स्कूली बच्चे स्कूल की ड्रेस में जबरदस्त नारेबाजी करते दिखे हैं।

किसान एकता जिंदाबाद इंकलाब जिंदाबाद प्राधिकरण होश में आओ 10 प्रतिशत प्लाट लेकर रहेंगे जैसे गुंजायमान नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया है। बच्ची गुनगुन यादव ने उपस्थित सभी बच्चों और किसानों को संबोधित करते हुए किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर बोलते हुए कहा अन्याय का विरोध करना सच्ची देशभक्ति है। किसान देश का अन्नदाता है किसानों की जमीन पर ही शहर बसा है। ऐसे में किसानों की सारी जमीन कौड़ियों के भाव लेकर अमीरों का आवंटित कर दिया गया। परंतु उनके 10 प्रतिशत आबादी प्लाट दिए जाने से इनकार करना प्राधिकरण की किसान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। वहीं बच्ची वंदना नागर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें संगठित रहते हुए संघर्ष करना है। बाबा साहब ने कहा है शिक्षित बनो संगठित बनो संघर्ष करो हम बच्चे आप सब के साथ हैं।

किसान सभा के प्रवक्ता डॉ रुपेश वर्मा ने बताया कि 25 अप्रैल से किसानों का आंदोलन महापड़ाव के रूप में अनिश्चितकालीन के लिए शुरू हुआ है। धरने में बड़ी संख्या में किसान शामिल हो रहे हैं। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा हमारी प्रचार टीम है ग्रेटर नोएडा वेस्ट ग्रेटर, नोएडा ईस्ट में गांवों में सघन प्रचार अभियान चला रही हैं। पर्चे बांटकर होर्डिंग लगाकर प्रचार गाड़ी चला कर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। किसान सभा के सचिव विजेंद्र नागर ने कहा कि ज्यादातर किसान संगठन 2 मई के आंदोलन में बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# मसूरी में खाई में गिरे गाजियाबाद के दो छात्र, गंभीर रूप से घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के दो छात्र शनिवार देर रात मसूरी में करीब 120 मीटर गहरी खाई में गिर गए।पुलिस टीम ने दोनों छात्रों को सकुशल खाई से निकाल लिया। वे घायल हैं। उन्हें नजदीकि अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

देहरादून के जिला नियंत्रण कक्ष ने शनिवार रात को फोन करके बताया कि मसूरी-हाथीपांव मार्ग पर लंबी धार माइंस के पास दो युवक खाई में गिरे हुए है, जिनके रेस्क्यू के लिए टीम की आवश्यकता है। इस सूचना पर सहस्त्रधारा से टीम हेड कांस्टेबल मनोज जोशी नेतृत्व में घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

टीम रात्रि के अंधेरे में कड़ी मशक्कत करते हुए रोप की सहायता से घायल युवकों तक पहुंची और फिर दोनों घायलों को रोप स्ट्रैचर द्वारा खाई से बाहर निकालकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया। इसके बाद 108 एंबुलेंस के जरिये दोनों को अस्पताल भेजा गया। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि दोनों युवक सड़क किनारे चल रहे थे। अंधेरे में पैर फिसलने से वे करीब 120 मीटर गहरी खाई में गिर गए थे।

# गाजियाबाद में दो मंत्रियों ने सुनी मन की बात

● प्रधानमंत्री से सीधे जुड़ रहे लोग, जनआंदोलन बना कार्यक्रमः वीके सिंह

पायनिय समाचार सेवा। गाजियाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुचर्चित मन की बात प्रोग्राम का सजीव प्रसारण यशोदा हॉस्पिटल, कौशांबी में प्रसारित किया गया, जिसमें गाजियाबाद के 400 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में दो केन्द्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह एवं हरदीप सिंह पुरी मौजूद रहे।

केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि मन की बात के माध्यम से सोशल मेसेजिंग के जरिए आज स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अनेक कार्यक्रमों को जीवंत स्वरूप मिला है और वह एक आंदोलन बन गए हैं. आज के कार्यक्रम में UNESCO Director General ने मोदी से सवाल पूछा कि आप इतने बड़े देश में संस्कृति एवं जनता की देश को आगे बढ़ाने की सोच पैदा करने की बात कैसे करते हैं, इस पर हरदीप सिंह पुरी ने कहा, वह बता दे कि यह वही जरिया है जिसे मन की बात कार्यक्रम के तहत मोदी जी जनता से रुबरु होते हैं। जनरल वी के सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के लोग सीधे-सीधे प्रधानमंत्री से जुड़े हुए हैं और यह देश को सीधे आगे ले जाने का एक जन आंदोलन बन गया है।

कार्यक्रम का आयोजन यशोदा सुपर स्पेशल्टी हॉस्पिटल, कौशांबी के सी एमडी डॉ पी.एन अरोड़ा एवं डायरेक्टर डॉ उपासना अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में यशोदा हॉस्पिटल के डॉक्टरों एं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री का मन की बात का यह सौंवा कार्यक्रम था। उनकी बात जन-जन तक पहुंचाने के लिए देश भर में कार्यक्रम हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें मन की बात कार्यक्रम का संजीव प्रसारण सुनते केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और वीके सिंह।

# बंद कंपनियों में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा

● पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा की थाना फेस वन पुलिस ने रात्रि में बंद पड़ी कंपनी से चोरी करने वाले चार चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन चोरों के कब्जे से चोरी का लोहे का सामान 17400 रुपए की नगदी, 2 अवैध चाकू और एक गाड़ी बरामद की है।

औद्योगिक क्षेत्र में रात में बंद पड़ी कंपनियों से लगातार चोरी की वारदातें हो रही थीं। एक गिरोह सक्रिय था जो एनसीआर की कंपनियों को अपना निशाना बना रहा था। फेस वन पुलिस इस गिरोह की तलाश में जुट गई और बीट पुलिसिंग के माध्यम से लोकल इंटेलीजेंस से जानकारी लेते हुए मैनुअल इंटेलीजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने इस गिरोह के चार चोरों को सेक्टर 8 से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन दौरान बीरन, सद्दाम, हिमांशु और दिपांशु को गिरफ्तार किया। इन लोगों के कब्जे से पुलिस चोरी किए गए 46 किलोग्राम लोहे के पेंच, एक लोहे की प्लेट, 17400 रुपए नगद, 02 अवैध चाकू, घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन वीवो कम्पनी और एक गाड़ी बरामद की है।

थाना सेक्टर फेस वन प्रभारी ने बताया कि यह लोग शातिर किस्म के अपराधी हैं। आरोपी बीरन और सद्दाम उर्फबबलू रात में कम्पनियों से लोहे का सामान और अन्य सामान चोरी करते थे। उसके बाद हिमांशु उर्फ रोहित और दीपांशु उर्फ मोहित की सेक्टर-10 में स्थित कबाड़ी की दुकान पर उस चोरी के सामान को बेंच दिया करते थे। फिलहाल पुलिस इनकी आपराधिक इतिहास के बारे में और जानकारी जुटा रही है।

# बाबा भीमराव अंबेडकर के सपनों को मोदी-योगी ने किया साकार

● जेवर में लोगों ने यूपी कैबिनेट मंत्री के साथ मन की बात सुनी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर की जेवर विधानसभा से विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें मन की बात में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कैबिनेट मिनिस्टर बेबी रानी मौर्य ने भी हिस्सा लिया है।

इस मौके पर बुलंदशहर की विधानसभा शिकारपुर से विधायक रहे मुंशीलाल गौतम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया है। भारतीय जनता पार्टी गौतमबुद्ध नगर के पूर्व उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। धीरेंद्र सिंह ने जनता को संबोधित करते हुए कहा बाबा भीमराव अंबेडकर ने समाज के दबे कुचले लोगों की उन्नति के लिए जो सपना देखा था, वह सपना भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साकार कर रहे हैं।

धीरेंद्र सिंह ने कहा, सामाजिक और जातीय व्यवस्था में जकड़े हुए हिंदुस्तान को सामाजिक क्रांति के प्रणेता बाबा भीमराव अंबेडकर ने दिशा देते हुए ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां जातीय और सामाजिक बंधन देश की तरक्की में बाधक न बनें, कमजोर वर्गों का कल्याण हो।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# निगम स्कूलों की भी करेंगे कायापलट : सीएम

## शिक्षक- अभिभावकों के बीच संवाद, ढाई हजार से ज्यादा स्कूलों में आयोजित हुई मेगा पीटीएम

● स्कूल को गुब्बारों, फूलों और रंगोली से सजाया गया

संजय राय। नई दिल्ली

देखो मेरे स्कूल का लान कितना सुंदर है, कितनी हरी घास है। ये मेरी कक्षा है और उधर बोर्ड में लगी पेंटिंग मैंने बनाई है। यहां देखों, ये वाटर कूलर है, कितनी सुंदर रंगोली है। ये नजारा सरकारी और दिल्ली नगर निगम स्कूलों में रविवार को आयोजित हुई मेगा पीटीएम का था।

जहां बच्चे अपने माता-पिता का हाथ पकड़कर बादलों से घिरे रविवार की अलसाई सुबह अपने स्कूलों को मेगा पीटीएम के दिन शिक्षकों से मिलने पहुंचे थे और अपने स्कूल का गाइड बनकर अभिभावकों को स्कूल के नजारे भी दिखा रहे थे। पीछे-पीछे बच्चों का हाथ पकड़कर चल रहे अभिभावक मुस्कुरा रहे थे। सरकारी स्कूलों में तीसरी से आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए आयोजित मेगा पीटीएम किसी उत्सव से कम नहीं लग रही थी।

प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने अभिभावकों और छात्रों के स्वागत के लिए स्कूल को गुब्बारों, फूलों और रंगोली से सजाया हुआ था। कुछ स्कूलों ने परिसर में सेल्फी प्वाइंट भी बनाए थे। जहां पर अभिभावक व छात्र फोटो लेते नजर आए। अभिभावकों में भी पीटीएम को लेकर जबरदस्त उत्साह था।

कई जगह पर स्कूलों में प्रवेश के लिए लंबी लाइनें लगी थी। पीटीएम में छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ संवाद किया। वहीं, अभिभावकों ने शिक्षकों से अपने बच्चों के सीखने-सिखाने, उनके प्रदर्शन को और बेहतर बनाने और परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर की चर्चा की। वहीं मेगा पीटीएम के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिस तरह दिल्ली सरकार के स्कूलों को सभी बच्चों, टीचर्स और अभिभावकों के साथ मिलकर बदला है, ऐसे ही अब एमसीडी के स्कूलों को भी मिलकर बदलेंगे। पीटीएम दिल्ली सरकार के 1,000 से अधिक और 1,500 से अधिक एमसीडी विद्यालयों में आयोजित की गई। शिक्षामंत्री आतिशी व उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल ने सर्वोदय कन्या विद्यालय मयूर विहार फेज-1 व त्रिलोकपुरी 22 ब्लाक के एमसीडी स्कूल में शामिल होकर अभिभावकों व बच्चों के साथ बातचीत की। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा की इस मेगा पीटीएम में अभिभावकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए।

जिसमें उन्होंने शिक्षकों से अपने बच्चों के लर्निंग, उनके प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री की अगुवाई में उनकी सरकार ने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाई और इसका नतीजा है कि आज दिल्ली सरकार के सभी स्कूल शानदार बन गये है। यहाँ हर तबके के बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा मुहैया करा रहे हैं।

पीटीएम में माता-पिता की बढ़ती भागीदारी पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि, पीटीएम में अभिभावकों की भागीदारी दर्शाता है कि शिक्षकों के साथ बच्चों के माता-पिता भी अपने नौनिहालों की पढ़ाई व भविष्य को लेकर सजग हो रहे है।


दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में मेगा पीटीएम के दौरान शिक्षक और अभिभावकों के बीच बातचीत होती हुई।

### स्कूलों में दी गई मिशन बुनियाद की जानकारी



सभी स्कूलों में आयोजित हुई मेगा पीटीएम में अभिभावकों को छात्रों की मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता की स्थिति के साथ मिशन बुनियाद की जानकारी दी गई। अभिभावकों को बताया गया कि स्कूलों में 11 मई से 10 जून तक स्कूलों में समर कैंप चलेगा। समर कैंप के दौरान मिशन बुनियाद की कक्षाएं चलेंगी। जिसमें बच्चों की शिक्षा में आए अंतर को पाटने की कोशिश की जाएगी। ऐसे में वो बच्चों की छुट्टी न कराएं और उनको नियमित स्कूल भेजे।




### एल्युमनी और हेल्प डेस्क भी लगी

मेगा पीटीएम के दिन छात्रों और अभिभावकों को किसी प्रकार की सहायता या मार्गदर्शन देने के लिए स्कूलों में एल्युमनी और हेल्प डेस्क भी लगाई थी। जहां एल्युमनी डेस्क में स्कूल के पूर्व छात्र-छात्राएं बैठे नजर आए। वहीं, हेल्प डेस्क में स्कूल के शिक्षक बैठे हुए थे।

# मुख्यमंत्री आवास नवीनीकरण मुद्दे को लेकर एलजी पर बिफरी आप



● पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने एलजी के पत्र को बताया असंवैधानिक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के नवीनीकरण का मामला गरमा गया है। अब इस मुद्दे पर लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर उन पर जोरदार हमला बोला है।

साथ उनके द्वारा मुख्य सचिव को लिए गए पत्र को असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक करार दिया है। एलजी के पास मुख्य सचिव को किसी भी कार्यकारी कार्रवाई के लिए निर्देश देने की शक्ति नहीं है। एलजी सीधे राज्य सरकार के किसी अधिकारी को आदेश जारी कर के कानून नहीं तोड़ सकते हैं।

आतिशी ने रविवार को उपराज्यपाल को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने 27 अप्रैल को एलजी द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गए पत्र पर गंभीर चिंता जताई है और सीएम आवास के नवीनीकरण से संबंधित रिकॉर्ड जब्त करने को असंवैधानिक व अलोकतांत्रिक बताया है। एलजी ने अपने पत्र में सिविल लाइंस स्थित फ्लैग स्टाफ हाउस नं. 6 में पीडब्ल्यूडी के नवीनीकरण कार्य से संबंधित रिकॉर्ड को जब्त करने और समीक्षा के लिए उन्हें पेश करने के लिए निर्देश दिया है। बतौर पीडब्ल्यूडी मंत्री स्वयं लोकनिर्माण विभाग से संबंधित सभी सरकारी कार्यों के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा है कि एलजी द्वारा रिकॉर्ड को जब्त करने और कार्रवाई करने का निर्देश देने वाला यह पत्र न सिर्फ उनके कार्यालय के अधिकार क्षेत्र से पूरी तरह बाहर है, बल्कि सरकार के संबंधित मंत्री और मंत्रिपरिषद की शक्तियों को भी दरकिनार करता है, जो लोकतांत्रिक रूप से कामकाज के लिए जिम्मेदार हैं।

आतिशी ने पत्र में कहा है कि एलजी द्वारा लिखा गया पत्र किस तरह राजनीति से प्रेरित है, यह कहने की जरूरत नहीं है। पत्र में लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार व योग्यता से रहित हैं और राजनीतिक कारणों से लिखा गया है। एलजी से अनुरोध किया है कि वह अपने पत्र को वापस लें और संविधान द्वारा निर्धारित शासन व्यवस्था को बहाल करें।

### उपराज्यपाल ने राजनिवास पर 15 करोड़ खर्च करने से किया इनकार



*नई दिल्ली। उपराज्यपाल विनय कमार सक्सेना ने राजनिवास के नवीनीकरण पर 15 करोड़ रुपए खर्च करने के आम आदमी पार्टी के आरोप से इनकार किया है। सक्सेना ने कहा कि उनका घर हर व्यक्ति लिए खुला है और कोई भी वहां आकर देख सकता है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया था कि सक्सेना ने अपने आधिकारिक निवास की मरम्मत पर 15 करोड़ रुपए खर्च किए, जो छह एकड़ जमीन पर बना है। उपराज्यपाल ने सिग्नेचर ब्रिज से आईटीओ बैराज तक यमुना नदी की साफ-सफाई के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने करीब 11 किमी तक मोटरबोट नदी को प्रदूषण मुक्त करने और किनारों की सफाई की निरीक्षण किया।*

### आप का वोट बैंक बनाने का काम : सचदेवा

**नई दिल्ली।** सीएम आवास के 45 करोड़ के मुद्दे पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि अरविन्द केजरीवाल सरकार अकर्मण्य और भ्रष्ट सरकार है जो केवल अपने नेताओं की स्वार्थ सिद्धि एवं वोट बैंक बनाने के लिए काम करती है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली भाजपा अरविन्द केजरीवाल के राज महल घोटाले के विरूद्ध सोमवार से उनके राज महल के निकट अनिश्चितकालीन धरना देगी। उन्होंने कहा कि राजमहल के ताजा घोटाले से पहले शिक्षा, परिवहन, बस खरीद, बिजली सब्सिडी घोटाला किया एवं दिल्ली जल बोर्ड को दिवालिया किया। उन्होंने कहा कि शराब घोटाला एवं हवाला घोटाले तो ऐसे किये कि आज दो प्रमुख मंत्री जेल में हैं। सबसे ज्यादा शर्मनाक बात है कि राजधानी में कोरोना से सैकड़ों लोगों की जान जा रही थी।

# सीबीआई ने एएसआई को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

● पुलिस निरीक्षक की ओर से रकम वसूलने का है आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सीबीआई ने एक व्यक्ति से रिश्वत लेने के आरोप में दिल्ली पुलिस के सहायक उप निरीक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिसकर्मी राजौरी गार्डन पुलिस थाने में तैनात एक पुलिस निरीक्षक की ओर से यह रकम वसूल रहा था।

अधिकारियों ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) त्रिलोचन दत्त को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने जेजे कॉलोनी निवासी परमीत सिंह से कथित तौर पर 50,000 रुपये की रिश्वत मांगने के मामले में राजौरी गार्डन थाने के स्पेशल स्टाफ के निरीक्षक नरेंद्र कुमार पहलवान और अज्ञात अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

प्राथमिकी में कहा गया है कि पीड़ित ने सीबीआई से संपर्क कर आरोप लगाया कि पुलिस ने कुछ लोगों को उनके घर के सामने झुग्गी में सट्टा खेलते पकड़ा था।

# नांगलोई फ्लाईओवर आज से रहेगा बंद

● पीरागढ़ी-टीकरी कैरिज-वे पर जॉइंट्स बदलने का काम शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में रोहतक मार्ग स्थित नांगलोई फ्लाईओवर पर एक मई से यातायात प्रभावित रहेगा क्योंकि लोक निर्माण विभाग पीरागढ़ी-टिकरी बॉर्डर कैरिज-वे पर एक्सपेंशन जॉइंट्स को बदलने का काम शुरू करेगा। पुलिस ने रविवार को जारी यातायात परामर्श में यह जानकारी दी।

परामर्श के मुताबिक, पीरागढ़ी-टिकरी बॉर्डर कैरिजवे पर नांगलोई फ्लाईओवर के पास यातायात का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। कैरिजवे की एक लेन वाहनों के आवागमन के लिए खुली रहेगी।



पुलिस ने इस मार्ग का इस्तेमाल करने से बचने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी है। पुलिस ने यातायात परामर्श में कहा, टिकरी बॉर्डर, मुंडका की ओर जाने वाले यात्रियों को मार्ग में संभावित देरी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त समय लेकर प्रस्थान करना चाहिए। कैरिज वे की एक लेन वाहनों के आवागमन के लिए खुली रहेगी। यातायात पुलिस ने यात्रियों के लिए जारी परामर्शमेंकहा हैकि टीकरी बार्डर, मुंडका की ओरजानेवालेयात्रियों को मार्ग में संभावित देरी को ध्यान मेंरखतेहुए पर्याप्त समय लेकर प्रस्थान करना चाहिए। इस मार्गपर यात्रा से बचने और वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करनेकी सलाह यातायात पुलिस नेदी है। जबकि, यातायात को सुचारू बनाए रखनेके लिए यातायात पुलिस कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती भी की जाएगी।

ज्ञात हो कि सोमवार को पहले दिन होने के कारण इस मार्ग पर लंबा जाम लग सकता है। अभी चिराग दिल्ली फ्लोईओवर के कारण पहले जनता जाम से परेशान हो चुकी है। हालांकि सरकार ने अपनी तरफ से इंतजाम कर लिया है। इसकी परीक्षा सोमवार को होगी।

## संक्षिप्त समाचार


इग्नू कुलपति को ज्ञापन सौंपता एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल।

### इग्नू कुलपति से मिला एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (एबीवीपी)के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को दिल्ली में इग्नू के कुलपति प्रो नागेश्वर राव को भारतीय भाषाओं व क्षेत्रीय-जनजातीय भाषाओं में इग्नू द्वारा दूरस्थ पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग हेतु ज्ञापन सौंपा है। अभाविप ने मांग की है कि दूरस्थ शिक्षा के लिए भारतीय भाषाओं के साथ जनजातीय, क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ्यक्रम शुरू हो व गुणवत्तापूर्ण पाठ्यसामग्री तैयार की जाए, जिससे भारतीय भाषाओं व जनजातीय भाषा भाषी युवाओं के लिए शिक्षा के रास्ते आसान हो सकें। वर्तमान में मेडिकल, फार्मेसी, इंजीनियरिंग आदि का पाठ्यक्रम व पुस्तकें विभिन्न भारतीय भाषाओं में तैयार करने आदि सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।

### बच्ची का यौन उत्पीड़न, नाबालिग हिरासत में

**नई दिल्ली।** कल्याणपुरी इलाके में नौ साल की एक बच्ची के यौन उत्पीड़न के आरोप में एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि यह कथित घटना शनिवार को हुई और कल्याणपुरी थाने में उत्पीड़न की शिकायत देर रात दर्ज कराई गई। बच्ची शनिवार को गली में खेल रही थी, तभी आरोपी उसे अपने घर के पास एक उद्यान के निकट बने खाली मकान में ले गया और उसका कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने अपने घर लौटने के बाद अपने माता-पिता को घटना के बारे में बताया, जो उसे अस्पताल ले गए। उन्होंने बताया कि उसकी चिकित्सकीय जांच लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में की गई, जहां चिकित्सकों ने यौन उत्पीड़न की पुष्टि की। उसकी काउंसलिंग भी कराई गई। मामले में धारा 376 और यौन पोक्सो के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया और नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया गया।

# छात्रा ने वरिष्ठ छात्रों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, काटी नस

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर में छात्रा ने अपनी कलाई काट कर खुदकुशी का प्रयास किया। पीड़िता ने अपने वरिष्ठ साथी पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

साथ ही कहा कि वह इस मामले में अपने अभिभावकों से बातचीत करने के बाद अपनरा बयान दर्ज कराएगी। पुलिस का कहना है कि शनिवार को उस अस्पताल से छात्रा के बारे में जानकारी मिली जहां उसको भर्ती कराया गया था।

छात्रा ने पुलिस को बताया कि उसने अपने वरिष्ठ द्वारा प्रताड़ित किए जाने के कारण ऐसा किया। छात्रा की जांच की गई और चिकित्सकों ने पाया कि उसके बाएं हाथ पर खुदकुशी करने के प्रयास के कारण दो चोटें आई हैं।

# दो हथियार तस्कर गिरफ्तार, 10 पिस्टल जब्त

● हथियार की खेप गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया गिरोह तक पहुंचनी थी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने हथियारों की तस्करी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से मध्य प्रदेश के सेंधवा निर्मित 10 पिस्टल और 10 कारतूस बरामद किए गए हैं।

हथियारों की यह खेप पंजाब के गैंगस्टर जगदीप जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के सदस्यों को आपूर्ति की जानी थी इन लोगों की गिरफ्तारी के बाद स्पशल सेल अब सेंधवा के उन अवैध हथियार निर्माताओं की तलाश कर रही है, जिनसे तस्करों ने हथियार खरीदे थे। विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान मनीष पांडे उर्फ शिवम व इंदरजीत सिंह के रूप में हुई है। मनीष औरैया, यूपी का रहने वाला



है और अपने गृह क्षेत्र के थाने का घोषित बदमाश है। इंदरजीत सिंह तरनतारन, पंजाब का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि मुखबिर से मिली जानकारी मिली थी कि अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के तस्कर बाहरी रिंग रोड स्थित मिलेनियम पार्क के पास किसी को हथियार आपूर्ति करने आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार, एसीपी अतर सिंह व इंस्पेक्टर शिव कुमार व इंस्पेक्टर जितेंद्र के नेतृत्व में एसआई राजेश कुमार की टीम ने दोनों को दबोचा है।

# शिवसेना की दिल्ली इकाई की स्थापना, शिंदे करेंगे दौरा

पीएनएस। नई दिल्ली

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना ने रविवार को पार्टी की दिल्ली इकाई की स्थापना की और संकल्प लिया कि राष्ट्रीय राजधानी में महाराष्ट्र मॉडल लागू करेंगे।

शिवसेना के वरिष्ठ नेता आनंदराव अदसुल और अंशुमन जोशी ने कई नेताओं को पार्टी में शामिल किया और जोर दिया कि पार्टी भूमिपुत्रों के अधिकारों और राष्ट्रीय राजधानी से भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए काम करेगी। असदुल ने कहा कि शिंदे जल्द राष्ट्रीय राजधानी आएंगे और दिल्ली इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों और स्थानीय नेताओं के पास अपनी मानवता, समावेशी और सुशासन के एजेंडे के साथ जाएंगे।

इस मौके पर असदुल ने सुशासन, महाराष्ट्र-मॉडल और अपना अभिमान, धनुष-बाण अभियान की शुरुआत की।

# उत्सव की तरह सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

## एलजी ने बुद्धिजीवियों, पद्म पुरस्कार विजेताओं, स्वच्छता कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं केसाथ सुना कार्यक्रम

● प्रेरणादायक कार्यक्रम से आई मूक क्रांति : उपराज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के प्रसारण से देश में मूक क्रांति आई है।

सक्सेना ने रविवार को कई बुद्धिजीवियों, पद्म पुरस्कार विजेताओं, स्वच्छता कर्मियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ राजनिवास में मन की बात की 100वीं कड़ी को सुना। उपराज्यपाल ने कार्यक्रम के प्रसारण के बाद कहा, मन की बात दुनिया का विशेष कार्यक्रम है। इसके जरिए पीएम मोदी सीधी बात करते हैं और उनके दृष्टिकोण का अमिट छाप पड़ता है। एलजी ने कहा कि उन्होंने रविवार को



प्रधानमंत्री को सुना। हर बार की तरह उन्होंने इस बार भी समाज के आखिरी पायदान पर मौजूद व्यक्ति के लिए नए विचार, उम्मीदें और आकांक्षाएं रखीं। जब लोग संचार के नए साधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं तब प्रधानमंत्री लोगों से संवाद के लिए रेडियो का इस्तेमाल कर रहे हैं यह साधारण बात नहीं है। उपराज्यपाल ने कहा कि सभी जानते हैं कि वह लंबे समय तक खादी से जुड़े रहे। मन की बात की पहली कड़ी में पीएम मोदी ने खादी को हर गांव तक पहुंचाने की बात की थी। उन्होंने कलाकारों की मदद के लिए खादी उत्पाद खरीदने की अपील की थी।

लोगों को याद होगा कि पीएम ने कहा था कि आप अपने परिवार के लिए सभी तरह के कपड़े लेकर आते हैं। अगर आप एक कपड़ा खादी का खरीदेंगे तो हजारों बुनकर भी दिवाली मना सकेंगे।

उसका इतना असर हुआ कि आज खादी न केवल ब्रांड बन गया है बल्कि यह फैशन ट्रेंड बन गया है। सक्सेना पूर्व में खादी और ग्राम उद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने कहा, इसी तरह उन्होंने वोकल फॉर लोकल, खिलौने, कुम्हार कला और शहद मिशन का उल्लेख किया। उनके शब्दों के जरिए लाखों कलाकार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े। वह उन्हें हृदय से इस मूक क्रांति के लिए धन्यवाद देते है।

# भाजपा के 6530 संगठात्मक खंडों पर 'मन की बात' का प्रसारण

● शीर्ष केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों ने विभिन्न जगहों पर लिया हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा द्वारा रविववार को प्रदेश के विभिन्न 6530 संगठात्मक खंडों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड सुनने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विभिन्न स्थानों पर केंद्रीय मंत्री, सांसद और राष्ट्रीय एवं दिल्ली भाजपा के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा मुख्यालय पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने अनेक पदाधिकारियों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्वी दिल्ली के गगन विहार में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहीं। दिल्ली



भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के सभी 100 एपिसोड प्रेरक हैं, पर सेल्फी विद डॉटर (बेटी) एपिसोड मेरा सबसे प्रिय है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के सैकड़ों कर्मचारियों ने गोल मार्केट, नई दिल्ली में स्थित एनपी बंगाली गर्ल्स स्कूल के लॉन में भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात की 100वीं कड़ी का लाइव प्रदर्शन किया। इस अवसर पर, भारत सरकार की माननीय संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री, मीनाक्षी लेखी आदि थे।

# खराब पर्यावरण दुनिया की प्रमुख समस्याओं में से एक : नवीन गोयल

### लक्ष्मण विहार फेज-2 में आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

### पीएम मोदी के मन की बात का 100वां ऐपिसोड सुना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के लक्ष्मण विहार फेज-2 में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन नवीन गोयल व अन्य।

**रविवार** को यहां लक्ष्मण विहार फेज-2 में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरुकता सभा में शिरकत करके पर्यावरण के प्रति अलख जगाई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां ऐपिसोड भी सैंकड़ों लोगों ने एकाग्रचित होकर सुना। यह कार्यक्रम श्री श्याम सलोना परिवार और बेरी बाग लक्ष्मण विहार आरडब्ल्यूए के प्रधान प्रद्युम्न जांघू की ओर से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए नवीन गोयल ने कहा कि खराब पर्यावरण आज देश ही नहीं, दुनिया की प्रमुख समस्याओं में से एक है। पर्यावरण की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। पर्यावरण के प्रदूषित होने के कई कारण हैं और ज्यादातर कारण हम सब से जुड़े हैं। वाहनों का धुआं, उद्योगों का धुआं पर्यावरण को खराब तो करता ही है, साथ में सिंगल यूज प्लास्टिक, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, धूल-मिट्टी, गंदगी आदि अनेक ऐसे कारण हैं जो हमारे पर्यावरण को हानि पहुंचाते हैं। इन सब विषयों पर हमें गंभीरता से चिंतन करना होगा और इनके समाधान पर काम करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अपने आसपास 10 फीट तक सफाई रखें। पानी का उचित मात्रा में उपयोग करें। पानी को व्यर्थ ना बहाएं। हर साल प्रति व्यक्ति 5 पौधे लगाए जाएं, ताकि पेड़ों के कटाव का संतुलन हम बना सकें। हमें यह नहीं सोचना की पेड़ किसी और ने काटे हैं। हमें पेड़ लगाने का ही काम करना है।

नवीन गोयल की मौजूदगी में 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जिनके नेतृत्व में लक्ष्मण विहार वासियों की लंबे समय से अधूरी पड़ी मांग पंजीरी प्लांट में सामुदायिक केंद्र बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही इस विषय पर संबंधित अधिकारियों से मिलने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्थानीय 2000 लोगों द्वारा पत्र लिखने का निर्णय हुआ।

इस मौके पर रामपाल शर्मा, सुभाष बंसीवाला, महिला मोर्चा की प्रधान सुंदरी खत्री, अशोक, रेखा, आवाजकुंज सोसाइटी प्रधान राजेश ठाकुर, नीलांचल संस्था के प्रधान जय प्रकाश, मंजु, सरला, पूजा मित्तल, पंकज पाठक, सुनीता, रजनीश राठी, सुजीत नंदा, धर्मेंद्र शर्मा, माहेश्वरी समाज के प्रधान शशिकांत समेत अनेक गणमान्य, सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## एसजीटी यूनिवर्सिटी के महिला हॉस्टल में टली बड़ी वारदात

**गुरुग्राम।** यहां बुढ़ेड़ा स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी के महिला हॉस्टल में कुछ युवकों के हथियार लेकर घुसने से दहशत फैल गई। इससे पहले कि वे हॉस्टल में किसी तरह की अप्रिय घटना को अंजाम देते, पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार एसजीटी यूनिवर्सिटी में एक व्यक्ति के महिला हॉस्टल में घुसने की शिकायत पुलिस को दी गई। सक्रियता दिखाते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां से पुलिस टीम ने नरेंद्र, अमित व राहुल नाम युवक को काबू किया। तलाशी लेने पर अमित के पास से एक पिस्टल, एक खाली खोल व राहुल के पास से एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

आरोपियों के खिलाफ राजेंद्रा पार्क थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ के लिए उन्हें एक दिन के रिमांड पर लिया गया है, ताकि उनके इस तरह से महिला हॉस्टल में घुसने के पीछे की मंशा का पता लगाया जा सके। गौरतलब है कि इससे पहले भी एसजीटी यूनिवर्सिटी में गोलीकांड हो चुका है। उस दौरान एक छात्र की मौत हो गई है। अब महिला छात्रावास में हथियाबंद युवकों के घुसने की घटना से यूनिवर्सिटी में दहशत फैली हुई है।

# स्विमिंग पूल में स्नान करते समय युवक की संदिग्ध हालत में मौत

### मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोली हत्या की पोल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**रायसीना** से लगती अरावली रिट्रीट पहाड़ी के ए-33 फार्म में पार्टी में शामिल होने गया दिल्ली उत्तर नगर निवासी 38 वर्षीय युवककी संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृत युवक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मौत का कारण शरीर पर पांच गंभीर चोटें होना पाया गया है। भोंडसी थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली उत्तर नगर की विकास विहार कॉलोनी निवासी 39 वर्षीय अमित उत्तर नगर में ही अंकुर जैन की दुकान पर मोबाइल सप्लाई करने का काम करता था। अमित 24 अप्रैल को अपने मालिक अंकर जैन के साथ रायसीना अरावली रिट्रिट पहाड़ी में बना ए-33 फार्म हाउस में प्रमोशन पार्टी मनाने आया था। इसी दिन रात्रि करीब 8 बजे अमित सबकी नजरों से अचानक गायब हो गया था। काफी तलाशने के बाद अमित फार्म हाउस में बना स्विमिंग पुल में तैरता हुआ नजर आया। जिसे स्विमिंग पुल से बाहर निकाला गया और बेहोशी की हालत में गुरुग्राम के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। उपचार के दौरान अमित कुमार की निजी अस्पताल में 25 अप्रैल को मौत हो गई थी।


> “ **पुलिस** ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अमित के मामले को हत्या की धाराए लगाने के बाद जांच शुरू कर दी है। जांच के आधार पर पार्टी में पहुंचे लोगों से पूछताछ की जाएगी।
>
> **समर सिंह**
> **( एसएचओ भोंडसी )**

### पुलिस मां से कर सकती है पूछताछ

**अमित** ब्लाइंड हत्याकांड में भोंडसी पुलिस की पूछताछ में फार्म हाउस में बने स्विमिंग पूल में स्नान करने वाले 7 से 8 लोगों के साथ साथ मृतक की मां पर शक के आधार पर पूछताछ की जा सकती है। इसके साथ-साथ फार्म हाउसमें बना स्विमिंग पुल की वैधता को लेकर भी पूछताछ की जाएगी।

### मृतक की मां ने नही कोई शक

**मृतक** अमित की मां प्रभा देवी ने पुलिस को बयान देते हुए किसी पर हत्या का कोई शक नहीं जताया था। न ही प्रभा देवी को अमित की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। भोंडसी पुलिस ने अमित की मां प्रभा देवी द्वारा दर्ज कराए गए बयान के आधार पर धारा 174 के तहत कानूनी प्रक्रिया निभाते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को अंतिम संस्कार करने के लिए सौंप दिया था।



### मृतक की मौत मारी गई पांच चोटों से हुई

**भोंडसी** थाना पुलिस ने गुरुग्राम स्थित मोर्चरी से मृतक अमित के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ली। जिसमें अमित कुमार की मौत का कारण पांच लगी चोट बताई गई। जिसमें डॉक्टर द्वारा पुलिस को अमित की मौत का कारण मारी गई चोट बताया है।

# सरपंच सुंदर लाल के नेतृत्व में सिकंदरपुर बढ़ा में ग्रामीणों ने सुनी मन की बात



गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर बढ़ा में ग्रामीणों के साथ पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में सुंदर लाल सरपंच।

### सरकारी स्कूल में बूथ-126, 127, 128, 129 व 130 पर हुआ कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वां ऐपिसोड मानेसर नगर निगम के अंतर्गत गांव सिकदंरपुर बढ़ा के सरकारी स्कूल में उत्साह के साथ सुना गया। यहां बूथ नंबर- 126, 127, 128, 129 व 130 पर काफी संख्या में ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम में सबसे अधिक संख्या महिलाओं की रही।

बच्चों, बड़ों, बुजुर्गो, महिलाओं के साथ बैठकर पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने पीएम के मन की बात को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रतिभाओं को इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदर्शित करते रहते हैं। इस बार उन्होंने हरियाणा के दो लोगों का जिक्र करके हरियाणा का मान बढ़ाया है। पीएम ने मन की बात में जींद जिले के गांव बीबीपुर के पूर्व सरपंच सुनील जागलान, चरखी दादरी के प्रदीप सांगवान के जनहित, समाजहित में कार्यों को सांझा करते हुए उन्हें इसी तरह से आगे बढ़ने को प्रेरित किया। सुंदर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही एक ऐसी शख्सियत हैं, जिनका नाम देश का बच्चा-बच्चा जानता है। एक समय ऐसा भी होता था जब बच्चे अपने देश के प्रधानमंत्री का नाम तक नहीं जानते थे। उन्होंने कहा कि लोकप्रियता के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे आगे हैं। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन को आज दुनिया मान रही है। यह हम सबका सौभागय है कि हम उस दौर में हैं, जहां देश की बागडोर नरेंद्र मोदी जैसा मजबूत नेता के हाथों में है। चाहे देशवासियों की सेवा की बात हो या दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब देना हो, हर मंच पर पीएम मोदी ने खुद को साबित किया है। विपक्ष ने जितना उनको बुरा कहा, वे उतने ज्यादा चमके हैं।

## तीरंदाजी में दमदमा गांव का अमित उज्बेकिस्तान में लगाएगा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**उज्बेकिस्तान** के शहर ताशकंद में शनिवार से शुरु हुई एशिया कप वर्ल्ड रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट में दमदमा निवासी अमित लगाएंगा गोल्ड पर निशाना। यह प्रतियोगिता 6 मई तक खेली जाएगी। शनिवार से शुरू हुई एशिया कप वर्ल्ड रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट में दमदमा का लाडला अमित स्टेज-2 की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गया। अमित के कोच भगवत सिंह ने बताया कि अमित को देश के लिए खेलने का पहली बार अवसर मिला। अमित प्रतियोगिता में गोल्ड पदक जितने के इरादे से खेलने गया। अमित बहुत ही मेहनती और होनहार खिलाड़ी है। जिसने स्कूल में शिक्षा प्राप्त करते समय ही राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर काफी पदक जीते है। देश की सेना में सूबेदार के पद से सेवानिवृत अमित के पिता भजनसिंह को भी अपने बेटा की योग्यता पर पूरा विश्वास और प्रतियोगिता में देश का नाम रोशन करने की क्षमता का दावा किया है।

# आज से होगी सरसों की कॉमर्शियल खरीद

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**हेफेड** सोमवार से किसानों की सरसों की कॉमर्शियल खरीद करेगी। अब तक किसानों की सरसों को सरकारी एजेंसी नफेड के लिए खरीदा गया था। रविवार को मार्केट कमेटी सचिव और आढ़तियों के बीच हुई बैठक में यह जानकारी दी गई। रविवार को मार्केट कमेटी सचिव कार्यालय में सरसों की कॉमर्शियल खरीद को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में विरेन्द्र, राजकुमार, प्रदीप शर्मा समेत आढ़ती महेश आर्य, राजेश समेत अन्य मौजूद थे। बैठक में सचिव ने आढ़तियों को अपने फोन के माध्यम से सोमवार को अधिक से अधिक किसानों को सरसों लाने के लिए कहा गया। ताकि सोमवार से सरसों की हेफेड द्वारा आढ़तियों के माध्यम से सीधी खरीद कर सके।



सोहना मार्केट कमेटी कार्यालय में रविवार को सचिव सरसों की कॉमर्शियल खरीद को लेकर आढ़तियों के साथ बैठक करते हुए।

**25 दिन में 18 हजार सरसों की खरीद :** हेफेड द्वारा पांच अप्रैल से सरसों की सरकारी खरीद की जा रही है। बीते 25 दिन में सरसों की कुल आवक अनाज मंडी में 31 हजार के लगभग हुई है। जिसमें से 18 हजार के लगभग किसानों की सरसों को सरकार के खाते में खरीदा गया है। सरकार के लिए खरीदी गई कुल सरसों में से 12 हजार 692 क्विंटल सरसों का उठान हो चुका है।

> “ **अनाज** मंडी में उठान धीमा होने के कारण स्थान की कमी के चलते शनिवार और रविवार को गेहूं व सरसों की आवक नहीं हुई थी, लेकिन सोमवार से गेहूं व सरसों की आवक पहले की तरफ रहेगी। दोनों की फसलों को खरीद बराबर चलती रहेगी।
>
> **सुनीता देवी**
> **( सचिव मार्केट कमेटी )**

# हर किसी के मन को छू गया मोदी के मन की बात कार्यक्रम : सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### विधायक सुधीर सिंगला ने आमजन के साथ सुनी पीएम के मन की बात

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें ऐपिसोड को लेकर जिला संयोजक के रूप में गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला के नेतृत्व में बेहतरीन तैयारियां की गई। कार्यक्रम में लोगों ने एकाग्रचित होकर पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी।

जिला संयोजक एवं विधायक सुधीर सिंगला ने सभी जगह पर तैयारियों की अपडेट लेने के बाद स्वयं अपने कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम को सुना। बतौर विधायक उनकी तरफ से यहां कमला नेहरू पार्क के ओपन एयर थियेटर में भी कार्यक्रम सुनने की व्यवस्था की गई थी। यहां पर 2000 लोगों ने पीएम के मन की बात को सुना। विधायक के कार्यालय में भी 150 लोगों की उपस्थिति रही। सीएम विंडो के एमिनेंट सदस्य अमित गोयल के संयोजन में सेक्टर-15 पार्ट-2 योगाश्रम में भी 125 लोगों ने मन की बात सुनी। विधायक सुधीर सिंगला ने फिर दोहराया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम कोई प्रसिद्धि पाने का कार्यक्रम नहीं है। यह लोगों से देश के प्रधानमंत्री का व्यक्तिगत जुड़ाव का कार्यक्रम है। देश ही नहीं दुनिया के दिलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज कर रहे हैं। विदेशी धरती पर अब भारत को मजबूती के साथ माना जाता है। यह पीएम नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता ही कही जाएगी कि आज यूएनओ में भी उनके मन की बात का प्रसारण हुआ।



गुरुग्राम के सेक्टर-15 पार्ट-2 में मन की बात कार्यक्रम में रिबन काटते विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम गरीब मगर प्रतिभा के धनी लोगों को देश-दुनिया के सामने लाने का कार्यक्रम है। मन की बात कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री का देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्यक्रम है। मन की बात कार्यक्रम हर उस प्रतिभा को सामने लाकर निखारने का कार्यक्रम है, जो प्रतिभा प्रसिद्धि के बिना पिछड़ी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम का पहला ऐपिसोड 3 अक्टूबर 2014 को प्रसारित किया गया था। तब से यह हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित किया जाता है। पिछले 9 साल से यह कार्यक्रम देश के लोगों के लिए नॉलेज, मजबूत इरादे, इनोवेशन, कला, संस्कृति समेत हर क्षेत्र की प्रतिभाओं से रूबरू कराने का माध्यम बना है।

हर राज्य के लोगों के बारे में जानकारी जुटाकर प्रधानमंत्री उनका जिक्र इस कार्यक्रम में करते हैं। पिछले कार्यक्रम में उन्होंने हरियाणा के भिवानी जिला के कुछ युवाओं के काम की भी तारीफ की थी। वे युवा भिवानी में सफाई के काम को करते हुए शहर की सुंदरता बढ़ा रहे हैं। पहले गुरुग्राम की एक छात्रा का भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिक्र किया था। इस तरह से वे पूरे देश की प्रतिभाओं को देश के सामने ला चुके हैं।

# मन की बात में प्रधानमंत्री के हरियाणा के दो नागरिकों का जिक्र करना गर्व की बात : धनखड़



प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वें ऐपिसोड सुनते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबसे लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात अब भारत के जन-जन की बात बन गई है।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम न सिर्फ देश की विकास यात्रा को गति दे रहा है, बल्कि देशवासियों के संकल्प से सिद्धि का माध्यम भी बन गया है। मन की बात कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा देश की अच्छाई को लोगों को सामने रखने का काम किया है। गढ़ी-सांपला-किलोई में मन की बात कार्यक्रम के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड को आज देश दुनिया के करोड़ों लोगों ने सुना है। मन की बात में प्रधानमंत्री ने हरियाणा के जींद जिले के बीबीपुर गांव के रहने वाले सुनील जागलान और चरखी दादरी के प्रदीप सांगवान के प्रयासों का जो जिक्र किया है, वह हरियाणावासियों के लिए गर्व की बात है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 3 अक्टूबर, 2014 से मन की बात कार्यक्रम की यात्रा शुरू हुई थी जो अब एक राष्ट्रीय परंपरा बन गई है, जिसमें प्रधानमंत्री जी हर महीने राष्ट्र को संबोधित करते हैं, लाखों लोगों को भारत की विकास यात्रा में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हैं। मन की बात कार्यक्रम के जरिए मोदी जी ने देशवासियों को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है और लोगों को नई दिशा दी है।

उन्होंने कहा कि लगभग 9 वर्षों से जिस प्रकार मन की बात सुनने वाले श्रोताओं की संख्या बढ़ रही है और इसे पसंद किया जा रहा है यह एक विश्व रिकॉर्ड बन गया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए हमेशा एक ही मंत्र दिया है गिव योर बेस्ट। जो कोई बेस्ट दे रहा है, उसकी बात दूसरों को बताना है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुरू में ही कहा है कि जिन्होंने भी अपना बेस्ट दिया है, मैं उन्हीं का जिक्र करता हूं और उन्हीं के कारण ही दुनिया अच्छाई की तरफ जाती है। धनखड़ ने बताया कि मोदी जी चाहते हैं कहीं से भी अच्छाई मिले, कहीं से गुण मिले उसे स्वीकार कर लें। गुणों की चर्चा करने से धरती पर गुण बढ़ेंगे। हरियाणा में घटते लिंगानुपात पर भी पीएम मोदी ने चिंता जताई थी, तब उन्होंने पानीपत की धरती से झोली फैलाकर और आंखों में आंसू लाकर कहा था हरियाणा वालों मैं आपसे आपकी बेटियों की भीख मांगने आया हूं, अपनी बेटियों को बचाओ।

## मन की बात सुनने में स्कूली विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

**सोहना।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए स्कूली विद्यार्थियों उत्साह दिखा। स्कूल प्रशासन ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने के लिए विशेष प्रबंध किए गए। भोंडसी में स्थित आरबीएसएम स्कूल प्रशासन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों से लेकर आम नागरिकों के लिए की गई मन की बात सुनने के लिए विशेष रूप से सुविधाए उपलब्ध कराई गई।

स्कूल निर्देशक भागीरथ सिंह राघव के आदेश पर शिक्षकों से लेकर कर्मचारी और विद्यार्थियों को बुलाया गया। प्रधानमंत्री की मन की बात को सुनने के बाद विद्यार्थियों ने अपने समर्थन और देश हित में की गई बातों को गहनता व लगन से सुना। इस अवसर पर स्कूल निर्देशिका विमला राघव समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे। भागीरथ राघव ने प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने के बाद अभिभावकों को भी इस प्रकार के कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि एक साथ पूरे देश में करोड़ों की संख्या में नागरिक मन की बात को सुनने के लिए उत्साहित होते है। अभिभावकों को भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को अवश्य देखना व सुनना चाहिए।

# मन की बात का 100वां संस्करण बना ऐतिहासिक : गार्गी कक्कड़



गुरुग्राम के बादशाहपुर में बूथ नंबर-360 पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के नेतृत्व में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें मन की बात संस्करण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने बादशाहपुर विधानसभा के बूथ नंबर 360 विपुल वर्ल्ड में मन की बात कार्यक्रम को सुना।

इस दौरान जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वा संस्करण ऐतिहासिक रहा। जिस तरह से मोदी जी मन की बात कार्यक्रम में उन लोगों से हमारा परिचय करवाते हैं, जो चुपचाप समाज हित व देश हित में अपने कार्य में लगे रहते हैं। पीएम मोदी ने देश के कई अनसंग हीरोज की बात की। उन्होंने हरियाणा के जींद के सेल्फी विद डॉटर के जनक सुनील जागलान को लेकर खास चर्चा की है, जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मन की बात करोड़ों कोटि-कोटि भारतीयों के मन की बात है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अजीत यादव के मुताबिक गार्गी कक्कड़ ने कहा कि जिस तरह से उन्होंने मन की बात में नारी शक्ति का जिक्र किया। महिला होने के नाते मेरे लिए गर्व की बात है यह अब मन की बात नहीं आज यह जन-जन की बात है मन की बात कार्यक्रम एक अनोखा पर्व बनता जा रहा है देश को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात। हरियाणा का जिक्र होना हमारे लिए गर्व की बात है कि गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने कमला नेहरू पार्क में हजारों कामगार के साथ मन की बात के 100वें संस्करण को सुना। गुरुग्राम में सवा से डेढ़ लाख के बीच पूरे जिले में संगठन के माध्यम से लोगों ने कार्यक्रम को सुना।

# खेल में राजनीति

## बृजभूषण पर निशाना

**विडंबना** है कि देश में खेल भी अब राजनीति का अखाड़ा बनते जा रहे हैं। इसी 'राजनीति' के चलते भारतीय कुश्ती संघ-डब्लूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर निशाना लगाया जा रहा है। आखिरकार दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्णय लिया। उन पर एक नाबालिग समेत सात महिला पहलवानों से छेड़छाड़ का आरोप है। हालांकि, केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों को आश्वासन दिया था कि उनको किसी शिकायत का मौका नहीं दिया जाएगा तथा सरकार देश-दुनिया में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने महिला पहलवानों के आरोपों की जांच करने के लिए एक समिति का गठन भी किया था, लेकिन महिला पहलवानों ने समिति के समक्ष पेश होकर कोई तथ्य नहीं रखे। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय अपराध प्रक्रिया संहिता-सीआरपीसी में निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर निचली अदालत जाने के बजाय सीधे सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। 26 अप्रैल को दिल्ली पुलिस ने सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया कि एफआईआर दर्ज करने के पहले उसे आरोपों की प्राथमिक जांच करने की आवश्यकता है। सरकारी वकील ने यह भी कहा था कि यदि न्यायालय चाहे तो वे बिना जांच के भी एफआईआर दर्ज कर सकते हैं। अंततः पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर सर्वोच्च न्यायालय को इसकी सूचना दे दी। अब जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवान बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की जिद पर अड़े हैं। खेल में 'राजनीति' की घुसपैठ से आहत भारतीय ओलम्पिक असोसियेशन-आईओए की अध्यक्ष तथा दुनिया भर में भारत का सम्मान बढ़ाने वाली पी. टी. उषा ने कहा कि महिला पहलवानों द्वारा सड़क पर धरना देने से देश की गरिमा को नुकसान पहुंचता है और यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि 'विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक व अन्य पहलवानों ने इस कृत्य से भारतीय खेलों का नाम खराब किया है।' उन्होंने कहा कि पहलवानों के आरोपों के बाद आईओए द्वारा गठित तीन-सदस्यीय अस्थाई समिति ने डब्लूएफआई की जिम्मेदारी संभाल ली थी। उषा ने कहा, 'थोड़ा तो डिसिप्लिन होना चाहिए। वे हमारे पास आने के बजाय सीधे सड़कों पर उतर गए। यह खेल के लिए अच्छा नहीं है।'



स्वाभाविक रूप से पी.टी. उषा की ईमानदार व बेबाक टिप्पणी उन पहलवानों व राजनेताओं को पसंद नहीं आई जो बृजभूषण शरण सिंह पर निशाना लगाने के साथ ही मोदी सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर तथा शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने पी.टी. उषा पर भी हमला बोल दिया। बृजभूषण शरण सिंह पूर्वी उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता हैं और उन पर कभी किसी महिला से यौन उत्पीड़न के आरोप नहीं लगे हैं। महिला पहलवानों द्वारा आरोप लगाने के बाद उन्होंने फौरन एब्लूएफआई से स्वयं को अलग कर लिया था। उन्होंने बार-बार कहा है कि उनके खिलाफ लगे आरोप झूठे हैं, वे किसी जांच का सामना करने को तैयार हैं और उनको देश की न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास है। उन्होंने यह भी कहा है कि अंततः वे आरोपों से बेदाग होकर निकलेंगे। 1991 में वे भाजपा के टिकट पर पहली बार सांसद बने और वे इस पार्टी से पांच बार सांसद रह चुके हैं। हालांकि, वे सपा में भी रहे और उन पर टाडा के अंतर्गत आरोप भी लगे थे, लेकिन वे इन आरोपों से बेदाग बरी हुए। यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सभी प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने के अभूतपूर्व प्रयास किए हैं जिसका परिणाम देश के भीतर व बाहर अब तक प्राप्त सर्वाधिक पदक व पुरस्कार हैं। ऐसे में खिलाड़ियों को पी.टी. उषा की उचित सलाह पर अमल करना चाहिए।

# जीएसटी में उल्लेखनीय सुधार

जीएसटी संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि ने संदेहवादियों को गलत सिद्ध कर दिया है और संग्रह अधिकारियों की उम्मीदों से भी अधिक हो रहा है।



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




करीब दो साल पहले राजस्व विभाग के सर्वोच्च अधिकारी जीएसटी संग्रह किसी महीने में 150,000 करोड़ रुपये से अधिक होने पर अधिकारी बहुत प्रसन्न होते थे। वे कल्पना भी नहीं कर सकते थे कि एक साल के हर महीने में संग्रह लगातार 150,000 करोड़ रुपये होगा। लेकिन वर्ष 2022-23 में यही हुआ है और विभाग ने कुल मिला कर 1800,000 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। वर्तमान वित्त वर्ष में इसका लक्ष्य बढ़ा कर 2000,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इस वृद्धि के पीछे वर्ष 2022-23 में जीडीपी में 15.9 प्रतिशत की मामूली वृद्धि है, जबकि 2021-22 में यह वृद्धि 18.4 प्रतिशत तथा जीएसटी संग्रह 1476,000 करोड़ रुपये था। लेकिन समान रूप से महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि कर अधिकारियों ने नियम लागू करने तथा करापवंचन रोकने के अथक प्रयास किए हैं। उदाहरण के लिए, वर्ष 2022-23 में महानिदेशक जीएसटी इंटेलीजेंस-डीजीजीआई ने 100,000 करोड़ रुपये से अधिक जीएसटी चोरी का पता लगाया था। जीएसटी अकेला राष्ट्रव्यापी टैक्स है जिसमें पूर्व-जीएसटी युग के एक दर्जन से अधिक टैक्स समाहित किए गए हैं। इनमें सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी-सीईडी, सेवा कर, बिक्री कर, मूल्यवर्धित कर-वैट तथा अनेक स्थानीय कर, जैसे चुंगी, खरीद कर, टर्नओवर टैक्स, आदि शामिल हैं। यह पूरे भारत में लागू होता है तथा इसमें निवेशों पर भुगतान किए सेट-आफ टैक्स के लिए भी प्राविधान किया गया है जिसे सामान्य बोलचाल में इन्पुट टैक्स क्रेडिट-आईटीसी कहा जाता है। इसमें किसी ऐसे उद्यम के लिए अंतर्निहित हतोत्साहन भी शामिल है जो अपनी खरीद या बिक्री की सूचना नहीं देता है क्योंकि उसे आईटीसी का लाभ नहीं मिलता है।

इसके बावजूद धोखाधड़ी करने वालों ने कर प्रशासन को धोखा देने के प्रयास किए हैं, लेकिन सतर्कता से काम करते हुए उनका पता लगा कर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। कर चोरी व धोखाधड़ी करने वाले कर योग्य वस्तुओं व सेवाओं की सप्लाई पर टैक्स का भुगतान नहीं करते हैं। इसके अलावा फर्जी फर्मों की इन्वायसों पर धोखाधड़ी से आईटीसी प्राप्त किया जाता है, आईटीसी का गलत आंकलन होता है, वस्तुओं व सेवाओं का मूल्य कम दिखा कर कम टैक्स अदा किया जाता है तथा रियायतों का गलत तरीके से प्रयोग होता है। पूर्व-जीएसटी व्यवस्था में फैक्ट्रियों से बिना इन्वायस बनाए वस्तुयें निकाली जा सकती थीं, उनको बिक्री स्थलों तक पहुंचा कर ग्राहकों को बेचा जा सकता था और इन पर कोई टैक्स नहीं दिया जाता था। यह स्थिति भयंकर थी क्योंकि ग्राहमों से टैक्स लिया जाता था पर यह सरकारी खजाने तक नहीं पहुंचता था। अधिकांश लेनदेन नकदी में होने के कारण यह स्थिति और गंभीर हो जाती थी। इसका अर्थ था कि इसका पता नहीं लगाया जा सकता था।

जीएसटी के अंतर्गत एक फर्म की गतिविधि व उसके लेनदेन पर लगातार नजर रहती है। जिस समय वस्तुयें परिसर से बाहर जाती हैं, उनके लिए एलेक्ट्रानिक या ई-इन्वायस, यानी डिजिटल फार्मेट में दस्तावेज तैयार करना जरूरी होता है। पीडीएफ फाइल की तरह जीएसटी नेटवर्क या जीएसटीएन इसकी एलेक्ट्रानिक तरीके से अनुमति देता है तथा प्रत्येक इन्वायस के लिए इन्वायस रजिस्ट्रेशन पोर्टल-आईआरपी पर एक आइडेंटीफिकेशन नंबर देता है। 10 करोड़ से अधिक टर्नओवर वाले बिजनेस के लिए केन्द्र सरकार ने ई-इन्वायसिंग जरूरी कर दी है। फर्म को ईवे बिल पोर्टल पर एलेक्ट्रानिक वे या ई-वे बिल भी बनाना होता है। इस दस्तावेज को उस व्यक्ति को अपने पास रखना जरूरी होता है जो 50,000 रुपये से अधिक मूल्य की वस्तुओं को ले जा रहा होता है। यह सभी लेनदेन के लिए जरूरी है, चाहे उसकी सप्लाई राज्य के भीतर हो या दूसरे राज्यों में अथवा उसे राज्य में दूसरे राज्यों से लाया जा रहा हो। इसमहद्धें गैर-पंजीकृत व्यक्ति या अन्य कारणों से सप्लाई भी शामिल है। परिवहन करने वालों को माल की इन्वायस, सप्लाई बिल या विक्रेता अथवा खरीदार द्वारा इसे न बनाने पर भी ई-वे बिल बनाने का जिम्मेदार तय किया गया है।

यदि विक्रेता ई-इन्वायस या ई-वे बिल मूल्य को 10 करोड़ या 50,000 से नीचे दिखा कर बता कर नहीं बनाता है तथा ट्रांसपोर्टर भी ई-वे बिल नहीं बनाता है तो क्या होगा? कर विभाग खरीदार द्वारा जीएसटीएन पोर्टल पर अपलोड विस्तृत विवरणों से इसका पता लगा लेगा क्योंकि उसे आईटीसी का दावा करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। कर प्रशासकों ने निश्चित रूप से उपरोक्त व्यवस्थाओं का प्रयोग उन विक्रेताओं से टैक्स वसूल करने के लिए किया है जो चोरीछिपे वस्तुओं को हटा देते हैं। फर्जी फर्मों से धोखाधड़ी कर आईटीसी प्राप्त करने के मामले ऐसी वस्तुओं के बिलों से संबंधित होते हैं जिनका कोई अस्तित्व नहीं होता है या सेवायें नहीं दी गई होती हैं। ऐसे उद्यम केवल कागजों पर सरकारी खजाने को धोखा देने के उद्देश्य से बनाए जाते हैं। सतर्क कर अधिकारी के लिए पतों व फोन नंबरों की जांच से अन्य सरकारी विभागों के पास उपलब्ध डेटा का मेल करा कर ऐसे लोगों को पकड़ा जा सकता है। कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय-एमसीए के पंजीकरण कार्यालय या भौतिक जांच कर इनका पता लगाया जा सकता है। 'आईटीसी के गलत प्रयोग' से भी सरकारी खजाने को धोखा दिया जा सकता है। ऐसा करने वाले उद्यम अपने दावे या दस्तावेज में प्रदत्त सेवाओं का अधिक मूल्य दिखाते हैं।

उदाहरण के लिए, दर्जनों बीमा कंपनियों द्वारा सेवा प्रदाताओं को बहुत अधिक कमीशन दिए जाने पर डीजीजीआई ने जांच शुरू की जो बीमा नियामक एवं विकास अधिकरण-इरडा द्वारा अनुमति प्राप्त सीमा से अधिक था। कर योग्य वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य कम दिखाने या बिजनेस क्षेत्रों में अंडर-इन्वासिंग के माध्यम से कम टैक्स दिया जाता है। उदाहरणार्थ यदि 100 रुपये मूल्य की किसी वस्तु को 80 रुपये का दिखाया जाए तो 18 प्रतिशत जीएसटी दर होने पर 3.6 रुपये का कम भुगतान संभव है। ग्राहक को बिक्री का रिकार्ड रखने वाले जीएसटीएन में इस प्रकार कम मूल्य दिखाना पकड़ में नहीं आता है। लेकिन कर अधिकारी किसी न किसी चरण पर उसकी 100 रुपये की असली कीमत का पता लगा लेंगे और इस पर जुर्माने के साथ टैक्स वसूलेंगे। बिजनेस रियायत घोषणाओं का गलत लाभ भी उठा सकते हैं। उदाहरणार्थ, पनीर समेत दुग्ध उत्पादों व दही पर खुला बेचने पर शून्य जीएसटी लगता है, जबकि पैकेटबंद व लेबिल लगा कर ऐसे उत्पादों की बिक्री पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। संदिग्ध फर्में पैकेटों में बेचने के बावजूद इस महीन अंतर का लाभ उठा सकती है।

हालांकि, सभी उपरोक्त क्षेत्रों में डीजीजीआई की कार्रवाई से करापवंचन रोकने तथा धोखाधड़ी करने वालों को टैक्स देने को मजबूर होना पड़ा है, लेकिन इसके बावजूद कुछ इससे बच निकलते हैं। सप्लाई श्रृंखला में खुदरा व्यापारी तक सभी पक्ष एकसाथ मिल कर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि लेनदेन को जीएसटीएन पर न दिखाया जाए। क्या विभाग ऐसी स्थितियों से निपटने में भी सक्षम है? डीजीजीआई 'एंड टु एंड' डेटा एनालिटिक्स जैसे तकनीकी औजारों या इसके एक हिस्से का 'गैप एनालिसिस' कर सप्लाई श्रृंखला में भुगतान किए टैक्स पर गौर कर उन अत्यधिक जोखिम वाले क्षेत्रों का पता लगा सकता है जहां बड़ी मात्रा में मूल्य संवर्धन दर्ज न कर करापवंचन होता है। इसके बाद उत्पादन के स्तर पर ही करापवंचन रोकने के लिए जरूरी इन्फोर्समेंट कार्रवाई की जाती है तथा आवश्यकता होने पर नीतियों में परिवर्तन किया जाता है। उम्मीद करनी चाहिए कि इन प्रयासों के नतीजे निकलेंगे। वर्तमान कार्रवाइयों की गतिशीलता बनाए रखते हुए भारत को वर्ष 2024-25 तक 2400,000 करोड़ जीएसटी संग्रह का लक्ष्य बनाना चाहिए। उस चरण पर सरकार पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी में लाने तथा तीन स्लैब वाली सरल कर व्यवस्था बनाने के लंतित सुधारों पर भी विचार कर सकेगी।

# परिवर्तन के वाहकों को पीएम मोदी की श्रद्धांजलि

"मन की बात ने ऐसे गुमनाम नायकों को राष्ट्रीय चेतना में उनका सही स्थान दिया है।"

सुमित भसीन
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 99 एपिसोड में जीवन के सभी क्षेत्रों से सामाजिक परिवर्तन एजेंटों के साहसी कार्यों के 700 से अधिक उदाहरणों का उल्लेख किया गया है। सैकड़ों सामाजिक परिवर्तन एजेंटों ने अपने परिवेश में लोगों की सामूहिक भलाई के सामाजिक लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए बाधाओं का मुकाबला किया। वे भारत के गुमनाम नायक थे, और देश को उनमें से कई की जरूरत है क्योंकि 2047 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा शुरू हो गई है।

मन की बात ने ऐसे गुमनाम नायकों को राष्ट्रीय चेतना में उनका सही स्थान दिया है। पीएम मोदी ने ऐसे ही वीरों की गाथाओं को अपनी आवाज दी। वे जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता, खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण के संरक्षण, सामाजिक असमानता, महिला सशक्तिकरण, बाल विकास आदि जैसी वैश्विक चुनौतियों की उल्लेखनीय समझ का प्रदर्शन करके अपने परिवेश में बदलाव ला रहे थे। अब जब देश के करोड़ों लोग सामाजिक परिवर्तन एजेंटों की कहानियों और उनके काम से अवगत हो गए हैं, तो मन की बात में पीएम मोदी द्वारा किए गए प्रयासों को संस्थागत बनाना आवश्यक हो गया है। सभी की भलाई के लिए सामाजिक परिवर्तनों की कहानियों के प्रसार पर सभी हितधारकों का विशेष ध्यान होना चाहिए। इसके लिए केंद्र सरकार के मंत्रालयों के साथ-साथ राज्य प्रशासनों के संस्थागत समायोजन की आवश्यकता हो सकती है। भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की अपनी यात्रा में डेक पर सभी हाथों की आवश्यकता होगी।



प्रसार भारती, जिसके पास ऑल इंडियन रेडियो का अधीक्षण है, को लोगों द्वारा सूचना उपभोग की पहली पसंद बनने के लिए एक बड़े बदलाव का लक्ष्य रखना है। मन की बात के आउटरीच की सर्वे रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सुनने वालों से ज्यादा देखने वाले थे. यह इस बात की पुष्टि करता है कि भारत परंपरा और आधुनिकता के साथ-साथ चलने के साथ परिवर्तन के पथ पर है। यही भारत की संपदा है। इसे देश के लाभ के लिए समृद्ध किया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने झलक दिखाई है कि देश में किस्सों का खजाना है, जिन्हें मेनस्ट्रीम मीडिया वैसे तो नजरअंदाज कर देता है, लेकिन उन्हें दर्शक ज्यादा पसंद करते हैं. इस प्रकार, लघु, मध्यम और लंबे प्रारूपों में वृत्तचित्रों को सूचना और प्रसारण मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहिए, और जरूरी नहीं कि यह प्रयास विभागीय आउटरीच हो। यदि एक पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण किया जा सकता है जहां स्वतंत्र कथाकारों को शामिल किया जाता है, तो उद्देश्य तेजी से प्राप्त किया जा सकता है।

भारत को अपनी आर्थिक उन्नति के लिए एक नैतिक आधार की आवश्यकता है। जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, तो देश को विश्व स्तर पर अपने देखभाल करने वाले समाज के लिए जाना जाना चाहिए। मन की बात में पीएम मोदी का जोर लोगों को ऐसी स्थिति में ले जाने पर है जहां वे दूसरों की देखभाल कर रहे हैं और आसपास के लोगों के साथ अपने मूल्यों और संपत्ति को साझा कर रहे हैं। भारत नाजुक मोड़ पर है। भारत केवल आठ वर्षों में 2014 में 2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से बढ़कर 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया। लाभ में अब तेजी लाने की जरूरत है। कम समय में 3 ट्रिलियन डॉलर से 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करनी है। ऐसे समय में जब आर्थिक परिवर्तन तीव्र गति से हो रहे हैं, यह आवश्यक है कि सामाजिक परिवर्तनों की गति बनी रहे।

यह एक तेज़-तर्रार सामाजिक परिवर्तन के कार्य को आसन्न बनाता है, जिसे पीएम मोदी ने मन की बात में आसानी से किया है, और जिसे अब जीवन के सभी क्षेत्रों और पूरे देश से कई वाहकों की आवश्यकता है। 'हम यह कर सकते हैं, और हमें यह करना ही होगा' की भावना लोगों के लिए मार्गदर्शक दीपक बनना चाहिए। इस उद्देश्य के लिए जो भी संस्थागत हस्तक्षेप आवश्यक है, उसे केंद्र सरकार के मंत्रालयों और राज्यों की एजेंसियों सहित हितधारकों द्वारा शीघ्रता से प्रदान किया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने हर तरह से एक समाज सुधारक की टोपी पहने एक राजनीतिक नेता के पैमाने का प्रदर्शन किया है। इस विशेषता को संस्थागत बनाने की आवश्यकता है। मन की बात के माध्यम से पीएम मोदी ने समाज में निश्चित बदलाव की परिवर्तनकारी नींव रखी है, जो राजनीति सहित जीवन के सभी क्षेत्रों को छू सकता है। यह कोविड-19 महामारी के दौरान प्रदर्शित किया गया है, जिसे पीएम मोदी ने भी मन की बात में बड़े पैमाने पर कब्जा कर लिया है, कि जब देश में तालाबंदी की गई थी और समाज का एक वर्ग था जिसने भूख की संभावनाओं का सामना किया था तो सामाजिक समूहों ने इसका सहारा लिया था। चुनौतियों का सामना करने में अग्रणी। ऐसे सामाजिक समूहों में कई राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल थे, जिन्होंने मानवता और समाज की सेवा को प्रदर्शित करने के लिए दिन की सर्वोच्च प्राथमिकता का जवाब दिया, यह राजनीति का साधन भी है। इक्विटी और चरित्र के लोगों का समाज बनाना जो पूर्णता के लिए वैश्विक मान्यता के प्रतीक बन सकते हैं, सभी हितधारकों द्वारा और गहन निवेश की आवश्यकता होगी। मन की बात इस प्रयास में एक मशाल है।

## आप की बात

### मौसम की भविष्यवाणी

**एक** वैज्ञानिक ने कहा, मानसून पर सिर्फ दो ही बार गलत हुए हैं हम। लेकिन विडंबना है कि स्काईमेट हो चाहे मौसम विभाग कभी भी दोनों का अनुमान 50 प्रतिशत से कम ही सटीक साबित हुए हैं। इनकी भविष्यवाणियां भी गोलमोल होती हैं। वे कहते हैं कि किस महीने में कौन से प्रदेश में कितनी बारिश कम ज्यादा होगी इसकी हम स्पष्ट घोषणा नहीं कर सकते। तो फिर उनकी ऑल इंडिया लेवल की घोषणाओं से किसी का कोई लाभ होने की कोई संभावना ही नहीं है। भले ही बिना किसी वैज्ञानिक जानकारी के अतीत में अनुभव-आधारित अनेक स्थानीय मौसम की भविष्यवाणियां सही होती थीं। गांव के बड़े-बुर्जुग घाघ व भड्डरी की कहावतें आज भी याद करते हैं जो अनेक मामलों में सही बैठती हैं। वैसे कहा जा रहा है कि अब एआई को मौसम की भविष्यवाणियों के आधुनिकतम उपकरणों के साथ जोड़कर सटीक भविष्यवाणियां करना संभव हो जाएगा। स्काईमेट और मौसम विभाग को इस पर तत्काल कार्य शुरू कर देना चाहिए। किसानों तथा आम जनता को स्थानीय स्तर पर मौसम की सटीक भविष्यवाणियां चाहिए जो उनके किसी काम आ सकें। उम्मीद करनी चाहिए कि यह सफलता जल्द ही हमें मिलेगी।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### मोबाइल से मुश्किलें

**नए** शोधों से यह ज्ञात होने पर कि मोबाइल कई तरह के संक्रमित विषाणु को अपने में आत्मसात करके कई गंभीर रोगों का कारण बन सकता है। इसके पूर्व भी इससे होने वाले विकिरण आंखों पर पड़ने वाले दबाव आंखों की रोशनी कम होने और शारीरिक गतिविधियां घटने से कई तरह के रोगों की आशंकाए निरंतर वैज्ञानिकों की ओर से प्रकट की जा रही है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जुड़ जाने से यह और अधिक समय तक हाथों से चिपका रहेगा। बेशक जरूरत के कार्यों के लिए एक निश्चित समय तक स्मार्टफोन का उपयोग उचित है। मगर कई व्यस्ततम लोगों को मैंने मोबाइल पर गेम खेलते हुए कई घंटे बर्बाद करते देखा है। न तो खाना खाते समय ही यह उनके हाथ से छूटता है और ना ही किसी मित्र या परिजन से मुलाकात के वक्त वे उसे बंद करते हैं। यहां तक कि अब तो श्मशान घाट में भी मोबाइल का उपयोग करने से लोगों को गुरेज नहीं है। पढ़ाई करने वाले बच्चों की आंखों पर मोटे लैंस वाले चश्मे लग गए हैं। मोबाइल ने इंसानी जीवन को बहुत ही सुगम और सरल बना दिया परंतु इसके साथ आई कुछ बुरी लतों ने इंसानी रिश्तों में दरारें डाल दी है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### केजरीवाल की छवि

**यह** कितनी बड़ी विडंबना है कि वह इंसान जिसका उदय भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से हुआ था और जिसने अपने बच्चों की कसम कहते हुए कहा था कि सरकारी वाहन और बंगले का उपयोग नहीं करेगा उस इंसान ने आज अपने बंगले पर 45 करोड़ रूपये खर्च कर दिए। केजरीवाल या आप के नेता कितनी भी सफाई दें वह इसको न्यायोचित नहीं ठहरा सकते हैं। एक और जहाँ उनके शीर्ष नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन सलाखों के पीछे हैं, वहीं इस खबर के बाहर आने से केजरीवाल और संकट में फंस जाएंगे। उनके ईमानदार होने की छवि पर यह बहुत बड़ा धब्बा है जिसको वह आसानी से मिटा नहीं पाएंगे। इसमें निसंदेह कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि अगर हम यह कहें कि आप निरंतर गर्त में गिरती जा जा रही है तथा उसका पतन निश्चित है। राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल होने जैसी बड़ी उपलब्धि होते हुए भी वह कद में बौने ही लग रहे हैं। केजरीवाल व आम आदमी पार्टी को स्वयं एक कदम आगे बढ़ कर इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करानी चाहिए। यदि वह ऐसा नहीं करती है तो उसकी छवि को कोई मिट्टी में मिलने से नहीं रोक सकता है।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

### आयुष पद्धतियां

**गुजरात** उच्च न्यायालय द्वारा बीएएमएस को एमबीबीएस के समकक्ष मानते हुए बीएएमएस आयुर्वेद चिकित्सकों को समान वेतनमान दिए जाने के निर्णय के प्रतिकूल सुप्रीम कोर्ट का निर्णय उचित नहीं कहा जा सकता है। अनेक बीएएमएस डॉक्टर एक एमबीबीएस चिकित्सक जितनी शल्य चिकित्सा, इमरजेंसी चिकित्सा आदि सहजता से कर सकते हैं। बीएएमएस के समन्वित पाठ्यक्रम में आयुर्वेद के साथ आधुनिक विषयों का भी समावेश रहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार आयुर्वेद समेत सभी आयुष पद्धतियों को प्रोत्साहन देने के अभूतपूर्व प्रयास कर रही है। ऐसे में आयुर्वेद व यूनानी चिकित्सा स्नातकों को सर्जरी तथा आधुनिकतम निदान तकनीकों में दक्ष बनाने के लिए भागीरथ प्रयासों की आवश्यकता है। आधुनिक विज्ञान व तकनीक का प्रयोग आयुष पद्धतियों के दर्शन व अनुभव से मिल कर सभी प्रकार के रोगियों की चिकित्सा के साथ ही स्वस्थ लोगों का स्वास्थ्य बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान कर सकता है। अतः सभी चिकित्सा पद्धतियों में समानता जरूरी है।


– **जय प्रकाश गुप्त,** अम्बाला

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# मन की बात समाज को एकात्मता के सूत्र में पिरोती है : योगी

- मंत्री से लेकर पदाधिकारी व सामाजिक संगठन, शिक्षण संस्थान, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक केन्द्र व अन्य संस्थाएं भी मन की बात कार्यक्रम से जुड़ी
- भाजपा ने प्रदेश में बूथ स्तर पर लगभग 55 हजार स्थानों पर की थी प्रसारण की व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें संस्करण को ऐतिहासिक बनाने और इसे व्यापक स्वरूप देने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में बूथ स्तर पर लगभग 55 हजार स्थानों पर प्रसारण की व्यवस्था की गई। चरैवेति चरैवेति के मंत्र के साथ जन-जन के मन से जुड़ती हुई प्रधानमंत्री के मन की बात के 100वें संस्करण के साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह सहित पार्टी के सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता प्रदेश के विभिन्न स्थानों से जुड़े। इसके साथ ही बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन, शिक्षण संस्थान, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक केन्द्र व अन्य संस्थाएं भी मन की बात कार्यक्रम से जुड़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय पुनरूत्थान को गति देने वाले मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक विधानसभा में 100 से अधिक स्थानों पर बड़े स्तर पर आयोजित किया गया है। जिसमें स्थानीय सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कर्नाटक में मन की बात कार्यक्रम से जुड़ते हुए कहा कि भारत के मन की बात के 100 एपिसोट पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर हार्दिक अभिनंदन। उन्होंने कहा कि इस प्रेरणादायी कार्यक्रम में अंत्योदय का संकल्प विकसित भारत का विजन और विश्व समुदाय के कल्याण का दृष्टिपथ है। उन्होंने कहा कि मन की बात सदैव ही प्रेरक व सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाली होती है। देश और समाज को एकात्मता के सूत्र में पिरोने वाला यह मन की बात कार्यक्रम जिस विषय से जुड़ा वह जन आन्दोलन बन गया।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पार्टी के राज्यमुख्यालय पर मन की बात कार्यक्रम से जुड़ते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से नए प्रयासों व नए प्रयोगों से पर्यावरण, समाज, कृषि, संस्कृति, विज्ञान, कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में नव सृजन व नव परिवर्तन का संवाहक बनकर मन की बात कार्यक्रम जनान्दोलन बना है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, त्रयम्बक त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री संजय राय, राम प्रताप चौहान, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, सुरेश पासी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सह प्रभारी हिमांशु दुबे, मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सहप्रभारी अतुल अवस्थी, चौधरी लक्ष्मण सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता जुड़े।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से जुड़ते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने शिक्षा, संस्कृति के संरक्षण व संर्वधन, भारतीय प्राचीन परम्पराओं, पर्यावरण संरक्षणए स्वच्छ भारत अभियान, अमृतकाल एवं अमृतसरोवर सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को साझा करते हुए चरैवेति चरैवेति की भावना के साथ 100वां एपिसोड पूरा किया।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रामलीला मैदान इकोनाए श्रावस्ती में प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से जुड़ते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायी है। पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम ने जन गण मन को स्पर्श किया है और यही कारण है कि प्रधानमंत्री जी के साथ मन की बात कार्यक्रम से जहां एक ओर बड़ी संख्या में शिक्षण संस्थानों में छात्र व अध्यापक जुड़े तो वहीं मंदिर, मठ और मदरसों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने प्रधानमंत्री जी मन की बात को सुना। विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाएं भी मन की बात से प्रेरित हुई और महिला, युवाए श्रमिक, व्यापारी, अधिवक्ता, चिकित्सक तथा प्रबुद्धवर्ग ने भी मन की बात से अपने मन को जोड़ा है। श्री पाठक ने बताया कि प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी के राज्यसभा व लोकसभा सांसद, विधायक, आयोग निगम बोर्ड के अध्यक्ष, सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्य तथा पार्टी के एक.एक कार्यकर्ता ने स्वयं को मन की बात कार्यक्रम से जोड़ा और अभूतपूर्व रूप से प्रदेश में बूथों के साथ ही 55 हजार से अधिक स्थानों पर बड़े समूह में जन.जन ने मोदी जी के मन की बात से स्वयं को जोड़ा।

## विपक्षी दल सिर्फ बयानबाजी कर लड़ रहे चुनावः भूपेन्द्र चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रविवार को कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस सिर्फ बयानबाजी कर निकाय चुनाव लड़ रही है, इनका जनता से सरोकार समाप्त हो चुका है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मुरादाबाद में जनसंवाद करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को विजय का आशीर्वाद देकर नगरों के विकास की गति को निर्वाध बनाए रखिए। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व की सरकारों द्वारा नगर विकास की योजनाओं को भाजपा से चुने हुए जनप्रतिनिधि ही ईमानदारी से धरातल पर उतारकर सुन्दरए स्वच्छ व आधुनिक नगरों का निर्माण करेंगे। इसलिए विकास का तीसरा इंजन जोड़कर भाजपा प्रत्याशियों को विजय का आशीर्वाद दीजिए।

भाजपा प्रदेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश की सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर काम कर रही हैं। डबल इंजन की सरकार ने जनता की आशाओं पर खरे उतरते हुए विकास कार्य किए हैं और कर भी रही हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनवाएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी संकल्पों को पूरा किया हैं। सरकार की सभी योजनाएं पारदर्शी रूप से संचालित हो रही हैं। भाजपा सरकार बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा सभी पर काम रही है। बिजली हमारी प्राथमिकता में है। बिजली विकास का सशक्त माध्यम हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद पूरे प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के बिजली वितरण हो रहा हैं। पूर्व की सपा.बसपा सरकारों के कार्यकाल में बिजली के मामले में वीआईपी कल्चर लागू थाए कुछ चयनित जिलों व क्षेत्रों में बिजली दी जाती थीं।

## मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे मुरादाबाद समेत पूर्वांचल में चुनावी जनसभाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1 मई को मुरादाबाद, प्रतापगढ, जौनपुर, वाराणसी तथा गोरखपुर में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी सुबह 11 बजे रामलीला मैदान, लाइनपार्क मुरादाबाद तथा दोपहर 01:25 बजे जीआईसी प्रतापगढ में भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। दोपहर 02:35 बजे बीआरपी इंटर कालेज, जौनपुर तथा सायं 4 बजे मिनी स्टेडियम, शिवपुर वाराणसी में जनसभाओं को संबोधित करेंगें। तदोपरान्त सायं 05:55 बजे टाउन हॉल, गोरखपुर में आयोजित जनसभा में विजय का शंखनाद करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सोमवार को बिजनौर व मुरादाबाद के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी सुबह 11:00 बजे रामलीला मैदान, मुरादाबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। 02:00 बजे बिजनौर के नगर पालिका परिषद, धामपुर, चुनाव संचालन समिति के साथ बैठक में मंत्रणा करेंगे तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। चौधरी सायं 05:00 बजे नगर पालिका परिषद, बिजनौर चुनाव संचालन समिति के साथ बैठक के दौरान नगर निकाय चुनाव में जीत का मंत्र देंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को हरदोई, सीतापुर, कुशीनगर तथा गाजीपुर में आयोजित जनसभाओं में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन विजय शंखनाद करेंगे। मौर्य सुबह 11:15 बजे बड़ी फील्ड शाहाबाद हरदोई में जनसभा तथा दोपहर 12:20 बजे उत्सव गेस्ट हाउस आर्यनगर, सीतापुर में कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। मौर्य दोपहर 02:20 बजे सेलिब्रेशन मैरिज हाल, हाटा, कुशीनगर तथा दोपहर 05:40 बजे गांधी पार्कए गाजीपुर में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक फतेहपुर व रायबरेली में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पाठक सुबह 11:15 बजे काशी काम्पलैक्स, विन्दकी, फतेहपुर तथा दोपहर 12:50 बजे होटल प्रेजेंट व्यू, मोनिका टॉकिज के पास, रायबरेली में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगें। केन्द्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा झांसी, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह प्रयागराज, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह मथुरा तथा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह वाराणसी में आयोजित बाइक रैली में सम्मिलित रहेंगे। सांसद राजवीर सिंह राजू भैया हरदोई में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। प्रदेश के पूर्व मंत्री मोहसिन रजा सोमवार को अमरोहा व सम्भल में नुक्कड़ सभा तथा जनसम्पर्क करेंगे।

## स्मार्ट सिटी के नाम पर बड़े पैमाने पर हुआ भ्रष्टाचारः अखिलेश यादव

**लखनऊ/गोरखपुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार 6 साल के कार्यकाल में शहरों से कूड़ा नहीं हटा पाई, नालियां और नाले नहीं साफ कर पाई। सड़कों से गड्ढे नहीं हटा पाई। भाजपा सरकार जनता से तमाम तरह का टैक्स लेती है लेकिन उन्हें कोई सुविधा नहीं देती। स्मार्ट सिटी के नाम पर सिर्फ धोखा देने का काम किया है, इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। अखिलेश यादव ने कहा कि कूड़ा हटाना, नालियां साफकरना नालियों को सीवर लाइन से जोड़ना, साफ सफाई करनाए सांड हटाना यह जिम्मेदारी नगर निगमों की है लेकिन नगर निकाय चुनाव में इन सवालों का जवाब देने के बजाय मुख्यमंत्री पता नहीं क्या क्या बातें करते हैं। गोरखपुर देवरिया और संत कबीर नगर दौरे पर पहुंचे अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 2017 में गोरखपुर में मेट्रो चलाने की घोषणा की थी लेकिन आज तक मेट्रो कहीं दिखाई नहीं दे रही है।



अखिलेश ने गोरखपुर में मेयर प्रत्याशी काजल निषाद के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि भाजपा पिछड़ों, दलितों, अगड़ो, अल्पसंख्यकों सभी को अपमानित कर रही है। हम सभी समाजवादी लोग चाहते हैं कि जातीय जनगणना हो जाए जिससे सभी को उनकी आबादी के अनुपात में हक और सम्मान मिल सके लेकिन जातीय जनगणना के नाम पर भाजपा को सांप सूंघ जाता है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। सरकार बजट का बंदरबांट कर रही है। सड़के बनते ही टूट रही हैं। सड़कों के निर्माण में कोई गुणवत्ता नहीं है। समाजवादियों पर आरोप लगाने वाले 90 किमी की गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे बनाने के लिए करीब पांच हजार करोड़ रुपए लुटा रहे हैं। इसमें बड़े पैमाने पर खेल हो रहा है। इतने भारी भरकम बजट के बाद भी यह सड़क अभी नहीं बन पायी। पता नहीं इसमें कौन सा हिसाब किताब चल रहा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में महंगाई, बेरोजगारी बहुत बढ़ गई है। लोगों को दूधए तेलए आटाए दाल सभी कुछ मंहगा खरीदना पड़ रहा है। नौजवान मारा.मारा फिर रहा है। कहीं नौकरी नहीं है। इस सबके लिए भाजपा जिम्मेदार है। प्रदेश की जनता भाजपा से त्रस्त है। उसने बदलाव का मन बना लिया है। गोरखपुर में समाजवादी पार्टी भाजपा को पहले भी हरा चुकी है और अब फिर नगर निगम चुनाव में हराने जा रही है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी की बात करती है लेकिन यह नहीं बताती है कि यह कैसे होगा। मुख्यमंत्री इस तरह की बात करते है कि जो आम जनता की समझ में न आये। इसी झूठ के प्रचार के लिए भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री ने 200 करोड़ रूपये देकर अमेरिका से एक कम्पनी बुलाई है। अपने झूठ को सच बताने के लिए भाजपा सरकार जनता के सैकेड़ों करोड़ रूपये लुटा रही है। अखिलेश ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधिक घटनाओं से आम जनता परेशान और त्रस्त है। भ्रष्टाचार, लूट, बलात्कार और अन्य अपराध की घटनाएं इतनी पहले कभी नहीं हुई जितनी भाजपा सरकार में हो रही है। गोरखपुर के अपराध की घटनाएं हर दिन अखबार की सुर्खियां बन रही है। गोरखपुर पार्टी संगठन से कहा कि पिछले पांच साल में गोरखपुर में हुई घटनाओं को लेकर एक किताब छापी जाय कि कितनी हत्या हुई हैए कितनी बेटियों के साथ छेड़खानी हुई महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ। जो कानून व्यवस्था की बात करते हैं वे बताएं कि उप्र में परमानेंट डीजीपी क्यों नहीं बनाया जा रहा है। पुलिस को परमानेंट डीजीपी नहीं मिल पा रहा है। एक कार्यकारी डीजीपी रिटायर्ड हो गया। जो दूसरा बनाया गया वह भी कार्यकारी है। अखिलेश यादव ने कहा कि जो मुख्यमंत्री अपना डीजीपी न पोस्ट कर पाये उससे कमजोर मुख्यमंत्री कोई नहीं हो सकता। अपनी कुर्सी बचाने के लिए और महंगाईए बेरोजगारी पर बहस न हो इसलिए नये.नये मुद्दे उठाते हैं। भाजपा के लोग हिन्दू मुस्लिम की खाईं पैदा करते हैं।

## निकाय चुनाव में मुस्लिम समाज को भागीदारी देने से जातिवादी दलों की नींद उड़ीः मायावती



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**निकाय चुनाव** को लेकर प्रदेश में सियासी हलचलें बढ़ती जा रही हैं। भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक दल पूरे जोरशोर के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस बीच बसपा सुप्रीमो मायावती के बयान से सियासी माहौल और गरमा गया है। रविवार को उन्होंने ट्वीट कर कहा कि उनकी पार्टी द्वारा नगर निगम चुनावों में मुस्लिम समाज को उचित भागीदारी दिए जाने के कारण जातिवादी एवं साम्प्रदायिक दलों की नींद उड़ी हुई है। उन्होंने ट्विटर पर एक के बाद एक कई ट्वीट किए हैं।

इसमें उन्होंने लिखा कि उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव के तहत 17 नगर निगमों में महापौर पद के लिए हो रहे चुनाव में बसपा द्वारा मुस्लिम समाज को भी उचित भागीदारी देने को लेकर यहां राजनीति काफी गरमाई हुई है और इससे खासकर जातिवादी एवं साम्प्रदायिक दलों की नींद उड़ी हुई है। एक और ट्वीट में उन्होंने कहा कि बसपा सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की नीति व सिद्धांत पर चलने वाली अंबेडकरवादी पार्टी है और इसने इसी आधार पर उत्तर प्रदेश में चार बार अपनी सरकार चलाई। इसने मुस्लिम एवं अन्य समाज को भी हमेशा उचित प्रतिनिधित्व दिया। अत: मैं लोगों से विरोधियों के षड्यंत्र के बजाय अपने हित पर ध्यान केंद्रित करने की अपील करती हूं।

## राजभवन में मन की बात के सौंवे एपीसोड का किया गया सीधा प्रसारण

- यूपी के 57 लोगों ने किया प्रतिभाग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के सौंवे एपीसोड का सजीव प्रसारण रविवार को राजभवन में हुआ। कार्यक्रम की विशेष स्क्रीनिंग राजभवन के गांधी सभागार में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में की गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ मन की बात की विभिन्न कड़ियों में जुड़ने वाले उत्तर प्रदेश के 57 लोगों ने प्रतिभाग किया।

प्रसारण के उपरांत कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम देश में जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का प्लेटफार्म बन चुका है। यह लोगों के हृदय में स्थान बनाने के साथ-साथ जन चेतना को जाग्रत करने का सशक्त माध्यम बना है। अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को इससे प्रेरणा मिली। राज्यपाल ने ऐसे विविध कार्यक्रमों का उल्लेख भी किया, जिनमें मन की बात से प्रेरणा पाकर बड़ी संख्या में लोग जनहित कार्यों से जुड़े। इसी क्रम में उन्होंने स्वंय सहायता समूहों के गठन से महिलाओं में बड़ी आत्मनिर्भरता, मुद्रा योजना से उन्हें सहज लोन की प्राप्ति, कोरोना काल में महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित मास्क का फ्री वितरण, बड़ी संख्या में समर्थ जनता द्वारा गैस सब्सिडी का पिछड़े क्षेत्र और ग्रामीण महिलाओं के हित में त्याग, बेटियों के जन्म और शिक्षा के प्रति समाज में बढ़ी संवेदनशीलता से लिंगानुपात में सुधार जैसे कई मुद्दों पर अभूतपूर्व बदलावों और प्रगति का उल्लेख किया।

राज्यपाल ने बताया कि यह कार्यक्रम एक पक्षीय कार्यक्रम नही है। आज जिस सौवीं कड़ी का प्रसारण हम सबने सुना उसके लिए प्रधानमंत्री के पास देश भर से लाखों पत्र पहुँचे हैं। लाखों लोग कार्यक्रम से जुड़ते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रयागराज से आयी नव्या वर्मा का जिक्र करते हुए बताया कि नव्या ने भी कार्यक्रम के संदर्भ में प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था और उन्होंने उसके पत्र को भी अपने कार्यक्रम में स्थान दिया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम उनके चिन्तनशील विचारों का पुंज है जो आम नागरिकों के लिए मार्गदर्शी संवाद साबित हुआ। तमाम लोग बड़े जनहित कार्यों के लिए इस कार्यक्रम से प्रेरणा पाकर जुड़े।

इस अवसर पर कार्यक्रम में आये श्रोताओं ने मन की बात से जुड़े अपने अनुभव बताए, जिसमें बरेली की अध्यापिका दीपमाला ने 800 दिव्यांग बच्चों का स्कूल में दाखिला कराने, प्रयागराज की नव्या वर्मा ने 2047 के भारत परिकल्पना पर प्रधानमंत्री को पत्र लिखन, रायबरेली के कैलीफोर्निया निवासी प्रवासी रजनीश बाजपेई द्वारा उप्र के गाँवों को स्मार्ट गाँव बनाने और इस मुहिम में यहाँ के अन्य प्रवासियों को भी जोड़ने, ललितपुर जिले के ग्राम नेवारी की ग्राम प्रधान नेहा बाजपेयी द्वारा अमृत सरोवर बनाने के तहत बड़े क्षेत्र को सिंचित करने, सेवानिवृत्त कर्नल हरीशचंद्र प्रताप द्वारा चिया सीड का उत्पादन करके इसके आयात की निर्भरता कम करने, कोविड काल में हरदोई के जतिन ललित द्वारा गाँव में पुस्तकालय बनाने, जेल के अधिकारी भीमसेन द्वारा बंदियो द्वारा प्रयुक्त बेकार कम्बलों से गायों के लिए कोट बनाने जैसे विशेष कार्यों का उल्लेख किया। ये वो सराहनीय कार्य थे, जिनकी चर्चा प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम में भी की।

कार्यक्रम में राजभवन में कार्यरत रीता यादव ने कहा कि हम अपने प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण तब समझ पाए, जब राज्यपाल ने इस परिप्रेक्ष्य में राजभवन में विविध गतिविधियाँ संचालित करवायीं। उन्होंने राज्यपाल की प्रेरणा से राजभवन में आयोजित महिलाओं हेतु मशरूम की खेती का प्रशिक्षण, सिलाई प्रशिक्षण जूडो प्रशिक्षण, महिलाओं के स्वास्थय परिक्षण कार्यक्रम, सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु नि:शुल्क वैक्सीनेशन, परम्परागत खेलों का आयोजन, जैविक खेती, वेस्ट मैटेरियल से उपयोगी सामग्री का निर्माण, मोटे अनाज से व्यंजन बनाना जैसी विविध गतिविधियों का उल्लेएख किया। कायक्रम उपरांत राज्यपाल ने इस अवसर पर राजभवन के अन्नपूर्णा हाल में केंद्रीय संचार ब्यूरो, लखनऊ द्वारा आयोजित मन की बात और अमृत महोत्सव पर आधारित एक तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। प्रदर्शनी स्कूल बच्चों और राजभवन अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अन्य ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ये प्रदर्शनी दर्शनार्थियों के लिए तीन दिन तक खुली रहेगी।

### जेल अधीक्षक फतेहगढ़ ने राज्यपाल को भेंट की शॉल



**लखनऊ।** राजभवन में रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के सौवें एपिसोड के प्रसारण अवसर पर उन व्यक्तित्वों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, जिनके कार्यों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वाराा अब तक अपने मन की बात कार्यक्रम में स्थान दिया गया है। जेल अधीक्षक जिला जेल फतेहगढ बी एस मुकुंद साथ ही आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों में शामिल थे। जेल अधीक्षक बीएस मुकंद ने इस मौके पर जिला जेल फ़तेहगढ़ में बंदियों द्वारा तैयारी की गई शाल राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल को भेंट कर रहे हैं।

### मई दिवस पर बधाई दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मई दिवस के अवसर पर श्रमिकों एवं उनके परिजनों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने सन्देश में कहा है कि मई दिवस श्रमिकों को मुख्य धारा से जोड़ने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का सतत सन्देश देता है।

## सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का मूलमंत्र लेकर सरकार कर रही कार्यः ब्रजेश पाठक

- सपा, कांग्रेस व रालोद के नेता भाजपा में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय जनता पार्टी** के राज्य मुख्यालय पर रविवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष सपा, कांग्रेस व रालोद के नेता तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस के घोषित पार्षद प्रत्याशी भाजपा में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष समाजवादी पार्टी की नेता व पूर्व मंत्री अरूणा कोरी पूर्व विधायक बिल्हौर विधानसभा शहर कांग्रेस कमेटी, लखनऊ के निवर्तमान अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव अज्जू दो बार विधानसभा चुनाव प्रत्याशी, राष्ट्रीय लोकदल बिजनौर के पूर्व जिलाध्यक्ष व विधानसभा प्रत्याशी राहुल चौधरी, समाजवादी पार्टी से वांदा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी देवराज गुप्ता ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही क्षत्रिय समाज की महासचिव प्रियंका सिंह श्रीनेत, राष्ट्रीय लोकदल बिजनौर के जिला महासचिव राजेन्द्र भारती, राष्ट्रीय लोकदल रूहेलखण्ड के महासचिव अनुज चौधरी सहित बड़ी संख्या में विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता अंत्योदय विचारधारा को आत्मसात करते हुए भाजपा परिवार में शामिल हुए। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय व रामप्रताप सिंह चौहानए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सहप्रभारी हिमांशु दुबे व महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी मुख्यालय पर हुए सदस्यता ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टीए कांग्रेस व रालोद के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इसके साथ ही शहर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अशोक उपाध्याय, अमित पाण्डेय, सर्वेश श्रीवास्तव, महासचिव अशोक सोनकर, अशोक श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, कौशलेन्द्र सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस सुमन उपाध्याय, मीडिया प्रभारी पवन श्रीवास्तव, कार्यालय प्रभारी रितु भटनागर तथा प्रदेश उपाध्यक्ष आरटीआई सरदार जसवीर सिंह सहित शहर कांग्रेस कमेटी के अन्य पदाधिकारियों व बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में कांग्रेस द्वारा घोषित नगर निगम लखनऊ के पार्षद प्रत्याशियों ने भी भारतीय जनता पार्टी की नीतियों तथा विचारधारा में आस्था प्रकट करते हुए भाजपा परिवार में शामिल हुए। लखनऊ नगर निगम से कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशियों में रेखा सिंह, सुरेन्द्र पाल, प्रदीप गुप्ता, अशोक कुमार सोनकर, इस्लामुद्दीन, मोहम्मद आरिफ, सोनू रावत, रीमा बाल्मीकि, अमित गुप्ता, रीना यादव, पूजा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव एवं रिन्की मिश्रा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

महानगर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के वार्ड अध्यक्ष भी अजय श्रीवास्तव अज्जू के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए। कांग्रेस वार्ड अध्यक्षों में श्याम सुन्दर निगम, संतोष कश्यप, आशीष शर्मा, जगमोहन रावत, मदन श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, आकाश दीप भटनागर, मयंक सोनकर, नफीस, सुजीत श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, इसरार, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, आर्यन पाण्डेय, हरिओम गुप्ता, अनुज मिश्रा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा, कांग्रेस व रालोद के नेताओं व कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकारें पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय पथ पर बढ़ते हुए गांव, गरीब, किसान, नौजवान की आर्थिक उन्नति से अंत्योदय लक्ष्य को प्राप्त कर रह है। श्री पाठक ने कहा कि वैभवशाली राष्ट्र निर्माण तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का मूलमंत्र लेकर कार्य कर रही भाजपा सरकारों के कार्य तथा सबका-साथ, सबका-विकास व सबके के विश्वास की विचारधारा के साथ जुड़ते हुए बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रत्येक व्यक्ति का स्वागत है तथा क्षमता व योग्यता के आधार पर सभी के लिए आगे बढने का अवसर है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव चल रहे है। आप सभी के भाजपा में शामिल होने से भारतीय जनता पार्टी और मजबूत होगी तथा सभी निकायों में बड़े अन्तर से बड़ी विजय प्राप्त करेगी।

## पालीटेक्निक कालेजों में दाखिले को लेकर ऑनलाइन आवेदन 15 मई तक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनउ

**प्रदेश भर** के पॉलीटेकिनक संस्थानों में दाखिले के लिए ऑन लाइन आवेदन की तिथि प्राविधिक शिक्षा परिषद ने बढ़ा दी है। अब दाखिले के इचछुक छात्र 15 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अभी तक ऑनलाइन आवेदन की तिथि पहली मई निर्धारित थी। प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव रामरतन ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रम ग्रुपों में प्रवेश हेतु वर्ष 2023 की आनलाइन प्रवेश परीक्षायें 1 जून से 5 जून के बीच प्रस्तावित है। सचिव राम रतन ने बताया कि व्यापक लोकहित में आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 1 मई 2023 से बढ़ाते हुए 15 मई 2023 निर्धारित की गई है। निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात आनलाइन आवेदन करना सम्भव नहीं होगा। प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित जानकारियाँ परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# प्रेक्षक ने ली बैठक, निष्पक्ष चुनाव के दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को लेकर रविवार को मा. प्रेक्षक शाहिद मंजर अब्बास रिजवी ने जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह सहित चुनाव से जुड़े अफसरों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक ली। निष्पक्ष चुनाव को लेकर सब लोग सचेत रहें। समान कार्रवाई करें। किसी चूक की गुंजाइश न रहने दें। बैठक की शुरुआत में प्रेक्षक ने मौजूद अफसरों से उनका परिचयए चुनाव में उनका दायित्व जाना। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिले में 12 नगरीय निकायों के चुनाव में 116 मतदान केंद्र एवं 480 बूथ हैं। भीरा व निघासन नवसृजित नगर पंचायत हैं। चुनाव को संपन्न कराने के लिए 2140 पोलिंग ऑफीसर (दस फीसदी रिजर्व शामिल) लगाए गए है। प्रत्येक नगरीय निकाय में एक.एक पिंक बूथ बनेंगे, जिनमें महिला पोलिंग पर्सन्स की तैनाती है। सीडीओ ने बताया कि



कार्मिकों का प्रथम एवं द्वितीय रेंडमाइजेशन हो चुका है। प्रथम चरण की ट्रेनिंग संपन्न हो चुकीए द्वितीय चरण की ट्रेनिंग गतिमान है। एसपी ने पुलिस व्यवस्था के संबंध में जरूरी जानकारी दी।

प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव कार्मिकों को मतदान बूथ पर बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराते रहें। सब सुविधाएं समय से मुहैया करा दें। कहा कि सभी कार्रवाई निष्पक्ष होनी चाहिए। प्रेक्षक ने चुनाव को लेकर बरती जाने वाली सावधानियों से सभी को अवगत कराया। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि चुनाव संबंधी सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं ताकि इससे संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए। प्रेक्षक ने निर्देश दिए कि एसडीएम मतदाता पर्ची के वितरण का स्वयं रिव्यू करें। सुनिश्चित कराएं कि 02 मई तक सभी पर्चियां अनिवार्य रूप से बट जाएं। उन्होंने बूथों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी के विषय में एसडीएम से जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि बूथो का स्थलीय निरीक्षण कर सभी मुकम्मल व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करा लिया गया है। जोनलए सेक्टर मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारी से निरंतर समन्वय रखकर पूरी चुनाव प्रक्रिया का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करेंगे। वही सभी मतदान स्थलों पर कृत्रिम प्रकाशए इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था को सुनिश्चित कराएंगे। पार्टी रवानगी, वापसी स्थल पर चिकित्सकों के साथ एंबुलेंस, मेडिकल कैंपए स्वच्छ पेयजल, मोबाइल टॉयलेट की उपलब्धता बनी रहे। प्रेक्षक ने कहा कि प्रशासन की निकाय चुनाव की तैयारियां मुकम्मल हैं। हमें उम्मीद है कि बेहतर चुनाव संपन्न कराएंगा। इसके लिए पूरे प्रशासन को शुभकामनाएं है। बैठक के अंत में प्रेक्षक के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए डीएम ने कहा कि माण् प्रेक्षक की निगरानी, मार्गदर्शन में प्रशासन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तरीके से निकाय चुनाव को संपन्न कराएगा। बैठक में समस्त निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### खीरी पहुंचे प्रेक्षक शाहिद मंजर अब्बास

**लखीमपुर खीरी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 सकुशल, शान्तिपूर्ण, निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, उप्र लखनऊ द्वारा नियुक्त प्रेक्षक शाहिद मंजर अब्बास रिजवी सचिवए वित्त विभाग, उप्र शासन, लखनऊ का आगमन जनपद में 29 अप्रैल को हो गया है। प्रेक्षक का प्रवास लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस, निकट कलेक्ट्रेट, लखीमपुर खीरी में है। प्रेक्षक से मोबाइल नं0 9555826148 पर सम्पर्क किया जा सकता है। प्रेक्षक पूर्वान्ह 11 बजे से 12 बजे लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस, निकट कलेक्ट्रेट, लखीमपुर खीरी में कक्ष संख्या 2 में मिलेंगे।

# एसीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया बारीक निरीक्षण

- अनुपस्थित आशा व आंगनबाड़ी सहित सीएचओ की अनुपस्थित पर दिए कार्रवाई के निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौराहरा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसैया और रंजीतगंज पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज शुक्ला भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के क्रम में एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि मेला दोनों ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सिसैया और रंजीतगंज में संचालित था और मरीजों को देखा जा रहा था। पीएचसी सिसैया में सीएचओ खुशबू अनुपस्थित पाई गई और दोनों ही जगह पर आशा और आंगनबाड़ी भी अनुपस्थित थीं। इस कारण क्षेत्र में स्थानीय भ्रमण नहीं किया गया था और मरीजों की संख्या भी कम थी। जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए अधीक्षक डॉ पंकज शुक्ला को अनुपस्थित कर्मियों पर विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला शासन की एक महत्वकांक्षी योजना है। जिसके माध्यम से ग्रामीण अंचलों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जानी है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने दोनों ही जगह पर वितरित की जा रही औषधियों को भी देखा।

## पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया

**शाहजहांपुर।** पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से पुलिस ने आधा किलो अफीम बरामद की है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रुपये कीमत बताई गई है। बकौल पुलिस आरोपी ट्रक चालकों और ढाबों पर अफीम की तस्करी करता था। एसपी ग्रामीण संजीव कुमार वाजपेयी ने बताया थाना बंडा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर देवकली रोड पर एक स्कूल के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उसके पास से पुलिस ने 500 ग्राम अफीम बरामद की है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रुपये कीमत है। आरोपी तस्कर थाना बंडा क्षेत्र का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि, बरेली के फरीदपुर से अफीम खरीदकर बरेली पीलीभीत और शाहजहांपुर के ढाबों और ट्रक चालकों को अफीम की तस्करी करता था। पूछताछ के दौरान बताया कि, नवंबर 2022 में पंजाब पुलिस ने तस्करी करते पकड़ लिया था।

# खत्म हुई पैसा-पिस्तौल की राजनीतिः पाठक

- डिप्टी सीएम ने बिसवां में की जनसभा,भाजपा प्रत्याशी सीमा राजू जैन को जिताने की अपील
- आयुष्मान योजना से गरीबों को मिल रहा मुफ्त इलाजः डिप्टी सीएम
- स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश में दिए गए निःशुल्क शौचालय

**सीतापुर।** नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने पूरी ताकत झोक दी है। दो दिन पहले मिश्रिख में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर के सभी भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जन सभा को सम्बोधित किया था। रविवार को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बिसवां के रामलीला मैदान पर जनसभा को सम्बोधित किया। और नगर पालिका परिषद बिसवां से भाजपा से अध्यक्ष पद प्रत्याशी सीमा राजू जैन को भारी मतों से जिताने की अपील की। मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ने जनसभा सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बेहतर कार्य कर रही है। केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का जिक्र करते हुए कहा की इस योजना से गरीबों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है। पूर्व की सरकारो के समय बीमार हो जाने पर गरीबों को अपने गहने बेचने के बाद भी इलाज नहीं मिल पाता था। डिप्टी सीएम ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश में निःशुल्क शौचालय दिए गए है। जल जीवन मिशन के माध्यम से सभी को स्वच्छ पेयजल मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए है। अब पैसे और पिस्तौल की राजनीति खत्म हो चुकी है। अब सिर्फ विकास की राजनीति हो रही है। डिप्टी सीएम ने बिसवां नगर वासियों से अपील की, कि वह इतिहास बनाने का काम करे। सीमा राजू जैन को जिताएं इस बार जाति धर्म से ऊपर उठकर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करना है। हमे व्यक्तिगत नाराजगी नहीं देखनी है। भाजपा प्रत्याशी को जिताने का काम करना है। उन्होने दावा किया की भाजपा सभी सीटों पर परचम लहराएगी। उपमुख्यमंत्री ने सपा पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि सपा सरकार में गुंडे और मवालियों को संरक्षण देना का काम किया गया। वर्ष 2012 से 2017 तक प्रदेश में एक हजार से अधिक दंगे हुए थे। देश 13 मेडिकल कालेज से सरकार ने इन्हे बढ़ाकर 65 मेडिकल कालेज खोलने का काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री करोना काल का जिक्र करते हुए कहा हमने इस महामारी पर नियत्रंण ही नहीं किया बल्कि लोगों को निःशुल्क वैक्सीन लगवाने का काम किया। दुनिया के 110 देशों में वैक्सीन देकर वसुधैव कुटुम्बकम को चरितार्थ किया है। सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश की ओर अग्रसर है। बिसवां नगर के चहुंमुखी विकास के लिए एक बार फिर भाजपा ने सीमा राजू जैन पर अपना विश्वास जताया है। बिसवां वासियों का दायित्व है कि विकास गंगा बहाने वाली प्रत्याशी सीमा राजू जैन को वोट देकर बिसवां का विकास सुनिश्चित करे। बिसवां की सबसे बड़ी समस्या सिधौली रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज पास हो गया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरु हो जाएगा। बिसवां नगर को फोर लेन से भी जोड़ा जाएगा। बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में बिसवां का जो विकास सीमा राजू जैन के कार्यकाल में हुआ है वह आप सभी लोग देख रहे है। इस मौके पर एमएलसी पवन सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहोत्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पांडेय, करुणा शंकर त्रिपाठी, सुधाकर शुक्ला, नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष शिवांशु पांडेय, चुनाव प्रभारी राम निवास यादव, कार्यक्रम संयोजक दीपक शुक्ला, के जी मिश्रा सहित तमाम कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

## बाल गृह बालक का निगरानी समिति ने संयुक्त निरीक्षण किय

**शाहजहॉपुर।** निगरानी समिति ने राजकीय बाल गृह बालक का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय बाल गृह बालक के प्रभारी अधीक्षक राम सूरत यादव द्वारा बताया गया कि बाल गृह में कुल 50 बच्चे है। कमेटी द्वारा डाइनिंग हाल व बच्चों के रहने के स्थान पर निरीक्षण करने पर साफ सफाई की व्यवस्था समुचित नही पायी गयी। जिस पर समिति द्वारा साफ सफाई के लिये निर्देशित किया गया तथा मच्छर व मक्खी से बचाव के लिये फागिंग करने के लिये भी निर्देशित किया गया। तथा बच्चों के कमरों को साफ सफाई के लिएं भी निर्देशित किया इसके बाद सचिव द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। कारागार में स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जिला कारागार के डाक्टर उपस्थित पाये गये तथा उनके द्वारा बताया गया कि सभी बंदियों का इलाज सम्पूर्ण तरीके से इलाज किया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### दुर्घटना दो की मौत, चार लोग हुए घायल

**बरेली ।** रिश्तेदारी से भात के कार्यक्रम से वापस जाते समय सड़क दुर्घटना में 2 की मौत हो गई 4 लोग घायल हो गए घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है दोनों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।मृतक के परिजन रतनेश ने बताया थाना आंवला क्षेत्र के गांव बजेड़ा निवासी 17 बर्षीय अनमोल पुत्र सोमपाल , अरुण पुत्र नेत्रपाल , 17 बर्षीय राहुल पुत्र भजनलाल , नेत्रपाल पुत्र छत्रपाल , सत्यवीर पुत्र अतर सिंह और गांव सिरसा निवासी मदन लाल यह सभी लोग थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव पटपुरा में भात लेकर आये थे। शनिवार को दोपहर में नेत्रपाल, मदनलाल और सत्यवीर तीनो एक मोटरसाइकिल से गांव पटपुरा से राजपुर कला जा रहे थे । रास्ते में अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिसमें नेत्रपाल, मदनलाल और सत्यवीर तीनों घायल हो गए घायलों को अलीगंज मैं एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम को अनमोल, राहुल और अरुण तीनों एक मोटरसाइकिल से अलीगंज में अस्पताल में इलाज के लिए रुपए पहुंचाने जा रहे थे। रास्ते में ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें अनमोल, राहुल की घटनास्थल पर मौत हो गई।

### दो कारों के भिड़ंत में छात्रा की मौत, 7 घायल

**बरेली ।** शादी समारोह से वापस आते समय गांव के मोड़ पर दो कारों की भिड़ंत हो गई जिसमें छात्रा की मौत हो गई बुलेरो के 3 लोग घायल हो गए घायलों को निजी अस्पताल में इलाज कराया गया, दूसरी कार के 4 लोग घायल हो गए । मृतका के शव को पोस्टमार्टम को भेजा। थाना सीबीगंज के गांव बलरऊ आजमपुर निवासी रामचरन की पुत्री 13 वर्षीय रूचि और साथ में सोमपाल आयुषी और विजय बुलेरो कार से थाना विथरी चौनपुर के गांव बालीपुर में शादी समारोह में शामिल होने शनिवार को गए थे विदा होने के बाद सुबह गांव बालीपुर से वापस अपने गांव बलरऊ आजमनगर आ रहे थे बालीपुर के पास मोड़ पर साइड से आ रही कार ने बोलेरो कार में भिड़ंत हो गई जिसमें रुचि की घटनास्थल पर मौत हो गई रुचि कक्षा 8 की छात्रा थी सोमपाल , आयुषी , विजय घायल हो गए घायलों ने निजी अस्पताल में इलाज कराया। थाना विथरी चौनपुर पुलिस ने बताया सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस पहुची दूसरी कार में 4 लोग सवार थे चारों लोग घायल कार लेकर घटना स्थल से चले गए। इन चारों का कोई पता नही चल सका है। थाना बिथरी चौनपुर पुलिस ने रुचि के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा।

### खेत में मिली लाश, परिजनों ने चार पर लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** परिवार वालों ने पुरानी रंजिश के चलते 4 लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है युवक की लाश खेत में मिली है , पहले उसकी हत्या की फिर रस्सी का फंदा गले में डाल दिया । मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।थाना बिशारतगंज के गांव ढका निवासी पप्पू का पुत्र 14 वर्षीय रोहित की लाश खेत में मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। मृतक की माँ नन्ही देवी का आरोप है उसके बेटे की हत्या आकाश , शिवम , अखिलेश और विजय ने की है । नन्ही देवी ने बताया होली पर छोटा लड़का सचिन खेत किनारे खड़े कटहल के पेड़ के पत्ते उठाकर ले आया था । इसका विरोध अखिलेश ने किया था और सचिन की अखिलेश ने पिटाई की थी। नन्ही देवी ने पिटाई विरोध किया तभी आकाश , शिवम , अखिलेश और विजय ने घर में घुसकर नन्ही देवी सचिन की पिटाई की थी। थाना बिशारत गंज में नन्ही देवी ने शिकायत की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। 17 अप्रैल को रास्ते में घेरकर इन चारों लोगों ने राहुल की पिटाई की नन्ही देवी ने फिर थाने में जाकर शिकायत की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की शनिवार को नन्ही देवी का पुत्र 14 बर्षीय रोहित खेत पर गन्ना रखा रहा था नन्ही देवी का आरोप है रोहित को आकाश , शिवम , अखिलेश और विजय ने पहले उसकी हत्या की उसके बाद रस्सी से गला बांधकर टॉंड़ की लकड़ी से बांध दिया। । महिला ने थाना बिशारत गंज में चारों के खिलाफशिकायत की है चारों लोग गांव से फरार हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

### मंदिर मेरा के दानपात्र से रकम चोरी

बरेली। मंदिर में रखे दान पात्र से बीती रात चोरों ने हजारों रुपये की नकदी से हाथ साफकर लिया। यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष की तरफसे थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफतहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर जांच में जुटी है। थाना बारादरी क्षेत्र मे स्थित मंदिर के पुजारी दयानंद द्विवेदी ने बताया कि रोज की तरह मंगलवार को वह मंदिर को बंद कर अपने घर चले गए। सुबह जब उन्होंने पांच बजे मंदिर को आकर खोला तो सारा सामान बिखरा हुआ था। ताले टूटे हुए थे। दान पात्र का भी ताला टूटा था। पुलिस ने तुरंत ही सीसीटीवी खंगाला तो उन्होंने उसमें देखा की एक बजे के समय दो युवक मंदिर में घुसे और दान पात्र का ताला तोड़कर रुपये निकाल रहे थे। यही नहीं उन्होंने मंदिर में बैठकर रुपये निकालने के बाद उन्हें वहां पर ही गिनना शुरू कर दिया और रुपये लेकर वहां से निकल गए। वहीं इस मामले में कॉलोनी के लोगों ने बताया कि मंदिर में चोरी सिक्योरटी गार्ड की लापरवाही से हुई है।

# निर्दलीय प्रत्याशी डा. इरा का निकला रोड शो,दिखा अपार जनसैलाब



**लखीमपुर.खीरी।** लखीमपुर नगर पालिका की निर्दलीय प्रत्याशी डा इरा श्रीवास्तव ने रविवार को रोड शो कर अपना शक्ति प्रदर्शन किया। खुली गाड़ी में वह लाव.लश्कर के साथ लोगों का अभिवादन करती हुई निकलीं। जगह.जगह समर्थकों ने उनका फूल.माला पहनाकर स्वागत किया। डा. इरा श्रीवास्तव के रोड शो को लेकर समर्थक विलोबी मेमोरियल हाल में पहुंचे। तय समय पर काफिला शहर के भ्रमण हेतु निकला। जैसे.जैसे काफिला आगे बढ़ता गया लोग कारवां में शामिल होते गए। खुली गाड़ी में डाण् इरा श्रीवास्तव लोगों का अभिवादन करती रहीं और उन्होंने लोगों से शहर के विकास के लिए चुनाव में समर्थन देने की अपील की। रोड शो को विलोबी मेमोरियल हाल से निकल कर हमदर्द चौराहा, बड़ा चौराहा, तहसील सदर के सामने से होते हुए रोडवेज़ बस स्टैंडए गुरु गोविंद सिंह चौकए घंटा घर की तरफ़ से ले जाया गया। रोड शो के दौरान व्यापारियों द्वारा फूल माला व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान हज़ारों की संख्या में समर्थकों की भीड़ मौजूद रही।

## डॉ आई.एस तोमर ने जनसंपर्क कर मांगे वोट

**बरेली।** निर्दलीय मेयर पद के प्रत्याशी डॉ आईएस तोमर ने शनिवार सुबह से अपना जनसंपर्क शुरू कर दिया है। डॉक्टर आईएस तोमर ने सबसे पहले अपना जनसंपर्क राधे श्याम इन्क्लेव से शुरू किया, जैसे ही डॉ आईएस तोमर राधे श्याम इन्क्लेव पहुंचे तो वहां के निवासियों ने माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। डॉ. आईएस तोमर के स्वागत करने वालों में अशोक ठाकुर , घीसू खां, इंजीनियर दिनेश शर्मा, पंकज वत्रा, डॉक्टर आर के सिंह,विष्णु दत्त तिवारी, अशोक सूरी, चौधरी जयवीर सिंह, गनपत बागला रहे । सभी ने डॉक्टर तोमर को मेयर चुनाव में अपना समर्थन देने के साथ अपनी शुभकामनाएं दी ।सपा के दिग्गज नेताओं ने बटलर प्लाजा आईएमसी प्लाजा के साथ अन्य कई जगहों पर डॉक्टर तोमर के लिए जनसंपर्क करके वोट मांगे। सपा नेताओं में पूर्व सांसद वीरपाल यादव, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, शमीम सुल्तानी, शुभलेश यादव, कदीर अहमद, जफर बेग सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# एडीएम ने कार्मिकों को प्रशिक्षण की बारीकियों के विषय में समझाया

**शाहजहांपुर।** एडीएम त्रिभुवन ने बताया कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के अन्तर्गत गांधी फैज-ए-आम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शाहजहाँपुर में प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद स्ट्रांग रूम को मेयर एवं सभासद प्रत्याशियों के समक्ष खोला गया। प्रथम रेंडमाइजेशन में मेयर और वार्ड वार मशीनों का आवंटन हो चुका है जिसको 2 दिन में अलग कर लिया जाएगा। इसके बाद कमिश्निंग का कार्य किया जाएगा। प्री रेंडमाइजेशन के दौरान कुल 715 मशीनें चिन्हित हुई थी जिसमें से 325 बूथ के अनुसार 325 मशीनें मेयर पद तथा 325 मशीनें वार्ड पद के लिए आवंटित हुई, शेष 65 मशीनें रिजर्व में है। प्रत्याशियों को कहां कमिश्निंग की जाएगी, मतदान उपरांत कहां मशीन रखी जाएंगे, कहां सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट अपनी मशीनें रखेंगे, सभी स्थलों को दिखाया गया। एडीएम ने यह भी बताया कमिश्निंग के दौरान के इंजीनियर को आना होता है, जिनके समक्ष कमिश्निंग की जाती है वह भी आ चुके हैं।



### मुकदमा दर्ज कराते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी

**अपर जिलाधिकारी** त्रिभुवन एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संजय कुमार पाण्डेय ने सेंट पॉल इंटर कालेज में चल रहे कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को प्रशिक्षण की बारीकियों के विषय में समझाया। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु कार्मिकों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। सभी कार्मिकों को चेतावनी दी गई है कि प्रशिक्षण ठीक ढंग से कर लें और कार्मिक से नाम कटवाने के चक्कर में न पड़े अन्यथा मुकदमा दर्ज कराते हुए कराते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत सिधौली में लगातार तीन बार चेयरमैन बने उमाशंकर मिश्र

- 1997 में लड़ा था पहला चुनाव
- वर्ष 1987 में पहली बार नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर चुने गए थे डॉ. अवधेश श्रीवास्तव
- वर्ष 1977 में हुआ था नगर पंचायत का गठन
- लगभग सात वर्ष तक प्रशासन के हाथ में रही कमान

**संवाददाता।** सीतापुर

**वैसे** तो नगर पंचायत सिधौली कई इतिहासों को अपने में समेटे हुए है। लेकिन आज हम बात करेंगे सिर्फ प्रमुख बिन्दुओं पर। राजधानी के करीब और हाईवे पर स्थित नगर पंचायत सिधौली में लगातार तीन बार चेयरमैन बने रहने का रिकार्ड उमाशंकर मिश्र के नाम दर्ज है। उमाशंकर मिश्र पहली बार वर्ष 1997 में चेयरमैन बने और पहले ही कार्यकाल में जनता का विश्वास इस कदर हासिल किया कि वर्ष 2002 और 2007 के चुनाव में भी मतदताओं ने उनकी अध्यक्ष पद पर ताजपोशी की। राजनीति के जानकारों का कहना है कि अगर वर्ष 2012 के चुनाव में नगर पंचायत सिधौली की सीट ओबीसी के खाते में न जाती और सामान्य सीट पर चुनाव होता तो चौथी बार भी उमाशंकर ही चेयरमैन चुने जाते। बताते हैं कि उमाशंकर ने जनता के हित में हमेशा त्वरित निर्णय लिया और जो निर्णय ले लिया उस पर अडिग रहे। ऐसी ही और कई खूबियों को लेकर वह हमेशा जनता के खास बने रहे। लेकिन वर्ष 2012 में सीट का आरक्षण बदला और सीट ओबीसी के खाते में चली गई तो उमाशंकर मिश्रा के खास माने जाने वाले नरोत्तम नगर दक्षिणी से सभासद रहे गंगाराम राजपूत ने अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी ठोंकी। गंगाराम राजपूत को उनके सौम्य स्वाभाव का फायदा मिला।

उमाशंकर मिश्रा के समर्थन सहयोग से गंगाराम राजपूत अध्यक्ष बन गए। इनका कार्यकाल वर्ष 2017 तक रहा। 2017 के चुनाव में यह सीट सामान्य महिला हो गई। तब इस सीट पर गंगाराम राजपूत ने अपनी पत्नी मीना राजपूत को चुनाव लड़ाया उधर गंगाराम के राजनीतिक गुरू कहे जाने वाले उमाशंकर मिश्र ने भी अपनी पत्नी गीता मिश्रा को चुनावी मैदान में उतार दिया। गुरू चेला की इस लड़ाई में चेला यानी गंगाराम राजपूत अपनी पत्नी मीना राजपूत को विजयश्री दिलाने में सफल रहे। उन्होंनें गीता मिश्रा को हरा कर चेयरमैन पद पर कब्जा जमा लिया। अतीत पर नजर डालें तो नगर पंचायत का गठन वर्ष 1977 में हुआ था। गठन के बाद पहला चुनाव सन 1987 में हुआ।

पहली बार हुए इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर डॉ. अवधेश श्रीवास्तव प्रथम चेयरमैन के रूप में निर्वाचित हुए थे। करीब साढ़े तीन साल के कार्यकाल के बाद डॉ. अवधेश श्रीवास्तव को अविश्वास का सामना करना पड़ा। इसके बाद इस सीट पर एसडीएम प्रशासक रहे। लगभग सात वर्ष तक यह सीट प्रशासन के सुपुर्द रही। वर्ष 1997 में जब चुनाव हुआ तो चर्चित चेहरा उमाशंकर मिश्रा चेयरमैन निर्वाचित घोषित किए गए। 14 वार्डो वाली नगरपंचायत में 4 मई को मतदान होगा। मतदान के लिए 9 मतदान केन्द्र 29 मतदान स्थल बनाए गए हैं। नगरपंचायत क्षेत्र में 13 हजार 669 पुरुष , 12 हजार 351 महिला मतदाता कुल 26 हजार 20 मतदाता हैं। इस बार चुनाव में भाजपा से पूर्व चेयरमैन गंगाराम राजपूत, सपा से रमेश यादव , बसपा से बृजकिशोर, आम आदमी पार्टी से आनन्द कुमार मिश्रा मैदान में है। इसके अलावा रामपाल भार्गव, गीता मिश्रा, भाजपा के बागी मनीष पांडेय, अमरेन्द्र कुमार और काजल किन्नर एक दूसरे को चुनौती देते नजर आ रहे है। इस बार नगरपंचायत सिधौली का चेयरमैन कौन होगा यह तो 13 मई को होने वाली मतगणना के बाद ही पता चल सकेगा।

# बसपा प्रत्याशी ने गिनाई प्राथमिकताएं, मांगा समर्थन

**लखीमपुर.खीरी।** नगर पालिका परिषद लखीमपुर सीट से बसपा प्रत्याशी अंजू सुबोध मिश्र ने रविवार को मीडिया से वार्ता की। उन्होंने चुनाव में खड़े होने के अपने उद्देश्यों व जीतने के बाद शहर में होने वाले भावी कार्यों से अवगत कराया। साथ ही शहर के विकास के लिए जनता से चुनाव में समर्थन की अपील की।




उन्होंने कहा कि मैं या मेरे परिवार की कोई राजनैतिक पृष्ठभूमि नहीं रही है। मैं पेशे से शिक्षिका रही हूँ। इस बार मतदान हेतू समय कम होने के कारण घर.घर नहीं पहुँच पा रही हूँ। शहर का प्रत्येक नागरिक मेरे माता.पिताए भाई.बहन व बेटे बेटी के समान हैंए मैं आप सभी के आशीर्वाद की आकांक्षी हूँ। मैं आप सभी की सेवा हेतु सर्दव तत्पर व प्रतिबद्ध रहूँगी। शहर के प्रति मिश्र ने अपनी भावी प्राथमिकताएं भी मीडिया के सामने रखीं। उन्होंने कहा कि यदि वह चुनाव जीतती हैं तो शहर के जिन वार्डो में जलभराव एक समस्या है वहाँ पर पानी स्टोर कर पम्प के माध्यम से पानी निकास की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। गरीब लड़कियों की शादी हेतु बारात घर बनाये जायेंगे जो निःशुल्क उपलब्ध होंगे। इनका रखरखाव नपा परिषद द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। शहर में पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। रोड पर लगे खम्भे हटवाकर बिजली की लाइने भूमिगत कराना। 5. यातायात की समस्या से शहर को निजात दिलाया जाएगा।

नगर पालिका के सभी ठेका/संविदा कर्मियों को नियमित करना। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों को हाउस टैक्स व वाटर टैक्स माफ कराना। टोल फ्री शिकायत नं. उपलब्ध कराना जो सीधे नपा परिषद अध्यक्ष के पास उपलब्ध होगा। अन्य प्राथमिकताओं में ठेला ध् पटरी दुकानदारों को स्थाई स्थान उपलब्ध करानाए शहर के नागरिकों की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरों की सुरक्षित व्यवस्था कराना, आवारा पशुओं ;वे चाहें किसी भी नस्ल के हों। शहर के बाहर रखने की उचित व्यवस्था कराना, सभी मोहल्लों में डस्टबीन की सुरक्षित व्यवस्था कराना।

मान्यवर कांशीराम कालोनियों को जीर्णोद्धार करना, सभी मोहल्लों में स्ट्रीट लाईट की समुचित व्यवस्था करानाए नगर पालिका के अन्दर आने वाले सभी प्राथमिक विद्यालयों को दिल्ली की तर्ज पर व्यवस्थित करनाए नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करना व दोषियों के खिलाफ कड़ी व विधिक कार्यवाही करनाए शहर की हीरालाल धर्मशाला स्थित रेलवे क्रॉसिंग को हर स्थिति में पैदल मार्ग हेतु खुलवायें जाने हेतु यथा सम्भव प्रयास करनाए नगर पालिका के अन्दर सिंगल विण्डों प्रणाली को लागू कराना, शहर के सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर नगर पालिका द्वारा निःशुल्क वाटर कूलर की व्यवस्था करना, नगर के प्रत्येक 200 मीटर पर पुरुष/महिला हेतु सार्वजनिक यूरेनल की व्यवस्था सुनिश्चिवत करना, समस्त नगर पालिका क्षेत्र को फ्री वाई.फाई युक्त करना, नगर के गरीब बच्चों की पढ़ाई हेतु निःशुल्क अत्याधुनिक पुस्तकालय जिसमें स्नातक परास्नातक, मेडिकल इंजीनियरिंग आदि विषयों से सम्बन्धित पुस्तकें, सामग्री व मुफ्त इण्टरनेट की सुविधा उपलब्ध कराना व नगर पालिका में दाखिल खारिज की प्रक्रिया का सरलीकरण व भ्रष्टाचार मुक्त करना शामिल होगा।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में वैश्विक पटल पर बढ़ रहा भारत का सम्मान: आर के सिंह पटेल

● 'मन की बात' का 100 संस्करण सुनने को लगा बुद्धिजीवियों का जमावड़ा

संवाददाता। चित्रकूट



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100 वें संस्करण को चित्रकूट जिले के 850 बूथों पर सुना गया। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल की अगुवाई में जिले के सैकड़ों प्रबुद्धजनों, चिकित्सकों, रक्तदाता दम्पति, शिक्षक, व्यापारी, अधिवक्ता, पूर्व सैनिक, और युवाओं ने मुख्यालय के मंदाकिनी पैलेस में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सहभागिता निभाते हुए पीएम मोदी के विचारों को सुना।

रविवार को मुख्यालय के मंदाकिनी पैलेस में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ो बुद्धिजीवियों ने सामूहिक रूप से पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण को सुना। इस मौके पर सांसद आर के पटेल ने विशिष्ट जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी जी मन की बात कार्यक्रम में समाज में परिवर्तन करने वाले लोगो का उल्लेख करते हैं। मन की बात के प्रेरणास्पद विचार हम सबको नवीन ऊर्जा देते हैं। मोदी जी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक पटल पर मान बढ़ रहा है। आप सभी मोदी जी के हाथों को मजबूत रखने के लिए अपना समर्थन और मत मोदी जी के साथ बनाए रखें।

## 'मन की बात' कार्यक्रम का जगह-जगह हुआ आयोजन

**फतेहपुर।** वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की अभूतपूर्व शुरूआत की थी जो लगातार चलता रहा और रविवार को इसका 100 वां प्रसारण हुआ। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से बात करते हुए विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला स्तर पर भाजपाईयों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिले की सांसद/केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मलवां विकास खंड के ग्राम सभा गुनीर में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि यह कार्यक्रम देश के साथ-साथ विदेशों में भी चर्चा में रहता है। इसके माध्यम से पीएम देशवासियों के साथ विचार साझा करते हैं।

## रूरा में सांसद के साथ भाजपाईयों ने सुनी 'मन की बात'

**कानपुर देहात।** अकबरपुर सांसद देवेन्द्र सिंह भोले के साथ रूरा नगर पंचायत भाजपा प्रत्याशी रामजी गुप्ता ने भाजपाईयों के पीएम नरेन्द्र मोदी की मन की बात को एलईडी लगाकर सुना। इस मौके पर भारी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे। पीएम मोदी के मन की बात के 100 संस्करण को यादगार बनाने के लिये रूरा के सीडी गर्ल्स इण्टर कालेज के पास रूरा नगर पॅचायत के भाजपा प्रत्याशी रामजी गुप्ता ने एलईडी लगाकर लोगों को ऑमत्रित किया, इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे क्षेत्रीय सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से रूरा नगर पॅचायत के भाजपा प्रत्याशी रामजी गुप्ता को आगामी 11 मई को होने वाले मतदान में विजयी बनाने की अपील की।

## पन्नालाल बने यूपी बैंक कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष

**फतेहपुर।** बड़ौदा यूपी बैंक कर्मचारी संगठन के अधिवेशन में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा करने के साथ ही जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर पन्ना लाल व महामंत्री पद पर दिनेश सिंह सेंगर समेत अन्य पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। रविवार को बड़ौदा यूपी बैंक कर्मचारी संगठन का अधिवेशन जीटी रोड स्थित एक होटल में आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि में बडौदा यूपी बैंक कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष संतोष सिंह रहे। अधिवेशन के दौरान केन्द्र सरकार की बैंको के निजीकरण की नीति तथा नई पेंशन स्कीम का विरोध किया गया तत्पश्चात स्थानीय यूनिट की नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद पर पन्नालाल, महामंत्री दिनेश सिंह सेंगर, कोषाध्यक्ष के पद पर सतीश राजपत को मनोनीत किया गया।

## निकाय चुनाव निष्पक्ष तरीके से पूर्ण कराएं : प्रियदर्शी

● मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण में दिये गये आवश्यक टिप्स

संवाददाता। उरई, जालौन



**रविवार** को प्रेक्षक, गौरी शंकर प्रियदर्शी (आईएएस) व जिला निर्वाचन अधिकारी चांदनी सिंह ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से समस्त मतदान कार्मिकों को राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रेक्षक गौरी शंकर प्रियदर्शी ने समस्त मतदान कार्मिकों को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सकुशल नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक प्रशिक्षण को भलीभांति अध्ययन कर लें ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी चांदनी सिंह ने मतदान कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न तभी कराया जा सकेगा जब आप प्रशिक्षण को भली भांति समझ लेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक प्रशिक्षण को गंभीरतापूर्वक ग्रहण करें किसी भी प्रकार की शंका होने पर मास्टर ट्रेनर से शंका को दूर करें। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक किसी का आतिथ्य स्वीकार न करें।

## प्रेक्षक ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का किया दौरा



**फतेहपुर।** निकाय चुनाव के प्रेक्षक आशुतोष निरंजन ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी सूरज पटेल के साथ पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल (विज्ञान भवन) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्टियों के रवानगी के लिए तैयार ले आउट का अवलोकन किया और तद्नुसार हो रही व्यवस्था को भी परखा। वर्षा की संभावना के मद्देनजर तैयारियां समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्रेक्षक राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचे, जहां नगर पालिका फतेहपुर, नगर पंचायत असोथर व नगर पंचायत बहुआ के स्ट्रांगरूम व मतगणना स्थल का भी निरीक्षण किया।

# पार्टी मनाने गए युवक की निर्मम हत्या से सनसनी

● शहर कोतवाली क्षेत्र के लौढ़िया गांव की घटना



**चित्रकूट।** दोस्तों के साथ पार्टी मनाने गए युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उसकी निर्मम हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय व कोतवाली प्रभारी गुलाब त्रिपाठी को जल्द से जल्द हत्यारों की गिफ्तारी कर घटना का खुलासा करने के निर्देश दिये हैं।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के लौढ़िया गांव का है। जहां आलोक सिंह नाम का युवक कल रात अपने दोस्तो के साथ शराब पार्टी करने गया हुआ था। जिसके बाद वह वापस नहीं आया। रविवार की सुबह गांव से ही कुछ दूरी पर उसका शव खेत किनारे पड़ा हुआ मिला। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। मृतक युवक के परिजनों का कहना है कि आलोक शराब पीने का आदी था। मृतक बाहर कमाने के लिए गया हुआ था जो कुछ दिन ही पहले अपने गांव लौटा था। कल शाम को आटा पिसाने के लिए 500 रुपये लेकर साइकिल से चक्की गया था इसी बीच लौटते वक्त रास्ते में किसी दुकान पर उधारी को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद वह घर आकर विवाद की बात बताई थी और फिर अपनी पत्नी का मोबाइल फोन लेकर सामान लेने जाने के बहाने साइकिल से फिर से चला गया। जिसके बाद वह वापस नहीं आया। रविवार की कुछ ग्रामीणों ने परिजनों को उसके बेटे का शव पड़े होने की सूचना दी। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे तो खेत किनारे ही उसकी साइकिल पड़ी थी और कुछ दूरी पर उसका शव। शव को देखकर लग रहा है जैसे धारदार हथियार से उसके चेहरे और सर पर वार किया गया हो और उसके शव के पास से ही खून से लथपथ डंडा और लोहे का बड़ा कीला मिला हुआ है।

## नौ लोगों को भाजपा ने पार्टी से किया निष्कासित

**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के निर्देश पर नगर निकाय चुनाव में पार्टी ने अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ खुद या परिजनों चुनाव लड़ा रहे नौ लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के निर्देश पर श्रीमती ऊषा भारती महिला मोर्चा मंडल मंत्री ऐंचवारा, श्रीमती गायत्री कोल जिला मंत्री महिला मोर्चा मानिकपुर, श्रीमती आदर्श द्विवेदी पूर्व चेयरमैन राजापुर, सुनील मिश्रा राजापुर, प्रमोद द्विवेदी, संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, संदीप त्रिपाठी मंडल उपाध्यक्ष मऊ, जितेन्द्र त्रिपाठी मंडल कोषाध्यक्ष मऊ, निशी सोनी व जवाहर सोनी नगर महामंत्री तथा श्रीमती माया प्रजापति जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा को निकाय चुनाव में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से निकाय चुनाव लड़ने वाले लोगों की मदद करने पर इन सब लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है।

# भाजपा प्रत्याशी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, भगवामय हुआ नगर

संवाददाता। जालौन, उरई



**नगर** पालिका अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी नेहा पुनीत मित्तल के रोड शो में जनसैलाब उमड़ा। जहां तक नजर पहुंचे वहां चारों ओर जुलूस में भगवा रंग ही नजर आ रहा था। भाजपा के समर्थन से नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में उतरी नेहा पुनीत मित्तल जुलूस व रोड शो के माध्यम से नगर की सड़कों पर वोट मांगने के लिए उतरी। इस जुलूस ने नगर में उनके कद को दिखा दिया। जुलूस में हजारों की संख्या में जिस प्रकार से सभी वर्गों के लोग पहुंचे उससे लगा कि इस बार भी अध्यक्ष पद की कुर्सी भगवा रंग में रंगने वाली है। तो वहीं, विरोधी दल भी जुलूस में पहुंची नगर की जनता को देखकर हक्के बक्के नजर आए। क्योंकि चारों ओर नेहा पुनीत मित्तल के नाम की ही गूंज सुनाई दे रही थी। नेहा पुनीत मित्तल को मिल रहे समर्थन को देखकर अन्य दल अपनी चुनावी रणनीति में फेरबदल करने में लग गए हैं।

## चुनाव में गड़बड़ी फैलाने की मंशा रखने वालों को दी गयी चेतावनी



**कोटरा, जालौन।** रविवार को सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी, एसडीएम सदर राजेश सिंह ने कोटरा नगर में पहुंचकर सुरक्षा कर्मियों के साथ पैदल भ्रमण कर नगरवासियों को सुरक्षा का एहसास कराते हुये संभ्रांतजनों से बातचीत कर उन्हें आश्वासन दिया कि वह मतदान के दिन बेखौफ होकर मतदान करें। यदि कोई व्यक्ति चुनाव में गड़बड़ी कराने की मंशा पाल रखी है तो ऐसे लोगों के मंसूबों को पूरा नहीं होने दिया जायेगा। किसी भी व्यक्ति को चुनाव प्रभावित करने की इजाजत किसी कीमत पर नहीं दी जायेगी।

## क्विक न्यूज

### अवैध गुटखा फैक्ट्री पर छापा, तीन गिरफ्तार

**हमीरपुर।** मुस्करा क्षेत्र में रविवार को पुलिस ने एक घर में छापा मारकर गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर मौके से तीन लोग फरार हो गये। ग्राम गहरौली में पुलिस ने सुभाष के घर में छापेमारी कर अवधेश कुमार, पुष्पेंद्र व पवन साहू को गुटखा फैक्ट्री संचालित करते हुये गिरफ्तार कर लिया। आशीष, सुभाष, अलखराम मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से एक गुटखा बनाने की मशीन व अन्य उपकरण व भारी मात्रा में माल बरामद किया है। यही नही ट्रैक्टरमय ट्राली व एक इको वैन व एक मोटर साइकिल बरामद की गई है।

### कार पलटने से भाजयुमो नेता की बहन की मौत

**फतेहपुर।** खंती में कार पलटने से भाजयुमो महामंत्री की बहन की मौत हो गई। हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार के घर भाजपा नेताओं और शुभचिंतक पहुंचे हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र के बुलेट चौराहे के पास भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री प्रसून तिवारी परिवार के साथ रहते हैं। उनकी बहन शिखा (35), छोटी बहन रिषिका (18) को कार चालक सुमित सिंह जहानाबाद लेकर जा रहा था। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के गौरी गांव के पास सामने से आए बाइक सवार को बचाने में कार अनियंत्रित हो गई। बेकाबू कार खंती में चली गई। हादसा देखकर आसपास के लोग पहुंचे। जोनिहा चौकी पुलिस पहुंची। कार में फंसे तीनों को बाहर निकाला।

### 21 छात्रों ने जेईई मेन्स में 95 परसेंटाइल व अधिक अंक प्राप्त किए

**लखनऊ।** लखनऊ के 21 छात्रों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन 2023 में कुल मिलाकर95 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किए। परिणाम कल राष्ट्रीय परीक्षण द्वारा घोषित किए गए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में ऋषिक यादव हैंजिन्होंने 99.73, समीर गुप्ता ने 99०72ए सूर्यांश दीक्षित ने 99.54, अर्णव सिंह ने 99.39, प्रभाव कुमार पांडे ने 99.37, विनेश दुबे ने 99.22 अंक प्राप्त किए। आकाश बायजूस के अभिषेक माहेश्वरी ने कहा, श्हम सभी छात्रों को उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## सड़क हादसे में तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के अहरौला थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक बोलेरो के बांस से लदी एक ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आ जाने से उसमें सवार तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अहरौला थाना क्षेत्र से होकर गुजर रही बोलेरो अपने आगे चल रही बांस से लदी ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई।

## जितेंद्र सिंह बाजवा बने वूशु एसोसिएशन के अध्यक्ष

**मेरठ।** वूशु एसोसिएशन ऑफइंडिया की नई कार्यकारिणी का विधिवत चुनाव हुआ। पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई। जितेंद्र सिंह बाजवा को नया अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने भूपेंद्र सिंह बाजवा की जगह ली है। गॉडविन होटल में आयोजित वूशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट वीरेंद्र कुमार ने चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर जितेंद्र सिंह बाजवाए महासचिव पद पर विजय सराफ बनाए गए है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष मुरलीधर चौधरी, उपाध्यक्ष पद पर सुरेंद्र सिंह सोढी, मनीष कक्कड़, पीएन आज़ाद, हीरानंद कटारिया और उपासना चुने गए। संयुक्त सचिव पद पर अशोका डी मोकाशी, शंभू सेठ, भवनीतए पी जॉनसन, शैलेंद्र नाथ दुबे चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों के लिए एल मैरी, प्रद्युमन बेहरा, डी कोंडिया, डोनी राफेल रेनी, सुमन मिश्र, अनुज गुप्ता, सीपी शबीर, टेक तादर और एम एस मुरुगन चुने गए है। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के सहदेव यादव मौजूद थे।

## अवैध मौरंग खनन करने पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव में बेतवा नदी किनारे जेसीबी मशीन से अवैध मोरम खनन कर परिवहन करने के मामले में खनिज विभाग ने तीन लोगो के खिलाफ मौरम चोरी करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। तथा जेसीबी मशीन को बेरी चौकी में खड़ा कराया गया है। क्षेत्र के बेरी गांव में बेतवा नदी से मौरम का अवैध खनन कर परिवहन करने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई थी।

# अवैध असलहा फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**हमीरपुर।** राठ क्षेत्र के गोहानी गांव में आज पुलिस ने छापा मारकर अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का भंड़ोफोड़ कर उन्नीस असलहों के साथ पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों ने कबूल किया कि हत्या करने के लिये अलग रेंज के अवैध असलहा बनाकर मुंह मागी रकम लेते थे। पुलिस अधीक्षक डा.दीक्षा शर्मा ने बताया कि गांव में क्षेत्र के सरसई गांव निवासी चंद्रभान विश्वकर्मा फैक्ट्री संचालक था असलहे बनाकर विक्री करने के लिये कई लोगो को लगाये था। तमंचों की डिजाइन बनाने का काम चंद्रभान करता था। पुलिस टीम ने आज दोपहर छापा मारकर कल्लू निवासी सरसई, अमित निवासी ददरी, अरविंद निवासी अतरौली, मंगल निवासी अतरौली, रूप सिंह निवासी बरदा को असलहे बनाते समय गिरफ्तार कर लिया इनके पास 19 अवैध असलहा व भारी मात्रा अधबने व अन्य उपकरण पुलिस ने बरामद किये हैं।

## सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को एसपी ने दी विदाई



**फतेहपुर।** अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को एसपी राजेश कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने फूल-माला पहनाकर एवं उपहार भेंटकर विदाई दी। विदाई के दौरान सभी के आंसू छलक पड़े। एसपी ने पुलिस कर्मियों के कार्यकाल की जमकर प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य व बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। विदाई समारोह का आयोजन पुलिस कार्यालय में किया गया। एसपी राजेश कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने कार्यालय में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले निरीक्षक बलजीत सिंह, निरीक्षक राकेश चंद्र, उप निरीक्षक गंगा सागर मिश्र, उपनिरीक्षक यशवंत सिंह, मुख्य आरक्षी सियाराम पाल, फायरमैन राम मिलन, कहार दयाराम पाल को फूलों की माला पहनाकर व उपहार भेंट कर विदाई दी।

# पेज एक का शेष

## आध्यात्मिक यात्रा...

यात्रा का विषय है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उनके लिए दूसरों के गुणों की पूजा करने की तरह रहा है। मोदी ने कहा कि जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब वहां आम जन से मिलना-जुलना स्वाभाविक रूप से हो ही जाता था, लेकिन जब वह प्रधानमंत्री बने, तो वह जीवन अलग था, क्योंकि काम का स्वरूप अलग था, दायित्व अलग थे और साथ ही परिस्थितियों का बंधन व सुरक्षा का तामझाम भी था। उन्होंने कहा कि ऐसे में मैं खाली-खाली सा महसूस करता था। पचास साल पहले मैंने अपना घर इसलिए नहीं छोड़ा था कि एक दिन अपने ही देश के लोगों से संपर्क भी मुश्किल हो जाएगा। जो देशवासी मेरा सब कुछ हैं, मैं उनसे ही कटकर जी नहीं सकता था। मन की बात ने मुझे इस चुनौती का समाधान दिया। आम लोगों से जुड़ने का रास्ता दिया। इस कार्यक्रम ने मुझे कभी भी आपसे दूर नहीं होने दिया। मोदी ने कहा कि मेरे लिए मन की बात एक कार्यक्रम नहीं है, मेरे लिए यह आस्था, पूजा, व्रत है। जैसे लोग, ईश्वर की पूजा करने जाते हैं तो प्रसाद की थाल लाते हैं। मेरे लिए मन की बात ईश्वर रूपी जनता जनार्दन के चरणों में प्रसाद की थाल की तरह है। मन की बात मेरे मन की आध्यात्मिक यात्रा बन गया है।

## संयुक्त राष्ट्र...

मेक्सिको, कांगो, रूस, इराक और इंडोनेशिया सहित विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशन ने भी मन की बात की 100वीं कड़ी सुनने के लिए विशेष व्यवस्था की। गुयाना, पनामा, कोलंबिया और डोमिनिक गणराज्य की आधिकारिक यात्रा पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर भी भारतीय समुदाय समुदाय द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए। दूसरी ओर, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की महानिदेशक औद्रे ऑजुले ने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के भारतीय तरीके के बारे में जानना चाहा। ऑजुले ने कहा कि 50 से अधिक भाषाओं और बोलियों के करोड़ों श्रोताओं के साथ यह निश्चित रूप से सर्वाधिक प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में से एक है। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम को लेकर ऑजुले का एक विशेष संदेश मिलने का उल्लेख किया, जिन्होंने इसकी 100वीं कड़ी का हिस्सा बनाने का मौका देने के लिए प्रधानमंत्री का शुक्रिया अदा किया। ऑजुले ने प्रसारण में कहा कि यूनेस्को और भारत का एक लंबा साझा इतिहास है। शिक्षा, विज्ञान,संस्कृति और सूचना के क्षेत्रों में हमारी बहुत मजबूत साझेदारी है और मैं इस अवसर का उपयोग आज शिक्षा के महत्व के बारे में बात करने के लिए करना चाहती हूं।

## उप्र के...

मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण मकसद-ए-हुसैनी और इरफानिया मदरसा जैसे कई मदरसों में सुना गया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 12 कड़ियों का उर्दू में अनुवाद करवाया था और उन्हें मदरसों और इस्लामी विद्वानों में वितरित किया था।

## मन की...

रूप से सर्वाधिक प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में से एक है। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम को लेकर ऑजुले का एक विशेष संदेश मिलने का उल्लेख किया, जिन्होंने इसकी 100वीं कड़ी का हिस्सा बनाने का मौका देने के लिए प्रधानमंत्री का शुक्रिया अदा किया। ऑजुले ने प्रसारण में कहा कि यूनेस्को और भारत का एक लंबा साझा इतिहास है। शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और सूचना के क्षेत्रों में हमारी बहुत मजबूत साझेदारी है और मैं इस अवसर का उपयोग आज शिक्षा के महत्व के बारे में बात करने के लिए करना चाहती हूं। ऑजुले ने प्रधानमंत्री से सवाल किया, विश्व की सर्वाधिक आबादी वाले देश के रूप में क्या आप इस लक्ष्य को हासिल करने के भारतीय तरीके को बता सकते हैं। मोदी ने ऑजुले को संबोधित करते हुए कहा कि मैं मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी में आपसे बात करके खुश हूं। मुझे इस बात की भी खुशी है कि आपने शिक्षा और संस्कृति का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है। बात शिक्षा की हो या संस्कृति की, उसके संरक्षण की बात हो या संवर्धन की, भारत की यह प्राचीन परंपरा रही है। इस दिशा में आज देश जो काम कर रहा है, वह वाकई बहुत सराहनीय है।

## कांग्रेस का...

की बात की 100वीं कड़ी को लेकर खूब हो-हल्ला हो रहा है। लेकिन यह चीन, अडाणी, बढ़ी आर्थिक असमानता, जरूरत की चीजों की बढ़ती कीमतों, जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले, महिला पहलवानों का अपमान, किसान संगठनों से वादा खिलाफी, कर्नाटक जैसे राज्यों में तथाकथित डबल इंजन की सरकार में भ्रष्टाचार, भाजपा के साथ ठगों के करीबी संबंध जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर यह मौन की बात है। रमेश ने लिखा कि आईआईएम रोहतक ने मन की बात के प्रभाव पर मनगढ़ंत अध्ययन किया है, जबकि उसके निदेशक की शिक्षा पर शिक्षा मंत्रालय ने ही सवालिया निशान लगाए हैं। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से भी मोदी पर तंज कसा और आरोप लगाया कि वह चीन की आक्रमकता, बेरोजगारी, कीमतों में वृद्धि (महंगाई), गौतम अडाणी के कारोबार और महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं।

## प्रभावशाली नेतृत्व...

साथ एक विशेष कार्यक्रम में मासिक रेडियो कार्यक्रम की 100वीं कड़ी को सुनने के लिए शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मन की बात बदलते भारत-नए भारत की कहानी है और यह भारत और दुनिया के बीच एक संबंध है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा मुख्यालय में कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आपसी विश्वास और विकास को मजबूत करने के साथ-साथ रेडियो के माध्यम से लोगों को जोड़ता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि मन की बात वास्तव में मोदी की आध्यात्मिक यात्रा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कर्नाटक के होन्नाली में मन की बात की 100वीं कड़ी सुनी। उन्होंने कहा कि मन की बात ने राष्ट्र के कल्याण के लिए प्रेरणादायक समाधानों के साथ सामने आए लोगों की कहानियों को लोकप्रिय बनाकर समाज में एक परिवर्तनकारी बदलाव का नेतृत्व किया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में कार्यक्रम को सुना।

## कांग्रेस का...

प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांप भगवान शिव के गले की शोभा है और उनके लिए देश की जनता भगवान का रूप है एवं उन्हें उनके (भगवान के) गले में लिपटे सांप से तुलना किए जाने पर कोई परेशानी नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा, यही वजह है कि कांग्रेस और उसके शाही परिवार पर से देश का भरोसा उठ गया है। कांग्रेस की छवि हमेशा से 85 प्रतिशत कमीशन से नाता रखने वाली पार्टी की रही है। कांग्रेस के शासन के दौरान उसके एक शीर्ष नेता एवं तत्कालीन प्रधानमंत्री ने गर्व से कहा था कि अगर वह दिल्ली से एक रुपया भेजते हैं तो केवल 15 पैसा जमीन (जनता) तक पहुंचता है। कांग्रेस अपने पंजे (पार्टी के चुनाव चिह्न) का इस्तेमाल गरीबों का यह 85 पैसा छीनने में करती रही है। कोलार में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का आरोप नहीं है, बल्कि कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था। जो कांग्रेस 85 प्रतिशत कमीशन खाती हो, वह कर्नाटक का विकास नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री का यह हमला कांग्रेस के उस आरोप के बाद आया है जिसमें उसने आरोप लगाया था कि कर्नाटक की भाजपा सरकार ठेकेदारों से 40 प्रतिशत कमीशन लेती है।

## कर्नाटक में...

जिला स्थित चन्नापटना में एक चुनावी रैली में कहा, कांग्रेस और जद(एस) अस्थिरता के लिए जिम्मेदार हैं। वे दिखावे के लिए दो दल हैं, लेकिन दिल से एक हैं। वे दिल्ली में साथ-साथ रहते हैं। संसद में एक-दूसरे का साथ देते हैं। चन्नापटना सीट से 2018 के विधानसभा चुनाव में जद(एस) नेता एच डी कुमारस्वामी ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवर सी पी योगेश्वर को हराया था और फिर से इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस और जद(एस) के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए मोदी ने कहा, दोनों परिवारवादी दल हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं। दोनों दल अस्थिरता में अवसर देखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, लंबे समय से कर्नाटक ने अस्थिर सरकार का नाटक देखा है। अस्थिर सरकारें लूट-खसोट का अवसर उपलब्ध कराती हैं।

## खिलाड़ियों को...

तहत है। सिंह ने दावा किया कि पहलवान कुश्ती महासंघ पर नियंत्रण चाहते हैं और सिर्फ फोगाट परिवार इसके पीछे है। बजरंग ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि डब्ल्यूएफआई में होने के लिए प्रदेश संघ का सदस्य बनना पड़ता है। हम डब्ल्यूएफआई पर नियंत्रण नहीं चाहते। उनका बेटा उत्तर प्रदेश संघ का अध्यक्ष है और सचिव उनके बेटे का साला है। उनका दामाद भी प्रदेश संघ का सदस्य है। सिंह ने पत्रकारों से कहा कि यह पूरी साजिश कांग्रेस नेता दीपेंदर हुड्डा और पहलवान बजरंग पूनिया की है। हमारे पास एक आडियो है जो इसे साबित करता है और समय आने पर हम इसे दिल्ली पुलिस को देंगे।

## पंजाब के...

दो-दो लाख रुपए और घटना में बीमार हुए लोगों को 50-50 हजार रुपए मुआवजा का देने की घोषणा की है। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि लुधियाना में गैस रिसाव की घटना में लोगों की मौत से उन्हें गहरा दुख हुआ है और उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। मुर्मू ने एक ट्वीट किया, लुधियाना में हुए हादसे में बच्चों और महिलाओं समेत कई लोगों की मृत्यु के समाचार से मुझे अत्यंत दुख हुआ है। सभी शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा प्रभावित हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया और कहा कि एनडीआरएफ की टीम राहत कार्य में लगी हुई है।

## दिल्ली-उप्र...

बजे के बीच हल्की बारिश दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग कार्यालय ने सोमवार और मंगलवार को दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में आमतौर पर बादल छाए रहने और बहुत हल्की बारिश और गरज के साथ बौछार पड़ने का अनुमान लगाया है। साथ ही 25-35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 28 और 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस समय मध्य पाकिस्तान में पश्चिमी विभाग सक्रिय है।

## अप्रैल में...

2020 में भी अप्रैल में इतना ही तापमान दर्ज किया गया था। यह 2015 के बाद से सबसे कम (34.5 डिग्री सेल्सियस) है। अप्रैल में शहर का औसत अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाता है। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 4 अप्रैल, 2015 के बाद से इस महीने में सबसे कम था। साल 2015 में चार अप्रैल को पारा 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आईएमडी के क्षेत्रीय पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि पांच पश्चिमी विक्षोभ के कारण तापमान नियंत्रित रहा। आमतौर पर, दिल्ली में तीन से चार पश्चिमी विक्षोभ असर डालते हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण इस साल अप्रैल में दिल्ली में 20.1 मिमी बारिश हुई, जो 2017 में दर्ज 26.9 मिमी के बाद सबसे अधिक है।

## उत्तर प्रदेश...

मूल वास्तुकला में किसी भी तरह का बदलाव किए उन्हें वैवाहिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। मेश्राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा उत्तर प्रदेश, खासतौर से बुंदेलखंड की धरोहरों को संरक्षित करने के साथ ही अर्थव्यवस्था में उनका योगदान बढ़ाने की है। पर्यटन विभाग के एक उप-निदेशक ने बताया, सिर्फ राजस्थान ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों में भी कई वैवाहिक पर्यटन स्थल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मिसाल के तौर पर मध्य प्रदेश के ओरछा में किलों और महलों में खूब शादियां होती हैं। कई बार मनचाही तारीख पर बुकिंग न मिलने पर जोड़े निकटवर्ती बरुआसागर किला को भी डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए चुनते हैं।

# अमेरिका ने सूडान से अपने नागरिकों को बाहर निकाला

## पहला अभियान शुरू

**भाषा** । वाशिंगटन



**सूडान में जारी** हिंसा के बीच अपने आम नागरिकों को वहां से बाहर निकालने के लिए अमेरिका द्वारा चलाए गए अभियान के तहत सैकड़ों अमेरिकी लोग सैन्य ड्रोन की निगरानी में शनिवार को पूर्वी अफ्रीकी देश के बंदरगाह पर पहुंचे। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि भू मार्ग के जरिए लोगों को बाहर निकालने के अभियान पर सेना ने अमेरिकी मानवरहित विमान के जरिए नजर रखी और बस के काफिले में 200 से 300 अमेरिकियों को अपेक्षाकृत सुरक्षित स्थल पोर्ट सूडान पहुंचाया गया। सूडान में फंसे अमेरिकियों को बाहर निकालने के लिए अमेरिका ने शुरुआत में कोई भी अभियान चलाने से इनकार कर दिया था और उसने इसे बहुत खतरनाक बताया था, जिसके कारण वहां रह रहे अमेरिकी परिवारों ने अपने देश के प्रशासन की निंदा की थी। अमेरिकी विशेष अभियान बलों ने सूडान में अपने दूतावास और अन्य अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों को 22 अप्रैल को हवाई मार्ग के जरिए हिंसाग्रस्त देश से बाहर निकाला था, लेकिन वहां रह रहे हजारों अमेरिकी नागरिकों के लिए कोई अभियान नहीं चलाया गया था, जिनमें से कई के पास दोहरी नागरिकता है, जबकि दर्जनों अन्य देश सूडान से वायु, थल या जल मार्ग से अपने नागरिकों को बाहर निकालने के लिए निकासी अभियान चला रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बताया कि काफिले के जरिए अमेरिकी नागरिकों, अमेरिका द्वारा नियुक्त स्थानीय लोगों और सहयोगी देशों के नागरिकों को बंदरगाह लाया गया। उन्होंने कहा, हम अमेरिकी नागरिकों को फिर से सचेत करते हैं कि वे सूडान की यात्रा नहीं करें। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी नागरिक जेद्दा में डॉक पर पहुंचेंगे, जहां अमेरिकी वाणिज्यदूतावास अधिकारी उनका इंतजार कर रहे होंगे, लेकिन पोर्ट सूडान में कोई अमेरिकी कर्मचारी नहीं है।

### आपात चिकित्सा आपूर्ति लेकर सूडान पहुंचा विमान

**काहिरा**। सूडान में प्रतिद्वंद्वी जनरल समर्थक सुरक्षा बलों के बीच दो सप्ताह से अधिक समय से जारी संघर्ष में तबाह हुए अस्पतालों के लिए आठ टन आपातकालीन चिकित्सा सहायता लेकर एक विमान रविवार को देश मे उतरा। ए आपूर्ति सैकड़ो घायलो के इलाज के लिए पर्याप्त है। देश मे हिसा मे मरने वालो की संख्या 400 से अधिक हो गई है। देश की सेना और उसके अर्धसैनिक बल के बीच 15 अप्रैल को संघर्ष छिड़ गया था, जिसने सूडान को भयानक गृहयुद्ध मे धकेल दिया है। रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति ने कहा कि रविवार को चिकित्सा सहायता लेकर एक विमान ने जॉर्डन से उड़ान भरी और पोर्ट सूडान शहर में उतरा। उसने कहा कि इस आपूर्ति मे एनेस्थेटिक्स, ड्रेसिंग, टांके और अन्य सर्जिकल सामग्री शामिल है और यह चिकित्सा सामग्री संघर्ष मे घायल हुए1,000 से अधिक लोगो के इलाज के लिए पर्याप्त है। हताहतों की संख्या पर नजर रखने वाले सूडान डॉक्टर्स सिंडिकेट के मुताबिक, पिछले दो सप्ताह से अधिक समय के दौरान देश में संघर्ष में जान गंवाने वाले नागरिकों की संख्या बढ़कर 425 हो गई है, जबकि 2,091 लोग घायल हुए है। सूडानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को लड़ाको सहित मरने वालो की कुल संख्या 528 और घायलो की संख्या 4,500 बताई। जनरल अब्दुल-फत्तह बुरहान के नेतृत्व मे सूडान की सेना और जनरल मोहम्मद हमदान डागलो के नेतृत्व मे अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच सत्ता संघर्ष ने सूडान के लोकतांत्रिक देश बनने की उम्मीदो पर पानी फेर दिया है। आम सूडानी गोलीबारी मे फंस गए है। हजारो लोग भागकर चाड और मिस्र सहित पड़ोसी देशो मे चले गए है। सूडान से हजारो विदेशियो को हवाई मार्ग से और जमीनी मार्ग से निकाला गया है।

# अमेरिका : भारतीय मूल का व्यक्ति तीन किशोरों की हत्या का दोषी पाया गया

**भाषा** । न्यूयॉर्क

**अमेरिका के** कैलिफोर्निया प्रांत में एक भारतीय मूल के व्यक्ति को अपने घर के दरवाजे की घंटी बजाकर शरारत करने वाले तीन किशोरों की हत्या करने का दोषी पाया गया है। मीडिया में आई एक खबर से यह जानकारी मिली। न्यूयॉर्क पोस्ट की खबर के अनुसार, रिवरसाइड काउंटी निवासी अनुराग चंद्रा को शुक्रवार को हत्या के प्रयास के तीन आरोप और हत्या के तीन आरोपों में दोषी पाया गया। खबर में कहा गया है कि यह घटना 19 जनवरी, 2020 को हुई थी, जब किशोरों के एक समूह ने शरारत करते हुए चंद्रा के घर की घंटी बजाई थी। चंद्रा ने बताया कि घंटी बजाकर भागने से पहले एक किशोर ने उन्हें चिढ़ाया था। उसने तीनों किशोरों की गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी थी। खबर में कहा गया है कि इस घटना में 16 साल के तीनों किशोरों की मौत हो गई थी। जिस दिन यह दुर्घटना हुई उस दिन चंद्रा नशे में था। उसने कहा कि वह शरारत से बेहद परेशान था तथा दावा किया कि वह अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित था। उसने शरारत करने वाले लड़कों का पीछा किया और उनकी कार को टक्कर मारकर उसे सड़क से नीचे गिरा दिया था। चंद्रा ने यह भी बताया कि कार को पीछे से टक्कर मारने के बाद वह नहीं रुका क्योंकि उसे लगा कि कोई घायल नहीं हुआ है। खबर में कहा गया है कि इस दुर्घटना में 18 वर्षीय एक चालक सहित 13 वर्षीय दो यात्री बच गए। चंद्रा इस दुर्घटना से पहले 2020 में घरेलू हिंसा की घटना के संबंध में पहले से ही आरोपों का सामना कर रहा है।

### मिसिसिपी में गोलीबारी में दो किशोरों की मौत, चार घायल, हमलावर गिरफ्तार

**बे सेंट लुइस (अमेरिका)**। अमेरिकी राज्य मिसिसिपी में 19 वर्षीय एक युवक ने रविवार तड़के पार्टी के दौरान गोलीबारी की जिसमें दो किशोरों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कैमरन एवरेस्ट ब्रांड नामक युवक पर हत्या और गंभीर हमले का आरोप है। बे सेंट लुइस पुलिस प्रमुख टोबी श्वार्त्ज ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पुलिस ने गवाह और पीड़ित के बयानों के माध्यम से एकमात्र हमलावर के रूप में ब्रांड की पहचान की है। बे सेंट लुइस गल्फपोर्ट से 25 किलोमीटर पश्चिम में है। हैनकॉक काउंटी के कोरोनर जेफ हेयर ने बताया कि मिसिसिपी गल्फ कोस्ट में गोलीबारी में दो किशोरों की मौत हो गई। हालांकि किशोरों की पहचान जाहिर नहीं की गई। श्वार्त्ज ने कहा कि ब्रांड को पास के क्रिश्चियन इलाके में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। बे सेंट लुइस म्युनिसिपल कोर्ट के न्यायाधीश स्टीफन मैगियो ने ब्रांड को जमानत देने से इनकार कर दिया।

### मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में भारतीय मूल के गिरोह सरगना को सजा

**लंदन**। ब्रिटेन की एक अदालत ने मादक पदार्थों की तस्करी और धनशोधन के आरोपों को स्वीकार करने के बाद एक गिरोह के भारतीय मूल के सरगना को आठ साल 10 महीने की सजा सुनाई है। ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने कहा कि उसके अधिकारियों ने साबित किया है कि दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड स्थित सरे क्षेत्र का रहने वाला 45 वर्षीय राज सिंह एक संगठित अपराध समूह चलाता था। इसने कहा कि गिरोह मादक पदार्थों की तस्करी और धन योधन में लिप्त था। एनसीए के मुताबिक, सिंह मादक पदार्थों और हथियारों को खरीदने और बेचने के लिए 41 वर्षीय वकास इकबाल के साथ मिलकर काम करता था।

### अमेरिका : लॉस एंजिलिस में विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक की मौत

**लॉस एंजिलिस**। लॉस एंजिलिस के एक इलाके में शनिवार रात धुंध के बीच दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान के मलबे में एक व्यक्ति का शव मिला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस अग्निशमन विभाग ने रात 11 बजकर 20 मिनट पर अलर्ट जारी कर कहा कि जहां विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वहां एक व्यक्ति का शव मिला है। एकल इंजन वाले विमान के पायलट की पहचान नही हो पाई और माना जा रहा है कि विमान मे कोई और नही था। अग्निशमन विभाग के कर्मियों को बेवर्ली ग्लेन सर्कल में एक पहाड़ी पर विमान के मलबे का पता चला।

### ईरान की संसद ने कथित कुप्रबंधन को लेकर मंत्री को बर्खास्त किया

**तेहरान**। ईरान की संसद ने रविवार को मतदान करके देश के उद्योग मंत्री को कथित कुप्रबंधन के मामले में बर्खास्त कर दिया है। संसद ने देश मे सरकार के खिलाफ जारी व्यापक आंदोलन की पृष्ठभूमि में यह कदम उठाया है। संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर कलीबा ने बताया कि संसद में मौजूद 272 सांसदो में से 162 से मंत्री रेजा फातमी आमीन को बर्खास्त करने के पक्ष में वोट डाला। सदन में 290 सदस्य है। फातमी अमीन इससे पहले 2022 में महाभियोग से बाहर निकल आए थे। यह फैसला मंत्री से पूछताछ करने वाले सांसदो और सरकारी कर्मचारियों के बीच चर्चा के बाद लिया गया है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रियासी ने आफमह अमीन का बचाव करते हुए कहा कि मंत्री के प्रभार वाले सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। उन्होंने सांसदो से मंत्री को फिर से बहाल करने का अनुरोध किया। उन्होने कहा, मुद्दा यह है कि मंत्रालय में स्थिरता जरूरी ।

### चीन से तनाव के बीच बाइडन और मार्कोस करेंगे मुलाकात

**वाशिंगटन**। राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार को फिलीपीन के अपने समकक्ष फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर की व्हाइट हाउस में मेजबानी करेंगे। दोनों नेताओ की बैठक ऐसे समय हो रही है जब दक्षिण चीनी सागर में फिलीपीन के पोतों को चीनी नौसेना की ओर से धमकी बढ़ रही है। मार्कोस की वाशिंगटन यात्रा पिछले सप्ताह दोनों देशों के बीच हुए सबसे बड़े युद्धाभ्यास के बाद हो रही है। अमेरिका और फिलीपीन की वायुसेनाएं सोमवार को 1990 के बाद से पहली बार संयुक्त लड़ाकू प्रशिक्षण शुरू करेंगे। फिलीपीन ने इस साल अमेरिका को अपने चार सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है। वाशिंगटन रवाना होने से पहले मार्कोस ने कहा, वह अमेरिका के साथ विस्तृत क्षेत्र में संबंधों को मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्ध है, जो न केवल हमारे समय की चिंताओं का समाधान करेगा बल्कि हमारे अहम मूल हितों को भी साधेगा। गत 10 साल में मार्कोस फिलीपीन के पहले राष्ट्रपति है जो अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे।

# नेपाल के राष्ट्रपति पौडेल को एम्स से छुट्टी मिली



**भाषा** । काठमांडू

**नेपाल के** राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को सीने से जुड़ी समस्या के लिए उपचार के बाद नई दिल्ली के एक अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और वह रविवार रात काठमांडू लौट आएंगे। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। पौडेल (78) को सांस लेने में तकलीफ के बाद 19 अप्रैल को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में इलाज के लिए भारत ले जाया गया था। राष्ट्रपति कार्यालय ने यहां एक बयान में कहा, राष्ट्रपति पौडेल का उपचार सफल रहा। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद रविवार को नेपाल एयरलाइंस की नियमित उड़ान के जरिए वह काठमांडू लौटने वाले हैं। बयान में कहा गया है, एम्स में स्वास्थ्य संबंधी उनकी कई जांच और उपचार हुआ है। पौडेल के इलाज में शामिल डॉक्टरों ने उन्हें कुछ और हफ्ते आराम करने की सलाह दी है। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता सागर आचार्य द्वारा जारी बयान में कहा गया है, राष्ट्रपति के स्वास्थ्य की स्थिति में अब काफी सुधार हुआ है। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति पौडेल ने उनके इलाज में शामिल नेपाली और भारतीय स्वास्थ्य कर्मियों समेत अन्य का शुक्रिया अदा किया है। पौडेल के पारिवारिक सूत्रों ने पुष्टि की कि राष्ट्रपति रविवार को रात साढ़े आठ बजे नेपाल एयरलाइंस की नियमित उड़ान से काठमांडू के लिए उड़ान भरेंगे। स्वास्थ्य समस्याओं के बाद उन्हें 18 अप्रैल को काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था और फेफड़े में संक्रमण होने का पता चलने पर उन्हें आगे के इलाज के लिए एम्स, नई दिल्ली भेजा गया। नेपाली कांग्रेस के नेता पौडेल पिछले महीने नेपाल के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे।

# जयशंकर ने न्यूजर्सी में भारतवंशियों के साथ सुना मन की बात का 100वां संस्करण



**भाषा** ।सोमरसेट (न्यूजर्सी, अमेरिका)

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात बदलते भारत... नए भारत की कहानी है और यह भारत और दुनिया के बीच संपर्क का माध्यम है। जयशंकर ने रविवार को प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 100वें संस्करण का प्रसारण भारतवंशियों के साथ बैठकर सुना। गुयाना, पनामा, कोलंबिया और डॉमिनिक गणराज्य की अपनी आधिकारिक यात्रा की समाप्ति के बाद यहां आए जयशंकर ने रविवार की सुबह आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त बात कही। जयशंकर ने कहा, तमाम पहलुओं से मन की बात की कहानी, पिछले नौ साल की कहानी है, यह बदलते भारत की कहानी है। यह नए भारत के उभरने की कहानी है, यह भारत और दुनिया के बीच का संपर्क है... आज बदला हुआ भारत है, ज्यादा समझदार भारत है, तमाम मायनों में मैं कहूंगा कि ज्यादा प्रेरक भारत है जो दुनिया से जुड़ रहा है। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत रणधीर जायसवाल, भारतीय-अमेरिकी सीनेटर केविन थॉमस, भारतीय अमेरिकी एसेम्बली सदस्य जेनिफर राजकुमार और एडिसन के मेयर सैम जोशी सहित भारतीय समुदाय के विभिन्न लोगों ने विशेष प्रसारण को सुना। जयशंकर ने इस दौरान बताया कि कैसे मन की बात के दौरान हुई बातचीत और विचारों ने भारत के लोगों को प्रभावित और प्रेरित किया। विदेश मंत्री ने कहा, कोविड के दौरान मेरे लिए मन की बात बहुत खास था क्योंकि उस वक्त देश की जनता को साहस की जरूरत थी, जो उन्हें मन की बात से मिला।

## क्विक न्यूज

### हंगरी अपने दरवाजे दूसरों के लिए खोले : पोप

**बुडापेस्ट ( हंगरी )**। पोप फ्रांसिस ने रविवार को हंगरी से अपील की कि वह अपने दरवाजे दूसरों के लिए खोले। उन्होंने अपने सप्ताहांत दौरे के आखिरी दिन यूरोप और हंगरी से प्रवासियों और गरीबों का स्वागत करने तथा यूक्रेन में रूस युद्ध समाप्त करने की अपील की। फ्रांसिस ने हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट के कोसुथ लाजोस चौक पर आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए यह अपील की। जहां इस सभा का आयोजन किया गया था वह स्थान हंगरी की संसद के निकट है और इसके पीछे प्रसिद्ध चेन ब्रिज स्थित है। इस दौरान फ्रांसिस की तीन दिवसीय यात्राओं को दिखाया गया जिसमें प्रवासियों की दुर्दशा और पड़ोसी यूक्रेन में युद्ध के लिए वेटिकन की चिंताओं को प्रमुखता दी गई थी। स्थानीय आयोजकों के हवाले से वैटिकन ने कहा कि इस मास में करीब 50 हजार लोगों ने हिस्सा लिया, उनमें से 30 हजार से अधिक लोग चौक पर मौजूद थे। उनमें हंगरी के राष्ट्रपति केटालिन नोवाक और दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान भी शामिल थे। यूक्रेन के लिए उनके बेहद ठंडे समर्थन ने यूरोपीय संघ के अन्य सदस्यों को नाराज कर दिया है। फ्रांसिस ने यूक्रेन के शरणार्थियों के हालिया स्वागत के लिए हंगरी की सराहना की।

### आरएसपी अध्यक्ष लामिछाने ने नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड से मुलाकात की

**काठमांडू,**। राष्ट्रीय स्वतंत्रता पार्टी (आरएसपी) अध्यक्ष रवि लामिछाने ने रविवार को नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड से यहां मुलाकात की। यह मुलाकात इस मायने में अहम है कि माओवादी नेता प्रचंड पूर्व टीवी पत्रकार लामिछाने को सरकार में शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि अपनी कमजोर गठबंधन सरकार को मजबूती दे सकें। नेपाली संसद में आरएसपी चौथी सबसे बड़ी पार्टी है और हाल में प्रतिनिधि सभा की तीन सीटों पर हुए उप चुनाव में पार्टी को दो सीटों पर जीत मिली थी। आरएसपी की प्रतिनिधि सभा में सदस्यों की संख्या 22 हो गई है। पूर्व टीवी पत्रकार और आरएसपी के अध्यक्ष लामिछाने ने उपचुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को हरा कर भारी अंतर से चितवन-2 सीट से जीत दर्ज की है। माई रिपब्लिका अखबार की खबर के मुताबिक लामिछाने ने प्रचंड से प्रधानमंत्री आवास में मुलाकात की। इस मौके पर प्रचंड ने आरएसपी प्रमुख को उप चुनाव में जीत के लिए बधाई दी। अखबार ने प्रेस समन्वयक सूर्य किरण शर्मा के हवाले से बताया कि प्रधानमंत्री ने लामिछाने को चुनाव में जीत के तुरंत बाद फोन कर उन्हें बधाई थी और आज दोबारा मुलाकात के दौरान भी उन्हें बधाई दी। गौरतलब है कि आरएसपी सत्तारूढ़ गठबंधन का तीसरा बड़ा दल था जो प्रचंड द्वारा लामिछाने को उनकी नागरिकता विवाद के मद्देनजर उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री नहीं बनाए जाने पर सरकार से बाहर हो गया था।

### टेक्सास में एक व्यक्ति ने पांच पड़ोसियों की गोली मारकर हत्या की

**क्लीवलैंड ( अमेरिका )**ञअमेरिका में टेक्सास के एक व्यक्ति ने अपने पांच पड़ोसियों की गोली मारकर हत्या कर दी जिनमें आठ साल का एक लड़का भी शामिल है। प्राधिकारियों ने बताया कि यह घटना तब हुई जब पड़ोसियों ने आरोपी से उसके प्रांगण में गोलियां न चलाने के लिए कहा था क्योंकि वे लोग सोने का प्रयास कर रहे थे। संदिग्ध की पहचान 38 वर्षीय फ्रांसिस्को ओरोपेजा के रूप में की गई है और वह फरार है तथा प्राधिकारियों ने चेतावनी दी है कि उसके पास अब भी हथियार हो सकता है। यह हमला ह्यूस्टन के उत्तर में क्लीवलैंड शहर के समीप शुक्रवार रात को हुआ। घटना उस जगह हुई जहां कुछ निवासियों का कहना है कि पड़ोसियों द्वारा गोलियां चलाने की आवाज सुनना कोई असामान्य बात नहीं है। सैन जैसिंटो काउंटी के शेरिफ ग्रेग कैपर्स ने बताया कि ओरोपेजा ने एक एआर-शैली की राइफल का इस्तेमाल किया और प्राधिकारियों ने उसकी तलाश का दायरा घटनास्थल से 10 से 20 मील की दूरी तक बढ़ा दिया है। कैपर्स ने बताया कि मृतकों की आयु आठ से 31 वर्ष के बीच थी और ऐसा माना जा रहा है कि वे सभी होंडुरास से थे। उन्होंने बताया कि सभी को गर्दन से ऊपर गोली मारी गई। जिस घर में रह रहे लोगों पर गोलियां चलाई गईं, उसमें 10 लोग थे लेकिन कोई और घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि दो लोग एक शयनकक्ष में दो बच्चों के ऊपर मृत पाए गए जिससे ऐसा लगता है कि उन्होंने बच्चों को बचाने की कोशिश की होगी। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) की प्रवक्ता क्रिस्टिना गार्जा ने बताया कि मृतकों की पहचान सोनिया अर्जेंटीना गुजमैन (25), डायना वेलाजक्वेज अल्वाराडो (21), जूलिसा मोलिना रिवेरा (31), जोस जोनाथन कासारेज (18) तथा डेनियल एनरिक लासो (आठ) के रूप में की गई है।

### अल्वी ने भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों में संशोधन की मांग वाला एक और विधेयक संसद को लौटाया

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के राष्ट्रपति डॉक्टर आरिफ अल्वी ने भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों में बदलाव से संबंधित एक विधेयक रविवार को संसद को इस टिप्पणी के साथ लौटा दिया कि इसी तरह के पिछले संशोधन को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है और वह अब भी विचाराधीन है। राष्ट्रीय जवाबदेही (संशोधन) विधेयक, 2023 इस महीने की शुरुआत में संसद द्वारा पारित किया गया था और इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति अल्वी को उनके समर्थन के लिए भेजा गया था। विधेयक न केवल राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के प्रमुख को 50 करोड़ रुपए से कम के आरोपों वाले भ्रष्टाचार के मामलों को संबंधित एजेंसी, प्राधिकरण या विभाग को स्थानांतरित करने का अधिकार देता है, बल्कि लंबित पूछताछ और जांच को बंद करने का भी।

# चार्ल्स के राज्याभिषेक के लिए बनाए गए पर्दे पर होंगे राष्ट्रमंडल देशों के नाम

**भाषा** । लंदन

**लंदन में** छह मई को वेस्टमिंटर एबे में महाराजा चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक में सबसे पवित्र धार्मिक रस्म के लिए इस्तेमाल होने वाले कपड़े के पर्दे पर भारत समेत राष्ट्रमंडल के प्रत्एक सदस्य देश का नाम होगा। ब्रिटिश राजशाही के लंदन स्थित आधिकारिक आवास बकिंघम पैलेस ने यह जानकारी दी है। इस सप्ताहांत राज्याभिषेक पर्दे का अनावरण किया, जिसके बीच में एक पेड़ बना हुआ है और उसकी 56 शाखाओं पर राष्ट्रमंडल देशों के नाम हैं। पैलेस ने कहा कि यह 74 वर्षीय महाराजा के इस संगठन के लिए गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। ऐतिहासिक रूप से महाराजा और ईश्वर के बीच जुड़ाव का क्षण माने जाने वाली यह रस्म ब्रिटिश महाराजा की ताजपोशी से पहले होती है। इस परियोजना के डिजाइनर एडन हार्ट ने कहा, डिजाइन का प्रत्एक तत्व ऐतिहासिक राज्याभिषेक तथा राष्ट्रमंडल के पहलुओं के प्रतीक चिह्न के रूप में बनाया गया है, पक्षी सौहार्द्रपूर्ण तरीके से रह रहे एक समुदाय के सदस्यों के बीच खुशी और संवाद को दर्शाते हैं, फरिश्ते और कबूतर पवित्र आत्मा को दर्शाते हैं। अभिषेक समारोह के दौरान वेस्टमिंस्टर के डीन एक कलश से पवित्र तेल राज्याभिषेक के लिए बनी चम्मच में डालते हैं और कैंटरबरी के आर्कबिशप महाराजा के हाथों, सीने तथा सिर पर यह तेल लगाते हैं। अगले शनिवार को होने वाले भव्य समारोह के मद्देनजर लंदन में सेंट जेम्स पैलेस के चैपल रॉयल में इस पर्दे का अनावरण किया गया। इस पर बनी पत्तियां रॉयल स्कूल ऑफ नीडलवर्क के कर्मियों एवं छात्रों और वरशिपफुल कंपनी ऑफ बॉर्डर्स, ड्रैपर्स एंड वीवर्स के सदस्यों ने बुनी है। इस स्क्रीन को बनाने में इस्तेमाल सामग्री ब्रिटेन तथा अन्य राष्ट्रमंडल देशों से मंगाई गई। कपड़े को ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड से मंगाई ऊन से बनाया गया है।

### बिब्लिकल बुक के अंश पढ़ेंगे सुनक



**लंदन**। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक देश के हालिया परंपरा को ध्यान मे रखते हुए यहां वेस्टमिंस्टर अबे मे 6 मई को महाराज चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक समारोह मे बिब्लिकल बुक ऑफ कोलोसियन के कुछ अंश पढ़ेंगे। यह जानकारी आर्चबिशप ऑफ कैंटरबरी के कार्यालय की ओर से दी गई। सुनक ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री है और हिंदू धर्म मानते है। ऐसे मे ईसाई समारोह मे ईसाई धर्म से जुड़ी पुस्तक के अंश पढ़ना बहु-आस्था विषय को प्रतिबिंबित करेगा। कैंटरबरी के आर्चबिशप के कार्यालय लैम्बेथ पैलेस की ओर से कहा गया कि अन्य आस्था के सदस्य पहली बार एक सामूहिक प्रार्थना मे सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# एकांत से कभी-कभी प्रसन्न होता मन अशांत

## महत्व - अपने साथ समय बिताना कभी-कभी आपके लिए अच्छा हो सकता है

**भाषा** । लंदन



अकेले समय बिताना बहुत से लोगों में डर पैदा कर सकता है , जो समझ में आता है। वहीं, एकांत और अकेलेपन के पलों के बीच के अंतर को अक्सर गलत समझा जाता है। एक मनोवैज्ञानिक के रूप में, मैं एकांत का अध्ययन करता हूं - वह समय जो हम अकेले बिताते हैं, अन्य लोगों के साथ बातचीत नहीं करते। मैंने इस शोध को दस साल पहले शुरू किया था और उस समय तक, अकेले युवा लोगों के अकेले रहने के समय के निष्कर्षों में सुझाव दिया गया था कि अकेले होने पर वे अक्सर उदास अनुभव करते हैं। सोशल मीडिया, टेलीविज़न या जो संगीत हम सुनते हैं, उसमें हम आम तौर पर उत्साह, उमंग और ऊर्जा के रूप में खुशी दिखाते हैं। उस दृष्टिकोण से, एकांत को अकसर अकेलापन समझ लिया जाता है। मनोविज्ञान में, शोधकर्ता अकेलेपन को एक व्यथित भावना के रूप में परिभाषित करते हैं जिसे हम तब अनुभव करते हैं जब हमारे पास उस तरह का सामाजिक संबंध या कोई संबंध नहीं होता है जिसकी हम आशा करते हैं। एकांत इससे अलग है।जबकि लोगों की एकांत की परिभाषा अलग-अलग हो सकती है, दिलचस्प बात यह है कि बहुत से लोगों के लिए एकांत होने का मतलब यह नहीं है कि आसपास कोई नहीं है। इसके बजाय, बहुत से लोग सार्वजनिक स्थानों पर भी तन्हा हो सकते हैं और होते हैं, चाहे वह एक व्यस्त कैफे में एक कप चाय के साथ बैठना हो या किसी पार्क में किताब पढ़ना हो। और मेरा शोध बताता है कि अपने लिए कुछ समय निकालने से आपके दैनिक मूड पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।हममें से कई लोगों के पास ऐसे दिन होते हैं जब काम में परेशानी होती है, जब चीजें अपेक्षा के अनुरूप नहीं होती हैं, या जब हम किसी बात से बहुत अधिक परेशान महसूस करते हैं। मैंने पाया है कि ऐसे में अपने लिए थोड़ा समय निकालना सीखना, एकांत का क्षण, आपको इन भावनाओं से निपटने में मदद कर सकता है। लेकिन जबकि यह सच है कि अंतर्मुखी अकेले रहना पसंद कर सकते हैं, वे अकेले ऐसे लोग नहीं हैं जो एकांत से लाभ उठा सकते हैं।दुनिया भर के 18,000 से अधिक वयस्कों के एक सर्वेक्षण में, आधे से अधिक ने एकांत के हक में मतदान किया, क्योंकि वह आराम के लिए महत्वपूर्ण गतिविधियों में से एक था। इसलिए, यदि आप बहिर्मुखी हैं, तो इसे शांत करने के लिए एकांत के लिए समय निकालने से न रोकें।अपने विचारों के साथ बैठना मुश्किल हो सकता है अकेले समय बिताने के बारे में चुनौतीपूर्ण हिस्सा यह है कि यह कभी-कभी उबाऊऔर अकेला हो सकता है।बहुत से लोग पाते हैं कि अपने विचारों के साथ बैठना कठिन हो सकता है, और वे कुछ करना पसंद करते हैं। दरअसल, अपने आप को बैठने और कुछ भी न करने के लिए मजबूर करने से आपको अकेले समय कम आनंददायक लग सकता है। इसलिए आप अपने एकांत के क्षण में किसी प्रकार की गतिविधि करना पसंद कर सकते हैं।अपने अध्ययन में, मैंने प्रतिभागियों को कुछ भी नहीं करने या सैकड़ों पेंसिलों को बक्सों में छाँटने में अपना समय बिताने का विकल्प दिया।

### हम एकांत से क्या प्राप्त कर सकते हैं?

प्रयोगो की एक श्रृंखला मे, मै स्नातक छात्रो को अपने साथ चुपचाप बैठने के लिए एक कमरे मे ले आया। कुछ अध्ययनो मे, मैने छात्रो के बैग और डिवाइस ले लिए और उनसे अपने विचारो के साथ बैठने को कहाअ अन्य मौको पर, छात्र किताबो या अपने फोन के साथ कमरे मे रहे। अकेले रहने के केवल 15 मिनट के बाद, मैने पाया कि प्रतिभागियो को जो भी मजबूत भावनाएँ महसूस हो रही थी, जैसे कि चिंता या उत्तेजना, कम हो गई। मैने निष्कर्ष निकाला कि एकांत मे लोगो की उत्तेजना के स्तर को कम करने की क्षमता है, जिसका अर्थ है कि यह उन स्थितियो मे उपयोगी हो सकता है जहां हम निराश, उत्तेजित या क्रोधित महसूस करते है।बहुत से लोग यह मान सकते है कि केवल अंतर्मुखी लोग ही एकांत का आनंद उठा सकते है।

### सूडान के अराजकता में डूबने के निकटवर्ती और दूरगामी भू-राजनीतिक परिणाम निकलेंगे

**सिएटल**। सूडान के अराजकता में डूबने के निकटवर्ती और दूरगामी भू-राजनीतिक परिणाम देखने को मिलेंगे जिसमें अमेरिकी रणनीतिक लक्ष्य भी शामिल है। ऐसे में सूडान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की ओर से मध्यस्थता के लिए किए गए प्रयास ना केवल रक्तपात को रोकने की इच्छा हो सकते है, बल्कि की यह विश्व राजनीति पर युद्ध के असर को सीमित करने की चाहत भी हो सकते है। हिसा और अराजकता के बीच सूडान से राजनयिकों के भागने का मंजर स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल यूनिवर्सल फैमिली पार्टी (दल का नाम) के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय Taobungkhok, P.S Patsoi, P.O Langjing Manipur Imphal West, Pin No - 795113. (पूरा पता लिखे) में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए है:-


| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | :- नागसेपम नीलकांत सिंह |
| उपाध्यक्ष | :- हिजाम कन्हाई सिंह |
| महासचिव | :- मयंगबम रोमन सिंह |
| सचिव | :- सोरोखैबम दिनामणि सिंह |
| कोषाध्यक्ष | :- निंगथौजम बिजेन सिंह |

यदि किसी को यूनिवर्सल फैमिली पार्टी (प्रस्तावित पार्टी का नाम) के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजे।

# मालदीव को गश्ती पोत सौंपेंगे राजनाथ

## ●1 मई से तीन मई तक करेंगे यात्रा


**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षामंत्री राजनाथ** सिंह एक मई से तीन मई तक मालदीव की अपनी यात्रा के दौरान द्वीपीय देश को भारत की ओर से उपहार के तौर पर एक तेज गति की गश्ती नौका और एक लैंडिंग क्राफ्ट सौंपेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी और कहा कि सिंह की मालदीव यात्रा दोनों देशों के बीच मित्रता का मजबूत बंधन बनाने में एक "महत्वपूर्ण मील का पत्थर" साबित होगी। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रमुख समुद्री पड़ोसियों में से एक है और रक्षा एवं सुरक्षा क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंध पिछले कुछ वर्षों में और मजबूत हुए हैं। मालदीव को सैन्य प्लेटफार्म प्रदान करने का भारत का निर्णय ऐसे समय आया है जब चीन इस क्षेत्र में अपने समग्र प्रभाव का विस्तार करने के लगातार प्रयासों में जुटा हुआ है। सिंह अपनी इस यात्रा के दौरान मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह, विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद और रक्षा मंत्री मारिया दीदी से मुलाकात करेंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मैत्रीपूर्ण देशों और क्षेत्र में भागीदारों की क्षमता निर्माण को लेकर भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप, मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों को एक तेज गश्ती पोत और एक लैंडिंग क्राफ्ट उपहार में देंगे।
लैंडिंग क्राफ्ट छोटे और मध्यम समुद्री जहाज होते हैं। सिंह मालदीव में भारत की सहायता वाली विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन का जायजा भी लेंगे और भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करेंगे। मंत्रालय ने कहा, भारत और मालदीव समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद, कट्टरवाद, समुद्री डकैती, तस्करी, संगठित अपराध और प्राकृतिक आपदाओं सहित साझा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। बयान में कहा गया, भारत की पड़ोसी पहले नीति के साथ ही मालदीव की भारत पहले नीति के साथ एसएजीएआर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) की दृष्टि का उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र के भीतर क्षमताओं को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए मिलकर काम करना है। इसमें कहा गया कि मालदीव के रक्षा और विदेश मंत्रियों के साथ सिंह की बातचीत में दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। मालदीव भी भारत की पड़ोसी पहले नीति के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक है। पिछले साल अगस्त में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति सोलिह ने भारत द्वारा वित्तपोषित ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट (जीएमसीपी) शुरू किया, जिसे द्वीपीय राष्ट्र में सबसे बड़ी बुनियादी ढांचा पहल बताया गया है। परियोजना के तहत, मालदीव की राजधानी माले को निकटवर्ती द्वीपों विलिंगली, गुल्हिफाल्हू और थिलाफुशी से जोड़ने के लिए 6.74 किलोमीटर लंबा पुल और कॉजवे लिंक बनाया जाएगा।

## भाजपा की डराने वाली चाल काम नहीं करेगी: अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ जितना अधिक भयभीत करने वाली रणनीति अपनाएगी, पार्टी को 2026 के विधानसभा चुनाव में उतनी ही अधिक सीटें मिलेंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपरा में एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस अगले विधानसभा चुनाव में कम से कम 240 सीटें जीतेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार बार-बार सीबीआई और ईडी के छापे डलवाकर विपक्षी दलों को डरा रही है। तृणमूल कांग्रेस नेता ने कहा, 2011 के विधानसभा चुनावों में 184 सीटों के बाद हमें 2016 में 211 सीटें मिलीं। 2021 के चुनावों में यह बढ़कर 213 सीटों पर पहुंच गई। और ध्यान रखें, तृणमूल कांग्रेस को 2026 के चुनावों में कम से कम 240 सीट मिलेंगी।



मुंबई में गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के सीएम एक नाथ शिंदे व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फणड़वीस मन की बात कार्यक्रम में भाग लेते हुए

## गढ़चिरौली में पुलिस ने तीन नक्सलियों को मार गिराया

**गढ़चिरौली (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में रविवार को पुलिस ने मुठभेड़ में दलम कमांडर सहित तीन नक्सलियों को मार गिराया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाम करीब सात बजे केदमारा जंगल में यह मुठभेड़ हुई। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नीलोत्पल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सलियों के पेरिमिली और अहेरी दलम के सदस्य माने राजाराम और पेरिमिली सशस्त्र चौकी के बीच एक वन क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर कार्वाई करते हुए पुलिस की सी-60 बल की दो यूनिट जंगल इलाके में तलाशी अभियान के लिए भेजी गई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान नक्सलियों ने पुलिस टीम पर गोलीबारी की, जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्वाई की। उन्होंने कहा, मुठभेड़ के बाद मौके से तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए। साथ ही हथियार और अन्य सामग्री भी बरामद की गई हैं। शुरुआती जांच के अनुसार, मृतकों में से एक की पहचान पेरिमिली दलम के कमांडर बिटलू मदावी जबकि दो अन्य की पहचान पेरिमिली दलम के वासु और अहेरी दलम के श्रीकांत के रूप में हुई है। नीलोत्पल ने बताया कि मदावी इस साल नौ मार्च को छात्र साईनाथ नरोटे की हत्या का मुख्य आरोपी था। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

## असम पुलिस के 300 कर्मियों को शराब की लत की वजह से वीआरएस दी जाएगी : शर्मा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य पुलिस के करीब 300 अधिकारियों को शराब की लत की वजह से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) की पेशकश की जाएगी। शर्मा ने कहा कि इसकी प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी गई है और इनके स्थान पर नई भर्तियां की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, करीब 300 अधिकारी और जवान शराब के आदी हैं और नशे की वजह से उनके शरीर को काफी नुकसान हुआ है। सरकार के पास उनके लिए वीआरएस का प्रावधान है। राज्य के गृहविभाग का कार्यभार भी संभाल रहे शर्मा ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, इस संबंध में पुराने नियम है लेकिन हमने इसका इस्तेमाल नही किया था।

# छत्तीसगढ़ के प्रमुख आदिवासी नेता नंद कुमार साय ने भाजपा छोड़ी

## ● सहयोगियों पर षड्यंत्र रचने का लगाया आरोप

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी को रविवार को झटका लगा जब इसके वरिष्ठ आदिवासी नेता नंद कुमार साय ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। साय ने भाजपा से इस्तीफा देकर पार्टी के साथ अपना चार दशक से अधिक पुराना नाता तोड़ दिया। प्रदेश भाजपा प्रमुख अरुण साव ने घटनाक्रम की पुष्टि की और कहा कि पार्टी फिलहाल साय से संपर्क करने में असमर्थ है, लेकिन वह उनकी किसी भी गलतफहमी को दूर करने के लिए सभी प्रयास करेगी।दो बार के लोकसभा सांसद और तीन बार के विधायक साय (77) पूर्व में छत्तीसगढ़ और अविभाजित मध्य प्रदेश दोनों में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। साय ने अपने त्यागपत्र में आरोप लगाया कि उनके सहयोगी साजिश रच रहे थे और उनकी छवि खराब करने के लिए झूठे आरोप लगा रहे थे, जिससे उन्हें बहुत दुख हुआ। उन्होंने कहा, मैं भाजपा की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूं। पार्टी ने मुझे जो भी जिम्मेदारियां दी हैं, मैंने उन्हें पूरी निष्ठा के साथ निभाया। मैं इसके लिए पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की संचार शाखा के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि साय जैसे ज्ञानी, विनम्र और सहिष्णु नेतौ का पार्टी छोड़ना इस बात का संकेत है कि भाजपा आदिवासी नेताओं को अपमानित और उपेक्षित कर रही है। शुक्ला ने कहा, यदि उन्होंने पार्टी छोड़ी है तो इसका मतलब है कि भाजपा इस बहुत बड़े वर्ग (आदिवासी) की उपेक्षा कर रही है, जिसे साय बर्दाश्त नहीं कर सके।

# मेरे भाई से सीख लें जो देश के लिए गोली खाने को तैयार है

## मोदी से प्रियंका ने कहा



**भाषा।** जमखंडी

**कांग्रेस महासचिव** प्रियंका गांधी वाद्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गालियों के संबंध में टिप्पणी पर रविवार को कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस तरह की बातों को झेलने का साहस दिखाना चाहिए। प्रियंका ने प्रधानमंत्री को अपने भाई राहुल गांधी से सीख लेने की भी सलाह दी जो देश की खातिर गोली खाने को तैयार हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के जहरीले सांप वाले बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने शनिवार को कहा कि अब तक पार्टी और उसके नेताओं ने उन्हें 91 बार तरह-तरह की गालियां दी हैं। यहां बागलकोट जिले में एक जनसभा में वाद्रा ने प्रधानमंत्री के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा, कम से कम वे (91 गालियां) एक चीज में फिट बैठ रहे हैं, अगर आप उनके द्वारा मेरे परिवार को दी गई गालियों को देखें और अगर हम सूची तैयार करना शुरू कर दें तो हम एक के बाद कई किताबें प्रकाशित करा सकते हैं। उन्होंने कहा, पिछले दो-तीन दिनों से जो कुछ मैं देख रही हूं, वह अजीब है। मैं कई प्रधानमंत्रियों को देख चुकी हूं। इंदिरा जी (इंदिरा गांधी), उन्होंने इस देश के लिए गोलियां खाईं। राजीव गांधी, जिन्होंने इस देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। मैंने पी वी नरसिंह राव और मनमोहन सिंह को इस देश के लिए कड़ी मेहनत करते देखा है। लेकिन वह (मोदी) पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो आपके सामने आते हैं और रोते हैं कि उन्हें गालियां दी जा रही हैं। वह आपका दुख सुनने के बजाय यहां आकर अपने बारे में बताते हैं। मोदी पर कटाक्ष करते हुए प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यालय में किसी ने लोगों की समस्याओं के बारे में नहीं बल्कि उन लोगों के बारे में एक सूची बनाई है जिन्होंने प्रधानमंत्री को कई बार गाली दी थी।

## क्विक न्यूज

### अतीक, अमृतपाल जैसे लोग देश के लिए कैंसर, इनका तिरस्कार करो : आरएसएस नेता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने रविवार को कहा कि गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और अलगाववादी अमृतपाल सिंह जैसे लोगों का तिरस्कार किया जाना चाहिए क्योंकि वे मानवता के दुश्मन और देश के लिए कैंसर हैं। कुमार राष्ट्रीय राजधानी में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 15 अप्रैल को अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की तीन युवकों ने पुलिस हिरासत में गोली मारकर हत्या कर दी थी जबकि अलगाववादी अमृतपाल सिंह को पंजाब पुलिस ने 23 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। एमआरएम ने एक बयान में कुमार के हवाले से कहा, अतीक अहमद हो, अमृतपाल हो, कोई आतंकवादी हो या नक्सली, ए सभी मानवता के दुश्मन हैं। ए लोगों की मुस्कान छीनने वाले हैं। उन्होंने कहा, ऐसे लोगों का तिरस्कार किया जाना चाहिए और उनका समर्थन नहीं किया जाना चाहिए। इनके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। अतीक और अमृतपाल जैसे लोग देश के लिए कैंसर हैं। आरएसएस नेता ने कहा, ईद का मतलब खुशी है, लेकिन अगर इस्लाम को मानने वाले चंद लोगों की वजह से इस्लाम पर दाग लगा है तो हमें इस बात पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि इस्लाम और कुरान ने हमें कौन से रास्ते दिखाए हैं। कुमार ने लोगों से अपने-अपने धर्म का पालन करने और एक-दूसरे की आस्था का सम्मान करने का आह्वान किया।

### तीस राज्यों के राजभवन में मनाए जाएंगे महाराष्ट्र और गुजरात के स्थापना दिवस

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और गुजरात के स्थापना दिवस पर सोमवार को करीब 30 राज्यों के राजभवन कार्यक्रम आयोजित करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि विभिन्न राजभवन संबंधित राज्य में रहने वाले महाराष्ट्र और गुजराती मूल के लोगों की मेजबानी करेंगे। इस दौरान पश्चिमी भारत के इन दोनों राज्यों की संस्कृति की झलक और व्यंजन पेश किए जाएंगे। दोनों राज्यों से जुड़े पारंपरिक परिधान इन कार्यक्रमों की एक विशेषता होगी। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, असम और उत्तराखंड समेत विभिन्न राज्यों के राजभवन में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि इसी तरह का समारोह अन्य राज्यों के स्थापना दिवस पर भी आयोजित किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि बीस राज्यों और सभी आठ केंद्र शासित प्रदेशों ने अब तक अपने संबंधित राजभवन और राज निवास में सोमवार को महाराष्ट्र और गुजरात राज्य दिवस मनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नियमित रूप से अपनी एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल के तहत हर राज्य की विरासत और परंपराओं को प्रकट करने पर जोर दिया है।

### बिहार के गैर-वन क्षेत्रों में महुआ और खैर के पेड़ों की संख्या में कमी चिंता का विषय

**पटना।** बिहार के गैर-वन क्षेत्रों में महुआ और खैर के पेड़ों की संख्या में गिरावट राज्य सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक, महुआ और खैर के पेड़ों की आर्थिक अहमियत भी है और पिछले दस वर्षों में बिहार में गैर-वन क्षेत्रों में इनकी संख्या में 25 से 30 प्रतिशत तक की कमी आई है। बिहार राज्य जैव विविधता बोर्ड (बीएसबीबी) के सचिव के गणेश कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि राज्य के वन क्षेत्रों में महुआ और खैर के पेड़ बहुतायत में हैं, लेकिन पिछले दस वर्षों में हमने गैर-वन क्षेत्रों में इन दोनों पेड़ों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की है। कुमार के अनुसार, राज्य में गैर-वन क्षेत्रों में महुआ और खैर के पेड़ों की संख्या में लगभग 25 से 30 फीसदी की गिरावट आई है। यह गंभीर चिंता का विषय है। पेड़ वन पारिस्थितिकी तंत्र के मुख्य घटकों में से एक हैं। हम गैर-वन क्षेत्रों में उनका संरक्षण और वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के उपाय कर रहे हैं।

# नीतीश ने लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल से किया किनारा

**भाषा।** पटना



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने गृह जिला नालंदा से 2024 में लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावनाओं के संबंध में पूछे गए सवालों को रविवार को बड़े ही आसानी से टाल गए। जद (यू) नेता नीतीश इस सीट से सांसद और 2005 में लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद वह बिहार के मुख्यमंत्री बने। नीतीश की पार्टी, हालांकि, सीट को बरकरार रखने में सक्षम रही है। मौजूदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, जो लगातार तीसरी बार अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं, ने शनिवार को कहा था कि अगर उनके गुरु मैदान में उतरना चाहते हैं तो वह सीट छोड़ने को तैयार हैं। सांसद के बयान को लेकर पत्रकारों द्वारा सवाल किए जाने पर नीतीश ने टालते हुए कहा, छोड़िए ना। आप चिंता क्यों करते हैं? संयोग से, पिछले साल अगस्त में नीतीश के भाजपा छोड़ने के तुरंत बाद, ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह उत्तर प्रदेश से सटे फूलपुर से चुनाव लड़ सकते हैं। इस लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कभी जवाहर लाल नेहरू किया करते थे और यहां के मतदाताओं में बड़ी आबादी कुर्मी जाति की है। लोकसभा चुनाव, 2024 में विपक्ष को एकजुट करके पूर्व सहयोगी भाजपा को हराने की बात करने वाले जद (यू) नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी के प्रसारण पर टिप्पणी करने से हिचकते दिखे। पिछले साल नीतीश के राजग से बाहर होने के परिणामस्वरूप बिहार में सत्ता गंवाने वाली भाजपा नीतीश की राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव जैसे कद्दावर विपक्षी नेताओं के साथ मुलाकात करने से भड़की हुई है और उसने स्पष्ट रूप से दावा किया है कि 2024 में प्रधानमंत्री पद के लिए कोई रिक्ति नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी नीत सरकार में महत्वपूर्ण विभागों का प्रभार संभालने वाले नीतीश 2024 में प्रधानमंत्री पद के लिए उनकी उम्मीदवारी के अटकलों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि उनकी ऐसी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है।

# तीन महीने बाद भी ओडिशा के मंत्री की हत्या के उद्देश्य को लेकर रहस्य बरकरार


**भाषा।** भुवनेश्वर

**ओडिशा के** मंत्री नब किशोर दास की हत्या के तीन महीने बाद भी इसके पीछे के मकसद को लेकर रहस्य बना हुआ है। विपक्षी दल हत्या के मकसद का पता नहीं लगा पाने के कारण मामले की जांच कर रही पुलिस की अपराध शाखा की कार्यकुशलता पर सवाल उठा रहे हैं। दास की हत्या 29 जनवरी, 2023 को की गई थी, जिसके तुरंत बाद मुख्य और एकमात्र आरोपी सहायक पुलिस उप-निरीक्षक गोपाल दास को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी को बाद में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। झारसुगुड़ा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस, दोनों ने इस मुद्दे को उठाया। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दास इसी क्षेत्र से विधायक थे। दास की बेटी दीपाली उपचुनाव में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) की उम्मीदवार हैं। उनका मुकाबला भाजपा के टंकधर त्रिपाठी और कांग्रेस के तरुण पांडेय से है। भाजपा ने दावा किया कि जांच कछुए की गति से आगे बढ़ रही है। पार्टी ने जांच एजेंसी पर यह साबित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी गोपाल दास मानसिक रूप से अस्थिर है। भाजपा प्रवक्ता मनोज महापात्र ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि झारसुगुड़ा के लोगों के मन में अपने निर्वाचित प्रतिनिधि की हत्या के पीछे की मंशा को लेकर कई सवाल हैं। उन्होंने कहा, लेकिन बीजद उम्मीदवार (दास की बेटी) ने अपराध शाखा द्वारा की जा रही जांच की प्रगति पर अभी तक सवाल नहीं उठाया है। महापात्र ने घटना की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की मांग की।

# संघ परिवार के एजेंडे का प्रचार कर रही है फिल्म द केरल स्टोरी : विजयन

## ●भाजपा ने केरल के मुख्यमंत्री पर किया पलटवार

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम



**केरल के** मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने द केरल स्टोरी फिल्म के निर्माताओं पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि वे फिल्म के जरिए लव जिहाद का मुद्दा उठाकर राज्य को धार्मिक अतिवाद के केंद्र के रूप में पेश करने संबंधी संघ परिवार के एजेंडे का प्रचार कर रहे हैं। विजयन ने कहा कि लव जिहाद जैसे विषय को अदालतें, जांच एजेंसियां और यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्रालय भी खारिज कर चुका है। उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म का ट्रेलर पहली नजर में ऐसा प्रतीत होता है कि मानो इसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पैदा करने और राज्य के खिलाफ नफरत फैलाने के कथित उद्देश्य से जानबूझकर निर्मित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच एजेंसियों, अदालतों और केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से लव जिहाद के मुद्दे को खारिज किए जाने के बावजूद दुनिया के सामने केरल को अपमानित करने के लिए फिल्म के जरिए प्रमुख रूप से इस मुद्दे को उठाया जा रहा है। विजयन ने एक बयान में कहा कि इस तरह की प्रचार फिल्मों और उनमें दिखाए गए मुसलमानों के अलगाव को केरल में राजनीतिक लाभ हासिल करने के संघ परिवार के प्रयासों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उन्होंने संघ परिवार पर सांप्रदायिकता का जहरीला बीज बो कर राज्य में धार्मिक सद्भाव को नष्ट करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया।इस बीच, भाजपा ने सवाल किया कि केरल में धार्मिक आतंकवाद के मजबूत होने के दावों की व्याख्या राज्य के खिलाफ नफरत फैलाने के रूप में कैसे की जा सकती है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने मुख्यमंत्री के बयान के खिलाफ एक फेसबुक पोस्ट में दावा किया कि कथित तौर पर वामपंथी पार्टी के करीबी एवं राज्य के पूर्व पुलिस प्रमुख लोकनाथ बेहरा ने कहा था कि केरल में आतंकवादी ताकतों की मजबूत उपस्थिति है। इससे पहले दिन में, विजयन ने आरोप लगाया कि चूंकि संघ परिवार की बंटवारे की राजनीति केरल में काम नहीं कर रही थी, जैसा कि उसने अन्य जगहों पर किया, वह इसे फर्जी कहानियों पर आधारित एक फिल्म के जरिए फैलाने की कोशिश कर रहा है। यह फिल्म किसी भी तथ्य या साक्ष्यों पर आधारित नहीं है। विजयन ने कहा, फिल्म के ट्रेलर में हमने देखा कि केरल में 32,000 महिलाओं का धर्मांतरण किया गया और उन्हें इस्लामिक स्टेट का सदस्य बनाया गया। यह फर्जी कहानी संघ परिवार की झूठ की फैक्ट्री का उत्पाद है। उन्होंने कहा कि राज्य में संप्रदायवाद फैलाने और विभाजन पैदा करने के लिए सिनेमा के इस्तेमाल का औचित्य अभिव्यक्ति की आजादी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, यह झूठ और सांप्रदायिकता फैलाने और राज्य में लोगों को बांटने का लाइसेंस नहीं है। विजयन ने मलयाली लोगों से ऐसी फिल्मों को अस्वीकार करने और झूठे प्रचार के माध्यम से समाज में सांप्रदायिक अशांति फैलाने के प्रयासों के खिलाफ सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्होंने असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ कानूनी कार्वाई की चेतावनी भी दी। कुछ दिन पहले, राज्य में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और विपक्षी दल कांग्रेस ने विवादास्पद फिल्म द केरल स्टोरी पर निशाना साधते हुए कहा था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार समाज में जहर उगलने का लाइसेंस नहीं है और यह फिल्म राज्य के सांप्रदायिक सद्भाव को नष्ट करने का एक प्रयास है। कांग्रेस ने सरकार से विवादास्पद फिल्म के प्रदर्शन की अनुमति नहीं देने का आग्रह किया क्योंकि इसका उद्देश्य झूठे दावों के माध्यम से समाज में सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना है। सत्तारूढ़ माकपा की युवा शाखा डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) ने भी फिल्म की जमकर तीखी आलोचना की और कहा कि इसका ट्रेलर ही धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है और संगठन ने इसके खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की। द केरल स्टोरी का निर्देशन सुदीप्तो सेन ने किया है। इसकी पटकथा भी सुदीप्तो ने ही लिखी है। यह फिल्म पांच मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में दर्शाया गया है कि किस तरह से केरल की लगभग 32 हजार महिलाओं का कथित रूप से धर्मांतरण किया गया, उन्हें कट्टरपंथी बनाया गया और फिर उन्हें भारत तथा दुनिया में आतंकवादी मिशन को अंजाम देने के लिए तैनात किया गया।


कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को सम्मानित करते लोग

# किंग्स की जंग में पंजाब ने चेन्नई को किया चित

● **किंग्स इलेव ने सुपरकिंग्स को 4 विकेट से हराया**

भाषा। चेन्नई

**प्रभसिमरन** सिंह (24 गेंद में 42) और लियाम लिविंगस्टोन (24 गेंद में 40) की आक्रामक पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 के रोमांचक मुकाबले में रविवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स को चार विकेट से शिकस्त दी। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 200 रन बनाए लेकिन पंजाब ने आखिरी गेंद तक चले मुकाबले में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पंजाब की नौ मैचों में यह पांचवीं जीत है जबकि चेन्नई के लिए इतने ही मैचों में यह चौथी हार है। प्रभसिमरन और लिविंगस्टोन के अलावा सैम कुरेन (20 गेंद में 29 रन), कप्तान शिखर धवन (15 गेंद में 28) और जितेश शर्मा (10 गेंद में 21) ने भी तेज तर्रार उपयोगी पारियां खेली। चेन्नई के लिए तुषार देशपांडे ने तीन विकेट लिए लेकिन उन्होंने चार ओवर में 49 रन लुटा दिए। रविन्द्र जडेजा ने दो जबकि मथीशा पथिराना ने एक विकेट चटकाया। चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए शानदार लय में चल रहे सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे की 92 रन की आक्रामक खेली। कॉनवे ने अपनी 52 गेंद की पारी में 16 चौके और एक छक्का लगाने के अलावा पहले विकेट के लिए रुतुराज गायकवाड़ (31 गेंद में 37 रन) के साथ 86 और दूसरे विकेट के लिए शिवम दुबे (17 गेंद में 28 रन) के साथ 46 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। आखिरी ओवर की पहली गेंद पर जडेजा (नौ गेंद में 12 रन) के आउट होने पर दर्शकों ने शोर मचाकर महेंद्र सिंह धोनी का मैदान में स्वागत किया और चेन्नई के इस चहेते सितारे ने आखिरी दो गेंदों पर लगातार छक्के लगाकर प्रशंसकों को खुश करने के साथ टीम के स्कोर को 200 रन तक पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए धवन और प्रभसिमरन ने 26 गेंद में 50 रन की साझेदारी कर पंजाब को तेज शुरुआत दिलाई। देशपांडे ने पांचवें




ओवर में चौका खाने के बाद धवन को कैच आउट कराया। पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 62 रन था। प्रभसिमरन ने आठवें ओवर में मोईन अली के खिलाफ अपना दूसरा छक्का लगाया लेकिन अगले ओवर में रविंद्र जडेजा की फिरकी में फंस गए और महेंद्र सिंह धोनी ने स्टंप करने में कोई गलती नहीं की। अथर्व तायडे (17 गेंद में 13 रन) 11वें ओवर में गेंद जडेजा के हाथ में ही मार बैठे। चेन्नई के गेंदबाज लिविंगस्टोन और सैम कुरेन को 11वें से 15वें ओवर तक खामोश रखने में कामयाब रहे। लेकिन लिविंगस्टोन ने 16वें ओवर में देशपांडे के खिलाफ तीन छक्के लगा कर गेंद और जरूरी रन के अंतर को कम किया। वह हालांकि चौथी गेंद पर एक और बड़े शॉट की कोशिश में गायकवाड़ के हाथों लपके गए। अगले ओवर में जडेजा के खिलाफ जितेश शर्मा और कुरेन ने छक्के जड़ मैच का रुख पंजाब की ओर मोड़ दिया। पथिराना ने 18वें ओवर में कुरेन को बोल्ड किया। अगले ओवर में स्थानापन्न खिलाड़ी शेख रशीद ने बाउंड्री के पास जितेश का शानदार कैच लपका। आखिरी ओवर में टीम को जीत के लिए नौ रन की जरूरत थी और पथिराना ने शानदार गेंदबाजी कर शुरुआती तीन गेंद में सिर्फ दो रन दिए। सिकंदर रजा (सात गेंद में नाबाद 13) ने हालांकि इसके बाद लगातार गेंदों पर दो, दो और तीन रन दौड़े कर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले गायकवाड़ और कॉनवे ने अर्शदीप सिंह (37 रन पर एक विकेट) और कागिसो रबाडा के खिलाफ शुरुआती तीन ओवरों में छह चौके जड़ चेन्नई सुपरकिंग्स को शानदार शुरुआत दिलाई। गायकवाड़ ने पांचवें ओवर में राहुल चाहर (35 रन पर एक विकेट) के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ा।

### स्कोरबोर्ड

चेन्नई सुपरकिंग्स पारीः गायकवाड़ नाबाद 92,दुबे का शाहरुख बो अर्शदीप 28, अली स्टं. जितेश बो चाहर 10,जडेजा का लिविंगस्टोन बो कुरेन 12,धोनी नाबाद 13,अतिरिक्तः (लेग बाईः 01 ,वाइडः 07) 08,कुल योगः (20 ओवर में चार विकेट पर) 200 रन,विकेट पतनः1-86, 2-130, 3-158, 4-185,गेंदबाजीःअर्शदीप 4-0-37-1,रबाडा 4-0-34-0,कुरेन 4-0-46-1, चाहर 4-0-35-1,रजा 3-0-31-1, लिविंगस्टोन 1-0-16-0

पंजाब किंग्स पारीः प्रभसिमरन स्टं. धोनी बो जडेजा 42,धवन का पथिराना बो देशपांडे 28,तायडे का एवं बो जडेजा 13,लिविंगस्टोन का गायकवाड़ बो तुषार 40, कुरेन बो पथिराना 29,शर्मा का (स्थानापन्न शेख राशीद) बो तुषार 21,खान नाबाद 02, रजा नाबाद 13 ,अतिरिक्तः (लेग बाईः 07, वाइडः 06) 13,कुल योगः (20 ओवर में छह विकेट पर) 201 रन,विकेट पतनः1-50, 2-81, 3-

### आईपीएल-16 स्टेडियम से

## हमने बीच के कुछ ओवरों में मैच गंवा दियाः धोनी



**चेन्नई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 के करीबी मैच में रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट की शिकस्त के बाद कहा कि लक्ष्य का बचाव करने के दौरान बीच के दो ओवर में अधिक रन लुटाना उनकी टीम को भारी पड़ा। धोनी ने मैच के बाद आईपीएल प्रसारकों से कहा, बीच के ओवरो मे हमने दो खराब ओवर डाले। गेंदबाजो को पता होना चाहिए कि कहा गेंदबाजी करनी है। यह साफ था कि अब बल्लेबाज बड़े शॉट लगाने की कोशिश करेंगे। धोनी की कहा कि उनके गेंदबाजो को कम अनुभव है और बल्लेबाजो को इसकी पूर्ति करनी होगी। हम अपने बल्लेबाजी के दौरान 10-15 रन ज्यादा बना सकते थे। हमारे गेंदबाज अभी युवा है। उन्हे अभी थोड़ा और अनुभव चाहिए। उन्होने दबाव मे शानदार गेंदबाजी करने के लिए महीश पथिराना की तारीफ करते हुए कहा, उसने ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन इसके अलावा हमें यह देखने की जरूरत है कि क्या हमारी योजना गलत थी या उसका क्रियान्वयन खराब था।

## कोई मलाल नहीं, खिलाड़ियों को रिटेन नहीं करने को लेकर सही फैसला कियाः मैसूर

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक वैंकी मैसूर ने रविवार को कहा कि उनकी टीम को उन खिलाड़ियों को गंवाने का मलाल नही है जो अब अन्य फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे है और उन्होने उपलब्ध सूचना के आधार पर फैसला किया। केकेआर ने शुभमन गिल को रिटेन नही किया था जिसके बाद गुजरात टाइटंस ने इस भारतीय सलामी बल्लेबाज को अपने साथ जोड़ा और उन्होंने पिछले सत्र में टीम को पदार्पण करते हुए खिताब दिलाने मे अहम भूमिका निभाई।

## टीम की बल्लेबाजी से संतुष्ट, हर मैच में सभी खिलाड़ी नहीं चल सकतेः बदानी

**नई दिल्ली।** मयंक अग्रवाल, राहुल त्रिपाठी और हैरी ब्रूक जैसे बल्लेबाजो के योगदान के बिना भी सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में यहां बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स को नौ रन से शिकस्त दी। टीम के मुख्य बल्लेबाजो के विफल रहने के बावजूद सनराइजर्स के बल्लेबाजी कोच हेमंग बदानी अपने बल्लेबाजो के प्रदर्शन से संतुष्ट दिखे। मयंक, राहुल और ब्रूक के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के बारे में पूछे जाने पर बदानी ने शनिवार को कहा, यह लय हासिल करने और गेंद और बल्ले का सही संपर्क होने के बारे में है। मेरा मानना है कि एक मैच में बेहतर पारी से इसे हासिल किया जा सकता है। उन्होंने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि हैरी विश्व क्रिकेट के सबसे बड़े नामो मे से एक होगा। मयंक कई वर्षों से आईपीएल मे है। उन्होने पंजाब किंग्स का नेतृत्व किया है। इस टूर्नामेंट मे उनका कद बड़ा है। यह समय की बात है और वह बड़ी पारी के करीब है।

## हार के लिए भारतीय बल्लेबाजों को दोष देना सही नहींः मार्श

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला मिशेल मार्श ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करने में विफल रहने के बाद टीम की हार का दोष अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजो को देना ठीक नही है। इस साझेदारी के टूटने के बाद दिल्ली के बल्लेबाज लय बनाने में नाकाम रहे और मैच नौ रन से गंवा दिया। उन्होंने मैच के बाद कहा, हमें अपने सभी खिलाड़ियों पर बहुत विश्वास है। हमारी टीम में कुछ अनुभवहीन खिलाड़ी हैं, लेकिन हमें उन पर भरोसा रखना होगा, आपको उन खिलाड़ियों को वहां परखना होगा। मुझे नही लगता कि हम आज उनके कारण हारे।

## मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियो और कोचिंग सदस्यों ने रोहित की कप्तानी की तारीफ की



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर 10 साल पूरे करने पर पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने रविवार को रोहित शर्मा की सराहना की रोहित को 24 अप्रैल 2013 को कप्तानी की बागडोर सौपी गई थी। उनके नेतृत्व में टीम 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में चैम्पियन बनी। राजस्थान रॉयल्स के साथ मैच की पूर्व संध्या पर, टीम और कोचिंग सदस्यों ने कप्तान के तौर पर 10 साल के रोहित के योगदान के बारे मे बात की। टीम के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा, उसने कप्तान के तौर पर काफी सुधार किया है। उसका नेतृत्व कौशल अच्छा हुआ है। कोच से पहले लंबे समय तक खिलाड़ी के तौर पर मुंबई की टीम से जुड़े रहे पोलार्ड ने कहा, उन्हें 2013 सत्र के बीच मे कप्तानी की जिम्मेदारी दी गई थी। वह उस समय काफी युवा थे।

# यशस्वी का शतक बेकार, राजस्थान की हार

● **मुंबई इंडियंस की 6 विकेट से जीत**



भाषा। मुंबई

**मुंबई इंडियंस** ने आईपीएल के रोमांचक मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से हराया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल के पहले शतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ सात विकेट पर 212 रन बनाए। जायसवाल ने 62 गेंद में 16 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 124 रन की पारी खेली। वहीं मुंबई के खिलाफ इस सत्र में किसी टीम ने तीसरी बार 200 से अधिक रन बनाए हैं। जायसवाल के इस सत्र में 400 से अधिक रन हो गए हैं और उन्होंने इस सत्र का सर्वोच्च स्कोर भी बनाया। उन्हें रिले मेरेडिथ को खासी नसीहत देते हुए आठ चौके और एक छक्का जड़ा। मेरेडिथ ने चार ओवर में 51 रन दे डाले। राजस्थान के बाकी बल्लेबाज हालांकि टिककर नहीं खेल सके लेकिन जायसवाल ने रनगति को बनाए रखा। उन्होंने जोस बटलर (18) के साथ पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। बटलर ने आठवीं गेंद पर खाता खोला जबकि जायसवाल ने शुरूआती ओवरों में कैमरन ग्रीन और जोफ्रा आर्चर को छक्के जड़े। उन्होंने मेरेडिथ के एक ओवर में चार चौके लगाकर रॉयल्स को पांच ओवर में 50 रन के पार पहुंचाया। पावरप्ले के बाद राजस्थान का स्कोर बिना किसी नुकसान के 65 रन था। बेल्जियम में कोहनी के आपरेशन के बाद लौटे आर्चर ने शुरूआत में करीब 150 की रफ्तार से गेंद डाली। पहले स्पैल में हालांकि उन्होंने दो ओवर में 21 रन दे डाले। स्पिनर पीयूष चावला ने पहले ओवर में प्रभावी गेंदबाजी की और दूसरे ओवर में बटलर का विकेट लिया। राजस्थान के कप्तान संजू सैमन 14 रन बनाकर अरशद खान का शिकार हुए। अरशद ने तीन ओवर में 39 रन देकर तीन विकेट लिए। जायसवाल ने 11वें ओवर में चावला को चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। चावला ने देवदत्त पडिक्कल के रूप में दूसरा विकेट लिया। मैच शुरू होने से पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के 1000वें मैच के उपलक्ष्य में दोनों कप्तानों रोहित शर्मा और संजू सैमसन को स्मृति चिन्ह दिए।

### स्कोरबोर्ड

**राजस्थान रॉयल्स पारी** : जायसवाल का और बो अरशद 124, बटलर का रमनदीप बो चावला 18,सैमसन का वर्मा बो अरशद 14,पडिक्कल बो चावला 2,होल्डर का डेविड बो आर्चर 11,हेटमाएर का यादव बो अरशद 8,जुरेल का वर्मा बो मेरेडिथ 2, अश्विन नाबाद 8, बोल्ट नाबाद 0, **अतिरिक्त** : 25 रन, कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 212 रन, **विकेट पतन** :1-72, 2 -95, 3-103, 4 -143, 5- 159, 6-168, 7 . 205, **गेंदबाजी** : ग्रीन 3-0-31- 0,आर्चर 4-0-35 -1, मेरेडिथ 4 -0-51 -1, चावला 4- 0 -34- 2, कार्तिकेय 2 - 0-14 -0, अरशद 3 -0-39-3

**मुंबई इंडियंस पारी** : शर्मा बो संदीप 3,किशन का बोल्ट बो अश्विन 28,ग्रीन का बोल्ट बो अश्विन 44, यादव का संदीप बो बोल्ट 55,वर्मा नाबाद 29, डेविड नाबाद 45, **अतिरिक्त** : 10 रन, कुल योग : 19.3 ओवर में चार विकेट पर 214 रन, **विकेट पतन** :1-14, 2-76, 3-101, 4-152, **गेंदबाजी** : , बोल्ट 4 - 0-43-1, संदीप 4-0-35-1, अश्विन 4-0-27-2, चहल 3 -0-32-0,होल्डर 3.3-0-55-0, सेन . 0- 20- 0

## कश्यप ने वेटरंस राष्ट्रीय टेटे में स्वर्ण पदक जीता

**जालंधर।** असम के अनिल कश्यप ने रविवार को यहां भारतीय रिजर्व बैंक के सुधीर केसरवानी को हराकर 29वी राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस चैपियनशिप मे 40 वर्ष से अधिक वर्ग का पुरुष एकल खिताब जीता। कश्यप ने केसरवानी को सीधे गेम मे 11-6, 11-4, 11-8 से हराया। पचास वर्ष से अधिक वर्ग के पुरुष एकल फाइनल मे महाराष्ट्र के मनीष रावत को बेहद करीबी मुकाबले मे मलय कुमार ठक्कर ने 11-8, 9-11, 11-7, 7-11, 13-11 से शिकस्त दी।

## उरावा ने हिलाल से ड्रॉ खेला

**रियाद।** उरावा रेड्स ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एशियाई चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल के पहले चरण मे अल हिलाल को 1-1 से बराबरी पर रोका। किंग फहद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम मे पहले हाफ मे चार बार के चैंपियन अल हिलाल ने दबदबा बनाया और सलेम अल दावसारी के गोल की बदौलत बढ़त बनाई। जापान के क्लब ने हालांकि शिंजो कोरेकी के दूसरे हाफ मे दागे गोल की बदौलत बराबरी हासिल कर ली।

## पाकिस्तान की जीत

**रावलपिंडी।** फखर जमां के लगातार दूसरे शतक की मदद से पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे न्यूजीलैड के खिलाफ सात विकेट की आसान जीत दर्ज की। पहले एकदिवसीय मे 117 रन की पारी खेलने वाले फखर ने दूसरे एकदिवसीय मे 144 गेंद मे 180 रन बनाए जिससे पाकिस्तान की टीम इस प्रारूप मे अपने दूसरे सर्वश्रेष्ठ लक्ष्य को हासिल करने मे सफल रही।

## मैड्रिड ने अल्मेरिया को हराया

**बार्सीलोना।** करीम बेनजेमा की पहले हाफ मे बनाई हैट्रिक की मदद से रीयाल मैड्रिड ने शनिवार को यहां स्पेनिश लीग मे अल्मेरिया को 4-2 से हरा दिया। अल्मेरिया के खिलाफ इस जीत के साथ मैड्रिड की टीम दूसरे स्थान पर बनी हुई है। बार्सीलोना ने इस बीच नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रीयाल बेटिस को 4-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर 11 अंक की बढ़त बरकरार रखी है।

## बुंदेसलीगा में चैंपियन्स लीग क्वालीफिकेशन की दौड़ तेज

बर्लिन। यूनियन बर्लिन ने बायर लीवरकुसेन के साथ गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि बुंदेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट मे फ्राइबर्ग और लेपजिग ने जीत दर्ज की जिससे चैपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ तेज हो गई। फ्राइबर्ग ने जापान के मिडफील्डर रित्सु डोएन के गोल की बदौलत कोलोन को 1-0 से हराया।

## अदिति तीसरे दौर के बाद पांचवें स्थान पर

लॉस एंजिलिस। भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर मे निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एलए चैपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त पांचवे स्थान पर खिसक गई। पहले दो दौर मे 66 और 70 के स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रही अदिति ने तीसरे दौर मे एक ओवर 72 का स्कोर बनाया। भारतीय खिलाड़ी का कुल स्कोर पांच अंडर है और वह शीर्ष पर चल रही चेएनी नाइट से चार शॉट पीछे है।

## रोमा और मिलान ने ड्रॉ खेला

**मिलान।** रोमा और एसी मिलान ने इंजरी टाइम मे गोल दागते हुए शनिवार को यहां सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से दोनो टीम के बीच चैपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ रोमांचक हो गई है। ट्रैमी अब्राहम ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट मे जब गोल दागा तो उन्हे लगा होगा कि उन्होने रोमा की जीत सुनिश्चित कर दी है लेकिन तीन मिनट बाद एलेक्सिस सेलेमेकर्स ने एसी मिलान को बराबरी दिला दी। मिलान और रोमा दोनो के 32 मैच मैच मे समान 57 अंक है।

# घर में पिछले हार से उबरना चाहेगी लखनऊ

● **मुकाबला आज**

● **सुपरजायंट्स पर आरसीबी को मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद**



**लखनऊ।** पिछले एक हफ्ते से चल रहे सुहावने मौसम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सोमवार को यहां लखनऊसुपर जाइंट्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में अपने मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल की मौजूदगी में आरसीबी के शीर्ष क्रम ने अब तक आठ मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन मध्यक्रम टीम का कमजोर पक्ष साबित हुआ है। कोहली, डुप्लेसिस और मैक्सवेल से प्रत्एक मैच में टीम को जिताने की उम्मीद नहीं की जा सकती और समय आ गया है कि महिपाल लोमरोर, शाहबाज अहमद और दिनेश कार्तिक जैसे बल्लेबाज भी प्रभावी प्रदर्शन करें। आरसीबी के क्षेत्ररक्षण में भी सुधार की गुंजाइश है और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हार के बाद कोहली भी इस ओर इशारा कर चुके हैं। डुप्लेसिस के पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं करने तक पूर्व भारतीय कप्तान कोहली टीम की अगुआई करते रहेंगे। आरसीबी की टीम डुप्लेसिस का इस्तेमाल इंपेक्ट प्लेयर के रूप में कर रही है। आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी की है और उन्हें अन्य तेज गेंदबाजों से समर्थन की जरूरत है। हर्षल पटेल को मुश्किल समय के दौरान गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी जा रही है लेकिन उन्हें 9.94 के अपने इकोनॉमी रेट में सुधार करना होगा। दूसरी तरफ लखनऊ की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़ी जीत के बाद इस मुकाबले में उतरेगी। पंजाब के खिलाफ बल्लेबाजी प्रदर्शन दर्शाता है कि जब काइल मायर्स, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन जैसे बल्लेबाज लय में हों तो कोई भी स्कोर हासिल किया जा सकता है। कप्तान लोकेश राहुल हालांकि दबाव में हैं और लखनऊ के घरेलू मैदान पर छाप छोड़ना चाहेंगे। लखनऊ की पिच ने हालांकि निराश किया है और यह घरेलू टीम के मजबूत पक्षों के अनुसार नहीं है। मोहाली में बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर सुपर जाइंट्स के बल्लेबाजों ने ढेरों रन बटोरे लेकिन यहां धीमी पिच पर उन्हें जूझना पड़ रहा है।

## मैराज और गनीमत ने शॉटगन विश्व कप में मिश्रित टीम स्कीट में स्वर्ण जीता

भाषा। काहिरा

**अनुभवी** निशानेबाज मैराज अहमद खान और युवा गनीमत सेखों ने यहां आईएसएसएफ विश्व कप में स्कीट मिश्रित टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता खोला। दोनों ने मैक्सिको के लुई राउल गालार्डो ओलिवरोस और गैब्रियला रौड्रिगेज को 6-0 से हराया। इटली को कांस्य पदक मिला। मैराज का आईएसएसएफ विश्व कप में यह पांचवां पदक है। उन्होंने 30 टीमों के क्वालीफिकेशन दौर में 75 में से 74 अंक बनाए। भारतीय जोड़ी ने मिलकर 150 में से 143 स्कोर किया और शूटआफ में मैक्सिको को 4 . 3 से हराकर शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंचे। निर्णायक दौर में मैराज ने 2 . 0 की बढत दिलाई। दूसरी सीरिज में भी उन्होंने परफेक्ट 4 स्कोर किया। आखिरी सीरिज में मैराज के दो निशाने चूके और गनीमत का एक चूका। मैक्सिको की जोड़ी के चारों निशाने चूक गए।

# सात्विक -चिराग एशियाई चैंपियन

भाषा। दुबई




सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 58 साल का इंतजार खत्म करते हुए एशियाई बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भारत को पुरूष युगल में स्वर्ण पदक दिलाया। विश्व चैम्पियनशिप 2022 कांस्य पदक विजेता जोड़ी ने पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए मलेशिया के ओंग यू सिन और तियो ई यि को 16– 21, 21– 17, 21– 19 से हराया। इससे पहले इस चैम्पियनशिप में भारत के लिए स्वर्ण सिर्फ दिनेश खन्ना ने जीता था जब उन्होंने 1965 में लखनऊ में थाईलैंड के सांगोब रत्तनुसोर्न को पुरूष एकल फाइनल में हराया था। इससे पहले इस चैम्पियनशिप में भारतीय पुरूष युगल टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कांस्य पदक रहा है जो 1971 में दीपू घोष और रमन घोष ने जीता था। बासेल में स्विस ओपन सुपर 300 खिताब जीतने वाले सात्विक और चिराग ने पहला गेम गंवाने के बावजूद जुझारूपन नहीं छोड़ा और दूसरे गेम में 7–13 से तथा तीसरे गेम में 11– 15 से पिछड़ने के बाद वापसी की। इस जोड़ी का यह सत्र का दूसरा खिताब है। उन्होंने पिछले साल राष्ट्रमंडल खेल और बीडब्ल्यूएफ टूर पर पांच कैरियर खिताब जीते थे। चिराग ने कहा , मैं सातवें आसमान पर हूं। मैने और सात्विक ने इस पदक के लिए काफी मेहनत की थी। मुझे खुशी है कि हमने खिताब जीता। मैं सभी को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने हमारी हौसलाअफजाई की। पहली बार यह टूर्नामेंट जीतकर अच्छा लग रहा है। मुझे यकीन है कि भविष्य में और खिताब जीतेंगे। भारत का परचम लहराने के लिए मेहनत करते रहेंगे। अमलापुरम के 22 वर्ष के सात्विक और मुंबई के 25 वर्ष के चिराग ने बेहद आक्रामक खेल दिखाया। पहला गेम बराबरी का था जिसमें मलेशियाई जोड़ी भारी पड़ी। दूसरे गेम में भी मलेशियाई जोड़ी ने बढत बना ली थी। 8 . 13 से पिछड़ने के बाद भारतीय जोड़ी ने वापसी की। तियो की गलती पर सात्विक ने बैकहैंड पर जबर्दस्त स्मैश लगाकर मैच का रूख

### प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बने सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बधार्द दी है। मोदी ने ट्वीट किया , सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर गर्व है जो बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप मे खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी। उन्हे बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

## विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों की नजरे बेहतर प्रदर्शन पर

**ताशकंद।** भारतीय मुक्केबाज सोमवार से यहां शुरू हो रही पुरुषों की विश्व चैंपियनशिप के लिए जब रिंग में उतरेंगे तो उनकी कोशिश पिछले सत्र में हासिल किए गए एक कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करने की होगी। इस प्रतियोगिता से ओलंपिक का कोई कोटा नहीं मिलेगा लेकिन मुक्केबाज सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले विश्व चैंपियनशिप में कड़ी चुनौती का सामना करेंगे। इससे एशियाई खेलों की उनकी तैयारी बेहतर होगी जो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा है। ओलंपिक में पुरुषों के लिए संशोधित भार वर्ग 13 से घटाकर सात कर दिए गए हैं। इसमें 51 किग्रा, 57 किग्रा, 63.5 किग्रा, 71 किग्रा, 80 किग्रा, 92 किग्रा, 92 से अधिक किग्रा का भार वर्ग शामिल है।

# दिलकश टाइगर्स ने शीर्ष पर, ओवरऑल विजेता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पूर्वोत्तर रेलव लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वावधान में आयोजित डिविजनल चैंपियंस लीग के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की खेल स्पर्धाएं आयोजित की गई। मंडल में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल करते हुए तीन टीमें बनाई गई थीं। इसमें दिलकश टाइगर्स, जिसके मेंटर स्वयं मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार थे, बलवान पैंथर्स,जिसके मेंटर अपर मंडल रेल प्रबंधक शिशिर सोमवंशी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक संजय यादव तथा तीसरी टीम ज़ोरदार लेपर्ड्स, जिसके मेंटर मुख्य परियोजना प्रबंधक राघवेन्द्र कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा अमरेंद्र कुमार थे। इन तीनों टीमों को खिलाड़ियों के ऑक्शन पद्धति द्वारा चयनित किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने क्रीड़ा संघ के सचिव तथा



सपोर्ट स्टाफकी सराहना करते हुए इस सफल आयोजन की बधाई दी।

### लखनऊ पब्लिक स्कूल के बाक्सर चमके



**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल गोमतीनगर ने क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय एवं लखनऊ जिला एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय लखनऊ जिला स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 63 अंक के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप जीत ली।चौक स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में सब जूनियर ग्रुप के सर्वश्रेष्ठ बॉक्सर सेंट थॉमस स्कूल के आदित्य सैनी, यूथ ग्रुप के सर्वश्रेष्ठ बॉक्सर चैंपियंस बॉक्सिंग अकादमी के सुधांशु पाल और उदयीमान खिलाड़ी केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सारांश वर्मा चुने गए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव आनन्देश्वर पाण्डेय ने खिलाड़ियों को हाथ मिलवा कर फाइनल मुकाबले की शुरुआत करवाई और चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## ताइक्वांडो नेशनल इंस्ट्रक्टर, रेफरी एवं ब्लैक बेल्ट सेमिनार संपन्न

**लखनऊ।** ताइक्वांडो अकादमी ऑफइण्डिया के तत्वावधान में ताइक्वांडो जिम्नेजियम हॉल लालबाग लखनऊ में आयोजित नेशनल इंस्ट्रक्टर कोर्सए नेशनल रेफरी कोर्स और ब्लैक बेल्ट परीक्षा सेमिनार का समापन ग्रैंड मास्टर जिम्मी आर जगतियानी के दिशा निर्देशन में सफलतापूर्वक हो गया। सेमिनार का समापन रविवार को मुख्य अतिथि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने किया जिन्होंने सेमिनार में उत्तीर्ण खिलाड़ियों को अपने कर कमलों से प्रमाणपत्र प्रदान किए। उन्होंने साथ में कहा कि सेमिनार में भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ी आने वाले समय मे अपने प्रदर्शन से प्रदेश और देश का नाम पूरी दुनिया मे रोशन करेंगे। आयोजन सचिव पीटर जगतियानी ने बताया कि 60 खिलाड़ियों ने रेफरी टेस्ट उत्तीर्ण किया जिसमें 11 खिलाड़ी मालविका सिंह, श्वेता सिंह, सारांश बख्शी, घनश्याम शर्मा , प्राची यादव,ओमकार, शिवा शर्मा, ऋषि कुमार ,सुरेश कुमार नायक ,ओडिशा रविश विश्वकर्मा पंजाब वीरेंद्र सिंह आगामी 9 से 11 जून 2023 तक लखनऊ में होने वाली 40वीं नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका निभाएंगे।



## नागल ने रोम एटीपी चैलेंजर का खिताब जीता

भाषा। रोम

**भारत के** शीर्ष टेनिस स्टार सुमित नागल ने एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता के फाइनल में रविवार को यहां उच्च रैंकिंग वाले नीदरलैंड के जेस्पर डी जोंग पर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। वह इसके साथ ही यूरोपीय क्ले कोर्ट पर एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए। पच्चीस साल के नागल (विश्व रैंकिंग 347) ने रैंकिंग में खुद से 100 से अधिक स्थान ऊपर काबिज डी जोंग (विश्व रैंकिंग 234) को 6–3 6–2 से हराकर अपना तीसरा एटीपी चैलेंजर खिताब जीता। उन्होंने अपना पिछला खिताब 2019 में ब्यूनस आयर्स में जीता था। नागल ने अपने अभियान के दौरान क्वालीफायर मुकाबलों में सफलता के बाद मुख्य दौर के पहले मुकाबले में फ्रांसेस्को मेस्ट्रेली (एटीपी रैंक 172) को शिकस्त दी।